धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, शनिवार
05.04.2025

* * नगर संस्करण
पेज : 12

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ


khabarmantra.net | चैत्र, शुक्ल पक्ष, अष्टमी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 | वर्ष : 12 | अंक : 260

## मां का आठवां स्वरूप : महागौरी



**श्वेते वृषे समारूढा श्वेतांबरधरा शुचिः।**
**महागौरी शुभं दद्यान्महादेव प्रमोददा॥**

मां दुर्गा की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। मां महागौरी शांति और समृद्धि की प्रतीक हैं। इनका रंग गोरा और स्वरूप शांत है। इस दिन कन्या पूजन भी किया जाता है। नाम से प्रकट है कि इनका रूप पूर्णतः गौर वर्ण है। इनकी उपमा शंख, चंद्र और कुंद के फूल से दी गयी है। अष्टवर्षा भवेद् गौरी यानी इनकी आयु आठ वर्ष की मानी गयी है। इनके सभी आभूषण और वस्त्र श्वेत हैं। इसीलिए उन्हें श्वेतांबरधरा कहा गया है। इनका वाहन वृषभ है इसीलिए वृषारूढ़ा भी कहा गया है। इनकी पूरी मुद्रा बहुत शांत है। पति रूप में शिव को प्राप्त करने के लिए महागौरी ने कठोर तपस्या की थी।



24 जुलाई 1937 से 4 अप्रैल 2025

## खामोश हो गया भारत की बात सुनानेवाला...

**नहीं रहे मनोज कुमार**
**आज मुंबई में हागी अंत्येष्टि**

**मुंबई।** फिल्म जगत के सर्वोच्च पुरस्कार दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड से अलंकृत भारत की बात सुनानेवाले दिग्गज फिल्म अभिनेता, निर्माता और निर्देशक मनोज कुमार का निधन हो गया। देशभक्ति फिल्मों के माध्यम से दर्शकों के दिलों में उन्होंने अलग ही जगह बनायी थी। उन्हें भारत कुमार के नाम से भी संबोधित किया जाता था। उन्होंने शुक्रवार सुबह मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनका जन्म 24 जुलाई 1937 को ऐबटाबाद पाकिस्तान में हुआ था। परिजनों के अनुसार उनका अंतिम संस्कार शनिवार को दोपहर 12 बजे विलेपार्ले श्मशान भूमि में किया जायेगा। मनोज कुमार के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम मोदी, झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन समेत फिल्म जगत ने शोक जताया है।

**शास्त्रीजी के कहने पर बनायी थी उपकार :** मनोज कुमार ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के कहने पर एक फिल्म बनायी थी, जिसका नाम उपकार था। इसे दर्शकों ने खूब पसंद किया। दुख की बात यह है कि इस फिल्म को पूर्व पीएम देख नहीं पाये थे। खास बात यह है कि दिग्गज अभिनेता की फिल्मों में उनका नाम मनोज कुमार ही रहता था। मनोज को उनकी फिल्मों के लिए 7 फिल्मफेयर पुरस्कार मिले थे।

(शेष पेज 11 पर)

### आयुष्मान घोटाला मामले में झारखंड में 17 ठिकानों पर इडी का छापा

# इडी टीम के पहुंचते ही पूर्व स्वास्थ्य मंत्री के पीएस ओमप्रकाश फरार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची, जमशेदपुर।** आयुष्मान भारत योजना घोटाले से जुड़े मामले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने झारखंड के रांची, जमशेदपुर समेत अलग-अलग इलाकों में 17 ठिकानों समेत कुल 21 जगह पर शुक्रवार को तलाशी अभियान चलाया। इडी ने पश्चिम बंगाल में दो स्थान, यूपी में एक जगह और दिल्ली में भी छापेमारी की। जमशेदपुर में झारखंड के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना के निजी सचिव ओमप्रकाश सिंह उर्फ गुड्डू के आवास पर छापेमारी हुई। सुरक्षा को देख जमशेदपुर में मानगो डिमना रोड स्थित ओमप्रकाश सिंह के आवास को छावनी मे तब्दील कर दिया गया था। सुबह करीब सात बजे ही टीम पूर्व स्वास्थ्य मंत्री के निजी सचिव के आवास पर पहुंची, पर वह छापेमारी से पहले घर से बाहर निकल गये। ईडी अधिकारियों के साथ संपर्क होने के बाद उसने अपना मोबाइल फोन बंद कर लिया। ओमप्रकाश पर घोटाले में शामिल लोगों के साथ करीबी संपर्क रखने का आरोप है। जांच एजेंसी बन्ना गुप्ता के निजी सचिव के इस घोटाले की एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में देख रही है। सूत्रों ने बताया कि छापेमारी में कुल 20 लाख कैश और निवेश से संबंधित कई दस्तावेज जब्त किये गये हैं।

(शेष पेज 11 पर)

### रांची के अशोकनगर, पीपी कंपाउंड, एदलहातू, बरियातू, लालपुर और चिरौंदी में तलाशी



**रांची में यहां-यहां रेड :** राजधानी रांची में इडी के अधिकारियों ने अशोक नगर, पीपी कंपाउंड, एदलहातू, बरियातू, लालपुर और चिरौंदी में छापामारी की। इस दौरान जांच टीम ने कई सरकारी अधिकारियों के आवासों को भी खंगाला। इसमें झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी (झसास) के एडिशनल एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर अभिषेक श्रीवास्तव, सीनियर कंसल्टेंट वैभव राय के आलावा सेफवे टीपीए और इंश्योरेंस कंपनी के कर्मियों के ठिकाने शामिल हैं। इडी ने पूर्व एडिशनल डायरेक्टर को नियुक्तियों को आसान बनाने और अवैध लेनदेन को बढ़ावा देने में शामिल पाया है। प्रारंभिक जांच में इडी ने आयुष्मान से इलाज के फर्जी दावों का भुगतान कराने में सीनियर कंसल्टेंट वैभव राय की संलिप्तता पायी है।

## पट खुलते ही मां के दर्शन को उमड़े भक्त



राजधानी रांची में चैत्र नवरात्र की धूम है। कई जगह मां की विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। शुक्रवार की शाम पंडालों के पट भक्तों के दर्शन के लिए खोल दिये गये। पट खुलते ही मातारानी के दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

## राममय हो रहा झारखंड, सुरक्षा कड़ी

**रांची।** रामनवमी को लेकर पूरा झारखंड रम के रंग में रंगता नजर आ रहा है। सभी जिलों की सड़कें और गलियां राम-हुमान के पताखों से पट गयीं हैं। रामनवमी शोभा यात्रा को देखते हुए राजधानी रांची समेत सभी जिलों में पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है। राजधानी में डीआईजी सह रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर रामनवमी शोभायात्रा के सभी रूट का ड्रोन सर्विलांस शुरू कर दी गयी है। ड्रोन की सहायता से हर घर के छठ की तलाशी ली जा रही है। गिरिडीह और हजारीबाग जैसे शहरों में रामनवमी के पूर्व ही कई जगह सांप्रदायिक तनाव उत्पन्न हुए। ऐसे मामलों को देखते हुए रांची पुलिस रामनवमी से पूर्व ही पूरी तरह से सतर्क है। रामनवमी को लेकर सुरक्षा की तमाम तरह की तैयारी तो की ही जा रही है उससे पहले रामनवमी जुलूस के सभी रूट पर ड्रोन तैनात कर दिया गया है। इसके साथ ही इलाके के एक-एक घर का फुटेज इकट्ठा किया जा रहा है।

# विकास के एजेंडे पर काम कर रही है सरकार : हेमंत

### धर्म के नाम पर लोगों को गुमराह कर रहा विपक्ष

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि वे (विपक्षी दल) केवल धर्म के नाम पर राजनीति कर जनता को गुमराह कर रहे हैं। वहीं झारखंड की हमारी अबुआ सरकार राज्य में विकास को प्राथमिकता दे रही है। सीएम श्री सोरेन शुक्रवार को हजारीबाग के 46वें स्थापना दिवस पर झामुमो की ओर से आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। भव्य समारोह का आयोजन कर झामुमो संगठन ने अपनी ताकत का प्रदर्शन किया।

**सरकार आपके द्वार शीघ्र :** सीएम ने कहा कि जल्द ही सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शुरू फिर शुरू होगी। अधिकारी गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याओं का समाधान करेंगे। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। झामुमो ने यह आयोजन न केवल पार्टी के लिए एक उत्सव था, बल्कि आने वाले चुनावों के लिए अपनी राजनीतिक ऊर्जा दिखाने का भी मंच बना। भारी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने यह संदेश दिया कि झामुमो उत्तरी छोटानागपुर में अपनी जड़ें मजबूत कर चुका है।

(शेष पेज 11 पर)



### विकास कार्य चरम पर

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड आज विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है और राज्य का नाम देश ही नहीं, विदेशों में भी हो रहा है। उन्होंने लोगों से सामाजिक सौहार्द बनाये रखने और त्योहारों को भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। मौके पर विभिन्न राजनीतिक दलों से आये नेताओं और कार्यकर्ताओं ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। सीएम ने उन्हें अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया।

## न्यूज डायरी

### दो वाहनों की टक्कर में तीन युवकों की मौत

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार की रात एनएच 98 पर सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गयी। युवक हेलमेट नहीं पहने थे। दो की मौत घटनास्थल पर ही, जबकि एक ने मेदिनीनगर के एमआरएमसीएच में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान श्याम परहिया, उपेंद्र परहिया और संतन परहिया के रूप में हुई।

### झारखंड में पहला एयर शो 19 और 20 को

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री से शुक्रवार को उनके कार्यालय में भारतीय वायुसेना के एक दल ने मुलाकात की। इस दौरान रांची में होने जा रहे पहले एयर शो पर विस्तृत चर्चा हुई। झारखंड राज्य में होने वाला यह भारतीय वायुसेना का पहला एयर शो होगा। सूर्यकिरण टीम 19 और 20 अप्रैल को रांची में प्रस्तावित खोजा टोली आर्मी ग्राउंड में एयर शो का प्रदर्शन करेगी।

### विपक्ष ने स्पीकर की टी पार्टी का किया बहिष्कार

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने शुक्रवार को घोषणा की कि संसद के बजट सेशन के समापन पर सभी विपक्षी नेताओं ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के पारंपरिक टी पार्टी का बहिष्कार करने का फैसला किया है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 83,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 98,000 रु./प्रति किलो |




# नामकुम के दारोगा को घूस लेते एसीबी ने दबोचा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने शुक्रवार को नामकुम थाना के दारोगा चंद्रदीप प्रसाद को घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है। एक केस को मैनेज करने के नाम पर दरोगा 30 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया है। इससे पहले कोतवाली थाने के एक सब इंस्पेक्टर को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

जानकारी के अनुसार आरोपी एक केस मैनेज करने के नाम पर लगातार एक लाख रुपए की डिमांड कर रहा था। एसीबी की प्रेस रिलीज में बताया गया है कि आशीष यादव नाम के व्यक्ति ने ब्यूरो में शिकायत की थी। उनका कहना था कि उनकी एक लड़की के साथ सगाई हुई थी, लेकिन किसी कारणवश सगाई टूट गयी। इस दौरान पंचों के माध्यम से सभी सामान का आदान-प्रदान हो गया था। पूर्व में मामले को लेकर नामकुम थाने में लड़की के परिजनों के द्वारा भी नामकुम थाने में कांड संख्या 262/24 दर्ज करवाया गया था।

### घंटों बिजली नहीं काटने के हाईकोर्ट के आदेश पर रोक

# सरकार को मिली रामनवमी में बिजली काटने की अनुमति

- जेबीवीएनएल से सुप्रीम कोर्ट ने मांगा अंडरटेकिंग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की बेंच ने जुलूस के दौरान घंटों बिजली नहीं काटने के हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि सरकार बिजली काट सकती है, लेकिन इस दौरान कुछ जरुरी बातों को ध्यान में रखना होगा। कोर्ट ने कहा है कि जुलूस के मद्देनजर कम समय के लिए बिजली काटी जाए। साथ ही अस्पताल समेत दूसरी जरुरी सेवा वाली संस्थाओं में बिजली आपूर्ति प्रभावित ना हो। सुप्रीम कोर्ट ने इस बाबत झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) के एमडी से अंडरटेकिंग भी मांगा है। इस मामले की अगली सुनवाई 8 अप्रैल को होगी। यह जानकारी झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर जल्द सुनवाई का आग्रह किया था।



(शेष पेज 11 पर)

# झारखंड में मिला यूरेनियम का बड़ा भंडार, मजबूत होगी अर्थव्यवस्था

**एजेंसी**


**नयी दिल्ली।** भारत ने पिछले पांच साल में 93,000 टन से अधिक यूरेनियम संसाधनों की पहचान की है। इनमें आंध्र प्रदेश और झारखंड में सर्वाधिक भंडार है। भारत में बड़ी मात्रा में यूरेनियम पाये जाने से बिजली उत्पादन वृद्धि होगी और अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। यूरेनियम ऊर्जा का अथाह भंडार होता है। इसका इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि एक मुर्गी के अंडे के बराबर का यूरेनियम 88 टन कोयले जितनी बिजली पैदा कर सकता है। राज्यसभा में केंद्रीय परमाणु ऊर्जा राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने बताया कि भारत ने पिछले पांच वर्षों में 93,000 टन से अधिक इन-सीटू यूरेनियम संसाधनों की पहचान की है, जिसमें आंध्र प्रदेश और झारखंड में हुई प्रमुख खोज शामिल है। यूरेनियम के भंडार क्षेत्र में आंध्र प्रदेश 60,659 टन के साथ सबसे आगे है। झारखंड 27,156 टन के साथ दूसरे स्थान पर है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बताया कि देश में यूरेनियम की कुछ मौजूदा इकाइयों की क्षमता विस्तार, खानों और संयंत्रों के निर्माण सहित 13 परियोजनाओं को शुरू करने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दी गयी है।

### वक्फ संशोधन बिल पास होने पर बोले पीएम मोदी

# अन्याय और भ्रष्टाचार के युग का अंत

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** संसद के दोनों सदनों से पारित वक्फ संशोधन विधेयक महत्वपूर्ण क्षण बताते हुए पीएम मोदी ने कहा कि अन्याय और भ्रष्टाचार के युग का अंत हो गया। अब हम ऐसे युग में प्रवेश करेंगे, जहां ढांचा अधिक आधुनिक और सामाजिक न्याय के प्रति संवेदनशील होगा। व्यापक रूप से हम प्रत्येक नागरिक की गरिमा को प्राथमिकता देने को प्रतिबद्ध हैं। इसी तरह हम एक मजबूत, अधिक समावेशी और अधिक दयालु भारत का निर्माण भी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि नये कानून से हाशिये पर पड़े लोगों को मदद मिलेगी, जिन्हें आवाज व अवसर दोनों से वंचित रखा गया था।



पीएमने सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट शेयर कर लिखा, वक्फ संशोधन विधेयक का पारित होना सामाजिक-आर्थिक न्याय, पारदर्शिता और समावेशी विकास के लिए हमारी सामूहिक खोज में एक महत्वपूर्ण क्षण है। उन्होंने विधेयक को मजबूत बनाने में योगदान देने वाले सभी सांसदों के प्रति आभार जताया। कहा कि नव संशोधित वक्फ विधेयक लोगों के अधिकारों की रक्षा करेगा तथा इसमें पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी से मुस्लिम महिलाओं और पसमांदा मुसलमानों के हितों को नुकसान पहुंचा है।

### कांग्रेस सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी

कांग्रेस ने वक्फ संशोधन विधेयक 2025 की संवैधानिकता को चुनौती देने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख करने की घोषणा की है। पार्टी नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा कि पार्टी जल्द ही सुप्रीम कोर्ट में विधेयक को चुनौती देगी। यह कदम कांग्रेस द्वारा अदालत में कई कानूनों को चुनौती देने के प्रयासों का हिस्सा है, जिसमें नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) 2019, सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम 2005 में संशोधन और चुनाव संचालन नियम (2024) में संशोधन शामिल हैं। पार्टी पूजा स्थल अधिनियम 1991 को बनाये रखने के लिए अदालत में भी हस्तक्षेप कर रही है।

**शीर्ष कोर्ट में पहली याचिका दायर :** संसद से पारित वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ कांग्रेस के सांसद मो जावेद ने सुप्रीम कोर्ट में पहली याचिका दायर कर दी है। जिसमें कहा गया है कि मौजूदा याचिका वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 25, 26, 29 और 300 ए के तहत निहित अधिकारों का उल्लंघन करता है। गौरतलब है कि जावेद वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के सदस्य भी थे। याचिका में कहा गया है कि यह अधिनियम मुस्लिम समुदाय के साथ भेदभाव करता है।




## राज्य की कृषि मंत्री सह कांग्रेस नेत्री ने वक्फ संशोधन विधेयक पर केंद्र सरकार को घेरा, भाजपा ने जतायी कड़ी आपत्ति

# वक्फ एक्ट में संशोधन कर अल्पसंख्यकों की जमीन हड़पना चाहती है भाजपा : शिल्पी नेहा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** लोकसभा और राज्यसभा से वक्फ बोर्ड कानून में संशोधन विधेयक पास हो जाने के बाद से कांग्रेस केंद्र सरकार के खिलाफ मुखर है। शुक्रवार को रांची स्थित कांग्रेस भवन में झारखंड सरकार में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बलमुचू और कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने प्रेस कांफ्रेंस कर भाजपा पर वक्फ कानून में संशोधन मामले में भ्रम फैलाने और गलत नैरेटिव सेट करने की बात कही है। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि भारत में 27% अल्पसंख्यक हैं। वक्फ कानून में संशोधन कर वह न सिर्फ मुसलमानों के हक और अधिकार छीन रही है बल्कि सभी अल्पसंख्यकों की जमीन छीनने का प्रयास शुरू हुआ है। वक्फ कानून में संशोधन से इसकी जरूर शुरूआत की गयी है, पर यह प्रयास सभी अल्पसंख्यकों की जमीन को हड़पने की है।



**रघुवर सरकार में लैंड बैंक के नाम पर आदिवासियों की जमीन भी कर ली गयी थी चिंहित** : कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि वक्फ कानून में संशोधन प्रस्ताव पर सदन में चर्चा के दौरान केंद्रीय मंत्री में कहा कि संशोधन से आदिवासियों की जमीन बची रहेगी, जबकि हकीकत यह है कि रघुवर दास के राज में भूमि बैंक के नाम पर आदिवासियों की मसना-सरना तक की जमीन ले ली गयी और 201 से अधिक एमओयू कर अपने उद्योगपति मित्रों को देने की योजना बना ली गयी थी।

**सीएनटी-एसपीटी से ही हमारी जमीन प्रोटेक्टेड है : बलमुचू**

पूर्व राज्यसभा सांसद और प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप बलमुचू ने कहा कि एक ओर रघुवर दास कहते हैं कि कांग्रेस और झामुमो मुस्लिम तुष्टिकरण करती है और दूसरी ओर संसद में इनके मंत्री कहते हैं कि हम मुस्लिम आबादी को मजबूत कर रहे हैं। यह तो विरोधाभास बात है। उन्होंने कहा कि वक्फ कानून में बदलाव से शेड्यूल एरिया की जमीन सुरक्षित हो जाने की बात गलत है। हमारी जमीन सीएनटी और एसपीटी कानून से सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि हकीकत यह है कि भाजपा के लोगों ने ही आदिवासियों की जमीन हड़पी है। भाजपा का आदिवासी प्रेम धोखा है। जबकि हकीकत यह है कि एक समुदाय विशेष की जमीन लेकर उसे कमजोर करना चाहती है।

**बिहार चुनाव में मुस्लिम महिलाओं के लिए 12-15 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चत करे बीजेपी**

कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि भाजपा ने देश के लोगों के सामने सिर्फ झूठ परोसा है, भाजपा के लोग कहते हैं कि इस बिल के माध्यम से मुसलमानों का उत्थान करना चाहती है, लेकिन सच यह है कि केंद्र की सरकार और भाजपा इस बिल के माध्यम से यह साबित करना चाहती है कि यह देश अल्पसंख्यकों का नहीं है। शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि वह दिखाना चाहते हैं कि अगर कोई भाजपा के साथ नहीं रहेगा तो उसे देश छोड़ देना होगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा के लोग कहते हैं कि यह बिल मुस्लिम महिलाओं के हित में है पर हकीकत ये है कि भाजपा के पास कोई भी महिला मुस्लिम विधायक या और सांसद नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा मुसलमान महिलाओं की इतनी ही कद्र करती है तो आसन्न बिहार विधानसभा चुनाव में मुस्लिम महिलाओं के लिए कम से कम 12-15 प्रतिशत सीट आरक्षित करें।

**झारखंड में लंबे दिनों तक शासन करनेवाली भाजपा आदिवासियों के हित में नहीं किया काम : बंधु तिर्की**

पूर्व शिक्षा मंत्री सह झारखंड कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि अगर भाजपा आदिवासियों की हितैषी है तो वह बताए कि भाजपा शासित प्रदेशों में जनजातीय लोगों की जमीन संरक्षण के कानून को हल्का क्यों किया जा रहा है। बंधु तिर्की ने कहा कि राज्य में सबसे अधिक दिनों तक राज भाजपा ने किया है, वह बताये कि उन्होंने आदिवासियों के हितों के लिए क्या-क्या किया है? बंधु तिर्की ने कहा कि रघुवर दास के हाथी उड़ाने का कार्यक्रम भी पांचवी अनुसूची के खिलाफ था। मौके पर विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी, राकेश सिन्हा, प्रवक्ता सोनाल शांति और जगदीश साहू उपस्थित थे।

# अल्पसंख्यकों व आदिवासियों को गुमराह ना करे कांग्रेस : भाजपा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

- मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने भाजपा पर अल्पसंख्यकों और आदिवासियों के अधिकारों का हनन करने का लगाया है आरोप



**रांची।** भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की द्वारा दिये गये बयान पर गहरी आपत्ति जतायी है। उन्होंने कहा कि मंत्री का बयान तथ्यों से परे है। दरअसल, मंत्री ने भाजपा पर अल्पसंख्यकों एवं आदिवासियों के अधिकारों के हनन का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी समाज में अनावश्यक भय और भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आदिवासी समुदाय के हितों की बात कर रही है जो हास्यपद है। कांग्रेस तो एक आदिवासी बेटी के राष्ट्रपति बनने के खिलाफ थी। कांग्रेस के कारण झारखंड में पेसा कानून अभी तक लागू नहीं किया गया। कांग्रेस पार्टी सरना धर्म कोड की बात करती है जबकि केंद्र की मनमोहन सिंह सरकार ने इसके खिलाफ निर्णय लिया था। उन्होंने कहा कि सीरम टोली स्थित सरना स्थल की समस्याओं का समाधान भी कांग्रेस से नहीं हो पा रहा है।

उन्होंने कांग्रेस से सवाल किया कि जब 1994, 1995 और 2013 मे कांग्रेस द्वारा 3 बार वक़्फ बोर्ड का संशोधन किया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार चाहती है की वक्फ बोर्ड संसोधन के द्वारा भूखंड भू-माफियाओं के चंगुल से मुक्त हो और गरीब मुसलमानों के हित में इस्तेमाल हो। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को गरीब मुसलमानों की चिंता करनी चाहिये।

उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक सच्चर कमेटी की अनुशंसा पर लाया गया है। इस विधेयक से किसी भी धार्मिक संस्था की स्वतंत्रता में कोई हस्तक्षेप नहीं होगा। किसी के अधिकार छीनने की बात तो भूल ही जाइये। कई राज्यों में वक्फ बोर्ड की संपत्तियों पर अवैध कब्जे और लूट-खसोट की घटनायें सामने आयी हैं। भाजपा सरकार इस लूट को रोकना चाहती है। इस संशोधन के तहत सरकार वक्फ बोर्ड की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाने और भ्रष्टाचार खत्म करने के लिये डिजिटलीकरण को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी अल्पसंख्यक और आदिवासी समुदायों को वक्फ संशोधन विधेयक के संबंध में भ्रामक जानकारी देकर गुमराह करने का प्रयास कर रही है।

## खबर एक नजर में

### आदिल अजीम ने आजसू से इस्तीफा दिया

**रांची।** वक्फ संसोधन बिल पर आजसू के समर्थन एवं सुदेश महतो के बयान से नाराज होकर जिला परिषद सदस्य आदिल अजीम ने आजसू पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन बिल भारत के मुसलमान के पीठ पर खंजर भोंकने जैसा बिल है।

### बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता मनोज कुमार के निधन पर राज्यपाल ने जताया शोक

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने महशूर अभिनेता मनोज कुमार के निधन पर शोक जताया है। सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि प्रख्यात अभिनेता और फिल्म निर्माता मनोज कुमार जी के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। भारत कुमार के रूप में उन्होंने अपनी फिल्मों के माध्यम से जन-जन में राष्ट्र प्रेम की भावना को जागृत किया। उनकी सांस्कृतिक और भावनात्मक विरासत सदैव स्मरणीय और प्रेरणास्पद बनी रहेगी।

### राज्यपाल से मिले सेना के अफसर

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को राज भवन में सेना के अफसर ने मुलाकात की। इस दौरान लेफ्टिनेंट जनरल पीएस शेखावत, पीवीएसएम एवीएसएम, एसएम जीओसी मध्य भारत एरिया ने राज्यपाल से मुलाकात कर स्मृति चिन्ह भेंट किया।

### राज्यपाल से मिले दो यूनिवर्सिटी के कुलपति





**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को कोल्हान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो अंजिला गुप्ता और बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ राम कुमार सिंह ने राजभवन में भेंट की। राज्यपाल ने कुलपतियों को निर्देश दिया कि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की गुणात्मक शिक्षा सुनिश्चित की जाये और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने शैक्षणिक कैलेंडर के अनुपालन एवं सत्र के नियमितीकरण पर भी बल दिया।

### पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की माता के निधन पर भाजपा ने जताया शोक

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की माता के निधन पर भाजपा ने गहरा शोक प्रकट किया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मधु कोड़ा की पूज्य माताजी के निधन की दुखद सूचना से मन दुखी है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं शोक संतप्त परिजनों को यह अपार दुख सहन करने की शक्ति दे। शोक व्यक्त करने वालों में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, डॉ रवींद्र कुमार राय, सांसद दीपक प्रकाश, आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज कुमार सिंह, नीलकंठ सिंह मुंडा, राकेश प्रसाद, आरती कुजूर, दीपक बंका, हेमंत दास आदि शामिल हैं।

### सरयू राय मामले में अगली सुनवाई 15 को

**रांची।** पूर्व मंत्री सरयू राय से जुड़े गोपनीय दस्तावेज लीक करने के मामले में शुक्रवार को एमपी-एमएलए की विशेष अदालत में आंशिक सुनवाई हुई। मामले में सरयू राय की ओर से उपस्थिति दर्ज करा दी गई है। आगे की न्यायिक प्रक्रिया के तहत पुलिस पेपर सौंपा जायेगा। अगली सुनवाई की तारीख अदालत ने 15 अप्रैल निर्धारित की है। मामले में सरयू राय को अग्रिम जमानत की सुविधा प्राप्त है। अदालत ने दाखिल चार्जशीट पर 24 अगस्त को संज्ञान लिया है। सरयू राय के खिलाफ विभाग के अवर सचिव विजय वर्मा ने 2 मई 2022 को डोरंडा थाना में भादवि की पांच धारायें एवं गोपनीय दस्तावेज का लीक करने के तीन धाराओं के तहत प्राथमिकी ;कांड संख्या 105/22 दर्ज कराई थी। मालूम हो कि सरयू राय ने इसी दस्तावेज को हासिल करने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मीडिया को कोरोना काल में किये गये राशि के उपयोग की जानकारी दी थी।

### सांसद सीपी चौधरी मामले में आंशिक सुनवाई

**रांची।** ओबीसी आरक्षण सहित अन्य मांगों को लेकर मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने के मामले में नामजद सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी की ओर से दाखिल डिस्चार्ज याचिका पर शुक्रवार को एमपी-एमएलए के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की अदालत में आंशिक सुनवाई हुई। मामले में जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुये अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 17 अप्रैल निर्धारित की है। सीपी चौधरी ने मामले में अपने आप को निर्दोष बताते हुए 18 मार्च को डिस्चार्ज याचिका दाखिल की है। वहीं, इसी मामले में आरोपी सुदेश महतो की डिस्चार्ज याचिका अदालत ने खारिज कर चुकी है। घटना को लेकर ओरमांझी के तत्कालीन सीओ विजय केरकेट्टा ने लालपुर थाना में 8 सितंबर 2021 को कांड संख्या 201/2021 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसमें कहा गया है कि मुख्यमंत्री आवास घेराव को लेकर आजसू कार्यकर्ता मोरहाबादी मैदान में एकत्र हुये। इसका नेतृत्व सुदेश महतो, चंद्र प्रकाश चौधरी, लंबोदर महतो, राम चंद्र सहिस समेत अन्य कर रहे थे। इनलोगों पर जानबुझ कर प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों के साथ धक्का-मुक्की, सरकारी काम में बाधा डालने का आरोप है।

## विधायक सरयू राय ने किया आग्रह

# स्वास्थ्य विभाग के 5 साल के कार्यकाल की भी ईडी जांच हो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** जदयू विधायक सरयू राय ने शुक्रवार को कहा कि आयुष्मान घोटाले को लेकर झारखंड में करीब डेढ़ दर्जन स्थानों पर ईडी ने छापामारी की। यह कोई अचानक और चौंकाने वाली घटना नहीं है। वे लंबे समय से इसकी प्रतीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ईडी को इसकी तह तक जाना चाहिये। स्वास्थ्य विभाग में पांच साल तक जो हुआ है, उस तक अगर ईडी नहीं पहुंचेगी तो यह बड़ा मसला नहीं बनेगा। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि ईडी की छापामारी पर कोई भी टिप्पणी अनुचित है। उन्होंने उम्मीद जताई कि स्वास्थ्य विभाग में घोटालेबाजों का जो सिंडिकेट था, उसका भंडाफोड़ ईडी करेगी।

उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में स्वास्थ्य विभाग में घोटालेबाजों का एक सिंडिकेट बना हुआ है। इसमें तत्कालीन मंत्री, उनके सचिव, स्वास्थ्य विभाग के कुछ अफसर, जमशेदपुर के कुछ बिजनेसमैन और कुछ डॉक्टर और अस्पताल भी शामिल हैं। इस छापेमारी में सबसे चौंकाने वाली बात है पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के निजी सचिव रहे ओम प्रकाश सिंह उर्फ गुड्डू के निवास स्थान पर छापेमारी। स्वास्थ्य विभाग में एक धारणा बनी थी कि ओम प्रकाश सिंह जो कहते हैं, वही बन्ना गुप्ता करते हैं।

**कोरोना काल से ही आयुष्मान में गड़बड़ी सामने आ रही थीं :** कोरोना काल से ही आयुष्मान में गड़बड़ी की बातें सामने आ रही थीं। तब भी यह चर्चा होती थी कि जमशेदपुर के कुछ डॉक्टर और कुछ अस्पताल फर्जीवाड़ा कर रहे हैं।

# बोकारो में युवक की मौत पर एचइसी विस्थापितों ने किया प्रदर्शन, दोषी को बर्खास्त करने की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** बोकारो में विस्थापितों पर हुई बर्बरतापूर्ण लाठी चार्ज और उसमें एक की मौत की घटना से प्रदेशभर के विस्थापितों में रोष है। एचइसी विस्थापित एवं एचइसी के प्रशिक्षु कामगारों ने घटना के विरोध में शुक्रवार को एचइसी नेहरू पार्क में प्रदर्शन किया। इससे पहले हुई बैठक की अध्यक्षता राजेन्द्रकांत महतो ने किया।

हटिया विस्थापित परिवार समिति के अध्यक्ष पंकज शाहदेव ने कहा कि दोषी अधिकारी और जवान पर कठोर कार्रवाई करते हुए उन्हें नौकरी से बर्खास्त किया जाना चाहिए। एचइसी, बोकारो, धनबाद, जमशेदपुर ऐसे सभी जगहों के विस्थापितों को उनके हक और अधिकार से वंचित किया जा रहा है, यदि समय रहते सरकार कोई नीति नहीं बनाती है तो आने वाले समय में इस तरह की घटना अन्य जगहों पर भी घट सकती है। इसलिए सरकार विस्थापितों की हितों के रक्षा के लिए एक नीति बनाएं। राम मनोज ने कहा कि प्रेम महतो की शहादत निरर्थक नहीं जाएगी। बैठक में प्रेम महतो आत्मा की शान्ति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

बता दें कि बीएसएल कार्यालय के समक्ष बीएसएल से विस्थापित प्रशिक्षित प्रशिक्षुओं के द्वारा नौकरी को लेकर संवैधानिक तरीके से धरना प्रदर्शन किया जा रहा था। इस दौरान बीएसएल प्रबंधन के निर्देश पर सीआईएफ के जवानों ने बर्बरता पूर्ण कार्रवाई कर लाठी चार्ज किया और उस दौरान एक प्रशिक्षु भाई प्रेम महतो की मृत्यु हो गई।

### सीआइएसएफ अधिकारी पर दर्ज हो हत्या का मुकदमा : राजेंद्र प्रसाद



**रांची।** आंदोलनकारियों पर सीआईएसएफ द्वारा लाठी चार्ज कर प्रेम महतो की हत्या करने और बेरहमी के साथ पिटाई कर पन्द्रह लोगों को घायल करने की घटना की मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कड़े शब्दों में निन्दा की है। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा बीएसएल अधिकारियों और सीआईएसएफ के जिम्मेवार अधिकारियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज होना चाहिये। उन्होंने कहा कि झारखंड विस्थापन का दंश झेल रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड में हमारे लोगों की जमीन पर कल एकारखाना फैक्ट्री बनी है। इसके कारण झारखंड के लोग विस्थापित हुये हैं । उन्होने प्रेम महतो के आश्रितों को एक करोड़ और घायलों को दो-दो लाख रूपया और सभी आंदोलित विस्थापित अप्रेंटिस संघ के सदस्यों को नौकरी तुरंत दे।

# डीजीपी ने डायल 112 के कार्यों की समीक्षा की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** डीजीपी अनुराग गुप्ता ने शुक्रवार को झारखंड पुलिस मुख्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से डायल 112 अंतर्गत किये जा कार्यों की समीक्षा की। बैठक में एडीजी सुमन गुप्ता, डीआईजी इन्द्रजीत माहथा, एसपी अमित रेणु, एसपी हरविन्दर सिंह समेत कई पदाधिकारी ने भाग लिया। बैठक के दौरान इमरजेंसी रिस्पांस सपोर्ट सिस्टम के उद्देश्य और डायल 112 की सेवाओं की विस्तृत रूप से समीक्षा की गयी। इसमें विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों, वृद्धों को आपातकालिन परिस्थितियों में त्वरित सहायता प्रदान करने के साथ-साथ एम्बुलेंस और फायरबिग्रेड सेवाओं को और प्रभावी बनाने पर बल दिया गया।

**आपातकालीन स्थिति में त्वरित सहायता के निर्देश :** अपराध, आग लगने, दुर्घटना, महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, बाल अपराध, मेडिकल इमरजेंसी जैसी सूचना डायल-112 पर मिलने पर त्वरित गति से कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। प्रत्येक जिले में नोडल पदाधिकारी (डीएसपी) डायल-112 की नियमित समीक्षा करेंगे और आपातकालीन सेवाओं को डायल-112 से जोड़ने के लिए वांछित कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। आम जनता के बीच डायल-112 के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए सार्वजनिक स्थल यथा-ऑटो रिक्शा, सिटी बस, महिला कॉलेज, बैंक, अस्पताल , एटीएम, कोचिंग सेंटर, विद्यालय स्थानों पर वांछित कार्रवाई की जाए।

# झारखंड में चौथी बार जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का होगा आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सभी जिलों में चौथी बार जन शिकायत समाधान कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम 16 अप्रैल को दिन के 11 बजे से होगा। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने सभी जिलों के एसएसपी व एसपी को आदेश जारी किया है। पहले जहां समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, इस बार उसी स्थान पर कार्यक्रम होगा। इससे पहले 10 सितंबर 2024, 18 दिसंबर 2024 और 22 जनवरी 2025 को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम किया गया था।

**इस कार्यक्रम के उद्देश्य**

- नागरिकों की पुलिस से संबंधित शिकायतों को प्राप्त करना और पंजीकरण करना।
- शिकायतों पर पुलिस द्वारा की गयी कार्रवाई की सूचना शिकायतकर्ता को देना।
- यदि निर्धारित समय पर कार्रवाई ना हो तो वरीय पदाधिकारियों को इसकी सूचना देना।
- कार्रवाई योग्य शिकायतों का त्वरित और प्रभावी समाधान करना।
- जिन शिकायतों पर कार्रवाई नहीं हो सकती, उसकी जानकारी भी शिकायतकताओं को देना।
- पुलिस द्वारा बनायी जा रही सर्वोतम पद्धतियों को इन कार्यक्रमों में दिखाना।
- नागरिकों की समस्याओं को समझकर पुलिस व्यवस्था में आवश्यक सुधार करना।

### 18 आइपीएस अफसरों को आंतरिक सुरक्षा सेवा पदक का सम्मान

**रांची।** झारखंड कैडर के 18 आईपीएस को आंतरिक सुरक्षा सेवा पदक मिला है। पुलिस सेवा में अहम योगदान के लिए आंतरिक सुरक्षा सेवा पदक दिया जा रहा है। इन सभी आईपीएस को सीआईएसएफ के द्वारा यह सुरक्षा सेवा पदक प्रदान किया गया है।

**इन 18 को मिला सम्मान :** आईजी होमकर अमोल वेनुकांत, आईजी पंकज कंबोज, आईजी कुलदीप द्विवेदी, आईजी ए. विजयलक्ष्मी, डीआईजी एम. तमिलवाणन, डीआईजी अनीश गुप्ता, डीआईजी इन्द्रजीत माहथा, डीआईजी सुरेन्द्र कुमार झा, डीआईजी वाईएस रमेश, डीआईजी कार्तिक एस, एसपी एम.अर्शी, एसपी प्रशान्त आनन्द, एसपी आशुतोष शेखर, एसपी अनुदीप सिंह, एसपी शम्भु कुमार सिह, एसपी दीपक कुमार पाण्डेय, एसपी राजकुमार मेहता, एसपी के विजय शंकर शामिल है।

# गुजरात में 8 और 9 अप्रैल को कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में झारखंड से 55 डेलिगेट्स होंगे शामिल

## संगठन पर फोकस

**खबर मन्त्र बयूरो**

**रांची।** कांग्रेस पार्टी 8 और 9 अप्रैल को गुजरात के अहमदाबाद में राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित करने जा रही है। दरअसल राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की अध्यक्षता में 1924 में कर्नाटक के बेलगाम में हुए एआईसीसी अधिवेशन के 100 साल पूरे होने पर कांग्रेस ने पिछले साल 26 और 27 दिसम्बर को बेलगाम में 2 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया था।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि बीजेपी के गढ़ में कांग्रेस राष्ट्रीय अधिवेशन कर गुजरात की धरती से एक मजबूत संदेश देना चाहती है। वर्ष 2025 कांग्रेस के लिए संगठन को सशक्त करने के साथ-साथ सृजन का भी साल है। कांग्रेस का लक्ष्य पार्टी संगठन को ग्रामीण स्तर पर इतना सशक्त बनाना है कि विचारधारा की लड़ाई के साथ साथ चुनावी राजनीति में कोई उसे पछाड़ नहीं सके।

### मील का पत्थर साबित होगा अहमदाबाद अधिवेशन : केशव महतो कमलेश



झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने एआईसीसी अधिवेशन को लेकर अपनी राय दी है। उन्होंने कहा कि यह अधिवेशन, पार्टी संगठन के लिए 'मील का पत्थर साबित होगा। कर्नाटक में पिछले वर्ष के आखिरी महीने में कांग्रेस वर्किंग कमेटी की विस्तारित बैठक के बाद अब बापू-पटेल की धरती से एक बड़ा संदेश दिया जाएगा। केशव महतो कमलेश ने कहा कि गुजरात वह धरती है, जहां के दो बड़े नेता, महात्मा गांधी और सरदार पटेल ने पूरे देश को संदेश देने का काम किया था। उसी धरती से कांग्रेस संगठन सशक्तिकरण और सृजन के वर्ष में पार्टी को ग्रासरूट पर मजबूत करने का संदेश दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिवेशन में आगे की रूपरेखा तय होगी। ग्रासरूट के हमारे नेताओं-कार्यकर्ताओं में से योग्य और मापदंडों को पूरा करने वाले कार्यकर्ताओं को ही जिम्मेदारी और पद देना सुनिश्चित हो, इस पर भी विचार विमर्श और गहन चिंतन होगा।

### झारखंड से 55 से ज्यादा डेलिगेट्स अधिवेशन में जायेंगे: सोनाल शांति

झारखंड कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति उर्फ रिंकू तिवारी ने बताया कि गुजरात में 8 और 9 अप्रैल को आयोजित किये जा रहे कांग्रेस अधिवेशन में झारखंड से 55 डेलीगेट्स की सूची बनी है। इनके अलावा कुछ विशेष आमंत्रित सदस्य भी राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लेने अहमदाबाद जाएंगे।

सोनाल शांति ने आगे बताया कि इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, झारखंड विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, उप नेता राजेश कच्छप, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, सांसद सुखदेव भगत, ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, शहजादा अनवर, पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख, बन्ना गुप्ता, महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह, झारखंड सेवा दल की नेली नाथन, युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज सहित कई विधायक शामिल रहे। पार्टी से मिली जानकारी के अनुसार राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी एआईसीसी के सदस्य नहीं होने के बावजूद 'मंत्री' होने की वजह से राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल होंगे।

## ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...



जमशेदपुर के नार्दन टाउन में द यूनाइटेड क्लब जमशेदपुर का एक प्रमुख सामाजिक और सांस्कृतिक केंद्र है, जिसकी स्थापना 1911 में टाटा स्टील द्वारा मनोरंजन और सामाजिक मेलजोल के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से की गई थी। यह क्लब शहर की समृद्ध विरासत का प्रतीक है, जो आधुनिक सुविधाओं के साथ पुराने समय की आकर्षण को बनाए रखता है। इस क्लब परिसर में शादियों एवं कारपोरेट कार्यक्रमों के लिए बैन्क्वेट हॉल, गेस्ट हाउस, बार एंड रेस्टोरेंट, स्वीमिंग पुल, फिटनेस सेंटर,लाइब्रेरी, चिल्ड्रेन कार्नर, टेनिस कोर्ट,बॉलिंग एली, बिलियर्ड रुम आदि की सुविधाएं हैं।

### टीएसपीडीएल कर्मचारी यूनियन की कमिटी मीटिंग सम्पन्न, ग्रेड पर सकारात्मक पहल करने का निर्णय

# ग्रेड अच्छा और भविष्य को ध्यान रख कर करने की योजना : राकेश्वर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील प्रोसेसिंग एंड डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड कर्मचारी यूनियन की कमिटी मीटिंग यूनियन अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय की अध्यक्षता में रजिस्टर्ड कार्यालय बिष्टुपुर में संपन्न हुई। बैठक का संचालन कर रहे महामंत्री अमन सिंह ने विगत बैठक की कार्यवाही से सभी को अवगत करवाया और बैठक में उठाए गए मुद्दों में से किन किन मुद्दों पर प्रबन्धन से वार्ता कर उसका निदान निकाला गया उसको विस्तार से बताने का कार्य किया। बैठक में सभी पदाधिकारियों और कार्यकारणी के सदस्यों ने अक्टूबर 2023 से लंबित ग्रेड पर त्वरित प्रबंधन से वार्ता प्रारंभ करने की बात कही और ग्रेड कमिटी के सदस्य अमन सिंह, सच्चिदानंद, त्रिदेव सिंह और रमेश चौधरी से भी आग्रह किया कि आप की कमिटी भी बैठ कर रणनीति बनाए और प्रबन्धन के साथ जल्दी जल्दी वार्ता करे और सही और उचित ग्रेड हो इसका भी ध्यान रखा जाए। ग्रेड कमिटी ने भी आश्वस्त किया कि जल्द ही बैठकों का दौर आरंभ होगा और मजदूर के हितों को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़ा जाएगा। साथ ही यूनियन के सभी सदस्यों ने एक साथ यूनियन के रजिस्ट्रेशन और रजिस्टर बी में दर्ज करवाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सच्चिदानंद का आभार प्रकट किया। यूनियन सदस्यों ने कहा कि मेडिकल को लेकर जो परेशानियां नए बहाल कर्मचारियों को आ रही थी उसको प्रबंधन से वार्ता कर सरल बनाया गया है। अब नए कर्मचारियों को इन परेशानियों से नहीं झूझना पड़ेगा। पिछले दिनों वार्ता में प्रबंधन ने यूनियन को अवगत करवाया था की टाटा वन एमजी से मेडिसन को ट्राइल बेसिस पर दो महीना के लिए चलाया जा रहा है लेकिन यूनियन सदस्यों ने कहा कि इसके साथ विकल्प मेडिसन सेंटर भी चालू रहे ताकि कर्मचारियों को दवा मिलने में कोई दिक्कत ना हो। अंत में यूनियन अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि मजदूर की हितों की चिंता हम सभी को है उचित समय के साथ ग्रेड अच्छा और भविष्य को ध्यान में रख कर जल्द किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यूनियन के सभी सदस्य एक एक मुद्दे पर गंभीर है और अपनी निगाहें बनाए हुए ह। हम कर्मचारियों के लिए हमेशा चिंतित रहते है, कैंटीन से लेकर ग्रेड, मेडिकल, मेडिक्लेम, प्रमोशन, क्वार्टर तथा प्रत्येक सुविधाओं को ध्यान में रखते है और प्रबन्धन के साथ निरंतर वार्ता कर सामंजस्य के साथ आगे बढ़ते है। बैठक में अमन सिंह, संजीव सिंह, दिनेश कुमार, त्रिदेव सिंह, सच्चिदानंद, शशि वीर राणा, रमेश चौधरी, अनीश झा, बी डी सिंह, आर रवि, राकेश कुमार, रंजन मिश्रा, प्रमोद उपाध्याय, मनोज कुमार सिंह, हरिशंकर प्रसाद उपस्थित थे।



यूनियन की कमेटी मीटिंग के बाद अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय व सहयोगी पदाधिकारी।

## स्पीड न्यूज

### टाटा मोटर्स : तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आगाज

**जमशेदपुर ।** टाटा मोटर्स के तीन दिवसीय 76 वें एवं 46 वें इंटर स्कूल वार्षिक एथलीट मीट 2024 – 25 का टेल्को कॉलोनी स्थित सुमंत मुलगांवकर स्टेडियम में शुक्रवार को विधिवत शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर प्लांट हेड सुनील तिवारी, यूनियन के महामंत्री आरके सिंह, ईआर हेड सौमिक रॉय, एचआर हेड प्रणव कुमार, जीएम प्रकाश सिंहा , डॉ देवेन्द्र सिंह पदन, डॉ एस एल श्रीवास्तव, डॉ संजय कुमार, युवराज संधु , भीएन सिंह, पार्थो मुखोपाध्याय, रजत सिंह समेत यूनियन के तमाम ऑफिस बेयरर, कमेटी मेंबर उपस्थित थे। प्लांट हेड सुनील तिवारी एवं महामंत्री आरके सिंह संयुक्त रूप से गुब्बारे उड़ाकर वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किये। प्लांट हेड सुनील तिवारी एवं महामंत्री आरके सिंह सभी प्रतिभागियों को प्रतिस्पर्धा में भाग लेने के लिए शुभकामनाएं दिये।

### टाटा मोटर्स : 43 कर्मचारियों को मिला मेडिकल सपोर्ट स्कीम का लाभ

**जमशेदपुर।** आज टाटा मोटर्स लिमिटेड,जमशेदपुर के मेडिकल सपोर्ट स्कीम कमिटि की बैठक हुई। बैठक में जनवरी, फरवरी और मार्च 2025 में जमा हुए सभी आवेदनों पे विचार विमर्श किया गया। जिसमें कुल मिलाकर 59 आवेदनों में से 43 को नियमानुसार उचित पाया गया। लाभुकों को लगभग 24 लाख 16 हजार रुपये की राशि का लाभ मिला।लाभुकों के नाम क्रमशः है :- संतोष सिंह, सुजीत कुमार सिंह, जफर अजमल खान, प्रवीण कुमार सिंह, संजीव कुमार, बिनोद कुमार, गीता साहा, चंदन भंडारी, संजीत कुमार यादव, शशि शेखर, पिंटू कुमार सिंह, ब्रजेश कुमार सिंह, अनिल कुमार झा, उमेश कुमार प्रसाद, दीपक कुमार सिंह। सुदीप्ता चक्रवर्ती, अरविंद कुमार तिवारी, सीधेश्वर बाला, प्रवीण कुमार, उपेन्द्र सिंह, मास्टर राहुल, कौसिक सेन, बसिष्ठ नारायण मुनि, सोमनाथ मुर्मू, मिहिर कुमार परिदा।डी श्रीनिवास राव, गौतम मंडल, रितम दत्ता, श्याम किशोर सिन्हा, बलदेव सिंह, वी सतीश कुमार, गुरप्रीत कौर, कमलिनी गिरी, उमेश कुमार प्रसाद, संजीव कुमार, सन्नी सिंह, एम गणपति, दुम्पा साईराम रेड्डी, रेखा देवी, जसपाल सिंह।

### एनसीएलटी का वीसीएल अधिग्रहण के लिए न्युवोको विस्तास को मिली मंजूरी

**जमशेदपुर।** नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी), मुंबई बेंच ने इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड, 2016 (आईबीसी) के तहत वडराज सीमेंट लिमिटेड (वीसीएल) के अधिग्रहण के लिए न्युवोको विस्तास कॉर्प लिमिटेड की समाधान योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना में 1,800 करोड़ रुपये का अग्रिम भुगतान शामिल है, जिसे विशेष आदेश के तहत स्वीकृत किया गया है। इस अधिग्रहण की प्रक्रिया न्युवोको की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी वान्या कॉर्पोरेशन प्राइवेट लिमिटेड (वान्या) के माध्यम से पूरी की जाएगी। इसके बाद वान्या का वीसीएल में विलय कर दिया जाएगा, जिससे वीसीएल न्युवोको की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बन जाएगी। न्युवोको अगले 1,000–1,200 करोड़ रुपये का निवेश वीसीएल के सात वर्षों से बंद पड़े संयंत्रों को पुनः चालू करने में करेगा।

# बन्ना के पीए के आवास पर ईडी की दबिश

## आयुष्मान घोटाले को लेकर हुई कार्रवाई, दो फाइल जब्त, सरयू ने कहा, सही दिशा में जा रही है ईडी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मानगो एनएच-33 स्थित ओमप्रकाश सिंह उर्फ गुड्डू सिंह के आवास पर आज सुबह प्रवर्तन निदेशालय ईडी की टीम ने दबिश दी। ईडी की टीम दिन भर श्री सिंह के आवास पर छानबीन की,और दो फाइलों को जब्त कर रांची ले गई है। यह कार्रवाई सुबह से लेकर शाम तक चली। बता दें कि ओमप्रकाश सिंह झारखंड के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के पीए हैं। समझा जाता है कि आयुष्मान घोटाले को लेकर ओमप्रकाश सिंह की भूमिका को लेकर ईडी ने यह कार्रवाई की है। वैसे ईडी ने आज एक साथ झारखंड के 21 स्थानों पर आयुष्मान घोटाले को लेकर छापेमारी की है।

दूसरी ओर,

जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने शुक्रवार को कहा कि आयुष्मान घोटाले को लेकर झारखंड में करीब डेढ़ दर्जन स्थानों पर ईडी ने छापामारी की है। यह कोई अचानक और चौंकाने वाली घटना नहीं है। उनके जैसा व्यक्ति लंबे समय से इसकी प्रतीक्षा कर रहा था। आज जब ईडी ने छापा मारा तो उन्हें संतोष हुआ। बेशक छापामारी आयुष्मान के नाम पर हुई लेकिन ईडी को इसकी तह तक जाना चाहिए क्योंकि स्वास्थ्य विभाग में पांच साल तक जो हुआ है, उस तक अगर ईडी नहीं पहुंचेगी तो यह बड़ा मसला नहीं बनेगा। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि ईडी की छापामारी पर कोई भी टिप्पणी अनुचित है। उन्होंने उम्मीद जताई कि स्वास्थ्य विभाग में घोटालेबाजों का जो सिंडिकेट था, उसका भंडाफोड़ ईडी करेगी। सरयू राय ने कहा कि बीते पांच साल से वह जिन मुद्दों को उठा रहे थे, उनकी पुष्टि ईडी के छापामारी से हो गई।



यहां जारी बयान में श्री राय ने कहा कि वास्तव में पिछले पांच वर्षों में स्वास्थ्य विभाग में घोटालेबाजों का एक सिंडिकेट बना हुआ है जिसमें मंत्री, उनके सचिव, स्वास्थ्य विभाग के कुछ अफसर, जमशेदपुर के कुछ बिजनेसमैन और कुछ डॉक्टर और अस्पताल भी शामिल हैं। सरयू राय ने कहा कि इस छापेमारी में सबसे चौंकाने वाली बात है पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के निजी सचिव रहे ओम प्रकाश सिंह उर्फ गुड्डू के निवास स्थान पर छापेमारी। स्वास्थ्य विभाग में एक धारणा बनी थी कि ओम प्रकाश सिंह जो कहते हैं, वही बन्ना गुप्ता करते हैं। ओम प्रकाश सिंह का आदेश स्वास्थ्य विभाग में अनाधिकृत रुप से चलता था। स्वास्थ्य विभाग में जो इस मनोभाव के लोग थे, उन लोगों ने एक गैंग बना लिया था। सरयू राय ने आगे कहा कि उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की गड़बड़ियों को लेकर कई बार विधानसभा में मामला उठाया। कोई कार्रवाई नहीं हुई। जांच कमेटी बन गई, लेकिन जांच नहीं हुई। कोई रिपोर्ट टेबल नहीं हुआ। सूचना के अधिकार के तहत दो माह पहले उन्होंने कुछ सूचनाएं मांगी, नहीं मिली। आज तक नहीं मिली। इससे साबित होता है कि वो लोग चीजों को छुपाना चाहते हैं।

## जय श्री राम के नारों से गुंजा साकची, बनाई गई प्रभु श्रीराम की रंगोली, भक्तो में उत्साह

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। लौहनगरी की सामाजिक एवम धार्मिक संस्था श्री श्री बाल मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान में विराट रामनवमी का महोत्सव स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर भव्य आरती सह दीप उत्सव का आयोजन झंडा चौक साकची में किया गया। साकची बाजार में श्री श्री बाल मंदिर के स्वर्ण जयंती वर्ष रामनवमी के अवसर पर साकची झंडा चौक के प्रांगण में रामलला की रंगोली बनाई गई है। जिस प्रकार गंगा मैया का आरती बनारस में होता है, वहीं के पुरोहितों के द्वारा साकची झंडा चौक पर प्रभु श्री राम का महाआरती का आयोजन हुआ। भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत दृश्य से पूरा लौहनगरी भक्तिमय हो गया. कमिटी के सन्नी संघी ने बताया की बनारस के अस्सी घाट के प्रसिद्ध आचार्य के नेतृत्व में पंडितो के समूह ने मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के आरती के माध्यम से अदभुत और भक्तिमय माहौल का निर्माण कर दिया। आरती देखने के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। सम्पूर्ण साकची में जहां तक नजर जा रही थी, श्रद्धालु ही श्रद्धालु थे।



झंडा चौक पर बना प्रभु श्रीराम की विशाल रंगोली।

संध्या 07:00 बजे घंटाल और शंखध्वनि के बीच आरती शुरू हुई। साथ ही आयोध्या की राम मंदिर का भव्य दरबार देखने के लिये भक्तो की भीड़ उमड़ी। विद्युत सज्जा की रोशनी से पूरा साकची जगमगा रहा है। मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता अभय सिंह, अमरप्रीत सिंह काले, दिनेश कुमार, संकर गुप्ता, संजय पलसानिया, अभिमन्यु सिंह, संतोष ठाकुर, अजय श्रीवास्तव समेत कई गणमान्य उपस्थित थे। रामनवमी महोत्सव को सफल बनाने में मुख्य रूप से सुमन अग्रवाल, अमित अग्रवाल, सन्नी संघी, बबलु अग्रवाल का विशेष योगदान रहा।

## श्रीनाथ विश्वविद्यालय में मैनेजमेंट फेस्ट श्रीनाइट-2025 का भव्य आगाज

**जमशेदपुर।** श्रीनाथ विश्वविद्यालय में दो दिवसीय श्रीनाइट 2025 मैनेजमेंट फेस्ट का शानदार आगाज हुआ, जिसमें 40 से ज्यादा स्कूलों और कॉलेजों के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पहले दिन 7 प्रमुख प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिनमें छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और प्रबंधन कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ, जिसमें वाइस चांसलर प्रो. डॉ. एस. एन. सिंह, डीन एडमिनिस्ट्रेशन जे. राजेश, एसोसिएट डीन एकेडमिक डॉ. भाव्या भूषण और कॉमर्स एवं मैनेजमेंट विभागाध्यक्ष डॉ. मृत्युंजय महतो सहित विश्वविद्यालय के कई वरिष्ठ प्राध्यापक उपस्थित रहे। वाइस चांसलर प्रो. डॉ. एस. एन. सिंह ने इस अवसर पर कहा, श्रीनाइट 2025 युवाओं को नवाचार, नेतृत्व और रचनात्मकता के प्रदर्शन के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करता है। यह आयोजन उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उद्योग विशेषज्ञों से जुड़ने का बेहतरीन अवसर है।

फेस्ट के पहले दिन आयोजित 7 प्रतियोगिताओं में आइडियाथॉन, फायरलेस कुकिंग, केस स्टडी प्रतियोगिता, 17 एसडीजी ऑन कैनवास, स्त्रिरिदम (एकल नृत्य), स्टैंड-अप कॉमेडी और शोस्टॉपर (रैंप वॉक) शामिल रहीं। इन प्रतियोगिताओं में कशिश जैन, अरुणिमा बक्शी, सुमन गुप्ता, शमीम अली, नदिया अली, विधि और हर्षिता ने अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा का प्रदर्शन कर सभी को प्रभावित किया। इन प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने किया। उद्यमी सागर चानाना , प्रिया गुप्ता, शेफ सोनिया दुबे, प्रिया कुमारी ने किया।

## पीएएमएचजे ने विश्व ऑटिज्म जागरुकता दिवस मनाया

**जमशेदपुर।** विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस के अवसर पर आज जमशेदपुर स्थित पीएएमएचजे लालफिक केंद्र, सोनारी में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ऑटिज्म से प्रभावित व्यक्तियों की विशिष्ट क्षमताओं का उत्सव मनाना और समाज में जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम में जिला सामाजिक कल्याण पदाधिकारी श्रीमती संध्या रानीमुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में ऑटिज्म से प्रभावित लोगों के लिए समावेशी वातावरण बनाने की आवश्यकता पर बल दिया और प्रारंभिक निदान के महत्व को रेखांकित किया। पीएएमएचजे के सचिव श्री पी. बाबू राव ने कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए न्यूरोडायवर्सिटी (तंत्रिका विविधता) को समझने और अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर ऑटिज्म से प्रभावित बच्चों के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए 10 शैक्षणिक किट निःशुल्क वितरित किए गए, जो उनके दैनिक जीवन कौशल और शिक्षा में सहायक सिद्ध होंगे। साथ ही, 13 विधिक संरक्षक प्रमाण पत्र भी संबंधित बच्चों के अभिभावकों को सौंपे गए, जिससे उन्हें कानूनी रूप से मान्यता और सहारा प्राप्त होगा।

## किंडरगार्टन के बच्चों ने रिदम मनाया ग्लेशियरों के संरक्षण पर एक अंतर-विद्यालयी कार्यक्रम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** छोटी उम्र से ही पर्यावरण चेतना को बढ़ावा देने के प्रयास में, तारापोर स्कूल ने संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित ग्लेशियरों के संरक्षण के अंतर्राष्ट्रीय वर्ष पर आधारित एक अंतर-विद्यालयी, गैर-प्रतिस्पर्धी कार्यक्रम रिदम का आयोजन किया। जमशेदपुर के 28 स्कूलों के युवा शिक्षार्थियों को एक साथ लाकर, इस कार्यक्रम ने बच्चों को जलवायु परिवर्तन के ज्वलंत मुद्दे से परिचित कराने के लिए मौज-मस्ती और सीखने का सहज मिश्रण पेश किया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, सेंट जॉन्स हाई स्कूल की प्रिंसिपल सुश्री आशु तिवारी ने युवा दिमागों को हमारे पर्यावरण के महत्व को समझने में मदद करने के लिए स्कूल द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। हिल



टॉप स्कूल की प्रिंसिपल सुश्री उमा तिवारी के साथ-साथ स्कूल के चेयरमैन और वाइस चेयरपर्सन श्री और सुश्री बोधनवाला ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।नन्हे प्रतिभागियों को एक विशेष थीम गीत सिखाया गया, जिसमें ग्लेशियरों की रक्षा करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

# सरयू राय के इफ्तार की तर्ज पर दी नवरात्र फलाहार पार्टी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने शुक्रवार को अपने बिष्टुपुर स्थित आवास/कार्यालय पर नवरात्र के शुभ अवसर पर फलाहार पार्टी का आयोजन किया। इस आयोजन में शहर के राजनीतिज्ञ, सामाजिक कार्यकर्ता, सांस्कृतिक कार्यकर्ता, आध्यात्मिक विभूतियां और आम जन शामिल हुए। विधायक द्वारा आगंतुकों को फलाहार कराया गया। इस अवसर पर सरयू राय ने कहा कि उन्होंने यह आयोजन नवरात्र के उपलक्ष्य में किया है। उनकी इच्छा है कि नवरात्र के हर दिन इस तरह के आयोजन लोग करें ताकि अपनी संस्कृति और मजबूत हो सके। बता दें कि सरयू राय इफ्तार पार्टी की तर्ज पर वर्षों से नवरात्र के दौरान फलहार पार्टी देते आ रहे हैं। आज के फलाहार पार्टी में प्रमुख उपस्थित लोगों में पारडीह कालीबाड़ी के महंत विद्यानंद सरस्वती, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, अमरप्रीत सिंह काले, जुस्को के एमडी ऋतुराज सिन्हा, शंभू नाथ सिंह, भाजपा नेता नीरज सिंह, शिवशंकर सिंह, शरत चंद्रन, गणेश नायर, संजीव सिन्हा, रघुनाथ पांडेय, सुबोध श्रीवास्तव, आशुतोष राय, नीरज सिंह, अमृता मिश्रा, कुलविंदर सिंह पन्नू, नीरू सिंह, मंजू सिंह, कविता परमार, करण सिंह, आकाश शाह, अजय श्रीवास्तव, मुकुल मिश्रा, पिंटू सिंह, संतोष भगत, अनुज चौधरी, पप्पू सिंह, अमरेंद्र मल्लिक, विवेक पांडेय, रवि ठाकुर, धर्मेंद्र प्रसाद, धनजी पांडेय, विजय तिवारी, दिलीप सिंह, भीम सिंह, हरेराम सिंह, अनिकेत सिंह, सुधीर सिंह, विकास साहनी, विनीत कुमार, प्रेम सक्सेना, चंद्रशेखर राव, विश्राम प्रसाद, अशोक कुमार सिंह, संजीव सिंह, अर्जुन यादव, विजय सिंह, असीम पाठक, भास्कर मुखी, दुर्गा राव, विनोद राय, नट्टू झा, अविनाश सिंह राजा, प्रकाश कोया समेत सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे।



फलहार कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के सामने फलों की प्लेट बढ़ाते विधायक सरयू राय।

## एक नजर में

### अकेले रहने वाले बुर्जुग दंपत्ति 6201707968 पर कॉल करें, पुलिस आपकी मदद को रहेगी तत्पर

**जमशेदपुर।** पुलिस प्रशासन और सिंहभूम केन्द्रिय वरिष्ठ नागरिक समिति द्वारा एक समन्वय स्थापित किया गया है कि जो भी वरिष्ठ नागरिक अपने घरों में अकेले या पति पत्नी साथ रहते हैं वैसे लोगों की सूची उनके निकटतम थाना में रहेगा। जब भी उनको किसी तरह की सहायता की जरूरत पड़ेगी वे अपने निकटतम थाना में फोन करेंगे तो थाना तुरंत आकर उनकी मदद करेगा । कुछ थाना के वरिष्ठ नागरिकों की सूची समिति द्वारा वरीय आरक्षी अधीक्षक जमशेदपुर को दिया गया है ऐसा देखा गया है कि वरिष्ठ नागरिकों ने आह्वान पर पुलिस प्रशासन तुरंत सहायता करती है। सिंहभूम केंद्रीय नागरिक समिति के अध्यक्ष शिवपूजन सिंह ने बताया कि इस तरह पुलिस प्रशासन और समाज मे एक समन्वय स्थापित हो रहा है कुछ थाना प्रभारी तो कहते हैं कि वरिष्ठ नागरिक हमारे अभिभावक है उनकी सहायता और सेवा करना हमारा कर्तव्य और धर्म है। ऐसे सभी बुजुर्गों की सूची हमलोगों के पास भेजें हमलोग सहायता करने को तैयार हैं। इसलिए वैसे सभी बुजुर्गों से जो अपने घरों में अकेले या पति पत्नी के साथ रहते हैं अपना पूरा विवरण मेरे मोबाइल नं 6201707968 पर भेजे जिससे उनकी सूची उनके निकटतम थाना में दिया जा सके जिससे उनको अपनी सहायता के लिए किसी पर मुहताज नहीं रहना पड़े पुलिस प्रशासन हर सम्भव उनकी सहायता करेगा ।

### जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय द्वारा सामुदायिक सेवा का आयोजन किया गया



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय की माननीय कुलपति महोदया प्रोफेसर ( डॉ०) अंजिला गुप्ता के मार्गदर्शन में बीएड प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं के द्वारा सामुदायिक सेवा का आयोजन बिष्टुपुर के नॉर्दर्न टाउन स्थित स्कूल आफ होप (विशेष बच्चों का विद्यालय) में आयोजित किया गया। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती नीतू गांगुली , डायरेक्टर लीना अडेसरा ने अपने सभी शिक्षकों तथा छात्रों संग विद्यालय के सभागार में उपस्थित रही शिक्षा संकाय (बीएड)की छात्राएं पांच समूह में विभाजित हो कर उन सभी छात्रों को व्यक्तिगत एवं रचनात्मक गतिविधियों द्वारा मनोरंजन करवाया । साथ ही पेपर कटिंग से चित्रांकन द्वारा उनका मार्गदर्शन किया। सभी बच्चों में उत्साहवर्धन हेतु संगीत एवं म्यूजिकल चेयर कार्यक्रम भी करवाया गया ।

### मायुमं स्टील सिटी सुरभि शाखा की नई टीम ने शपथ ली, जन सेवा कार्यों का शुभारंभ



**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा की नवनिर्वाचित अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल ने अपनी पूरी टीम के साथ होटल प्राइड, काशीडीह में शुक्रवार को शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर जन सेवा के विभिन्न कार्यों का भी शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के तहत सीतारामडेरा स्थित राजकीयकृत आदिवासी उच्च विद्यालय में छात्राओं के लिए सैनिटरी पैड मशीन लगाई गई। साथ ही, कक्षा 9 और 10 की नौ छात्राओं की एक साल की फीस का भी भुगतान किया गया। इसके अलावा, एक श्अमृत धाराश का उद्घाटन कर समाजसेवा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। मारवाड़ी युवा मंच की इस नई टीम ने समाजसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई और आगे भी इसी तरह सेवा कार्य जारी रखने का संकल्प लिया। आज के शपथ ग्रहण समारोह में प्रमुख रूप से उमेश शाह, शंकर सिंघल, सांवरमल अग्रवाल, नंदकिशोर अग्रवाल,संतोष अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल, पंकज छावछरिया, अरुण गुप्ता, मोहित मोनिका, बबलू अग्रवाल, अनंत मोहनका सार्थक अग्रवाल, विमल अग्रवाल आदि गणमान्य उपस्थित थे।

### स्टेट बैंक के होम लेन सेंटर ने अंतर्राष्ट्रीय तीरंदाज झानू हांसदा और कोच प्रदीप पाल को किया सम्मानित




**जमशेदपुर।** शुक्रवार 4 अप्रैल 2025 को भारतीय स्टेट बैंक गृह ऋण केंद्र, जमशेदपुर में अंतरराष्ट्रीय धनुर्धर श्रीमती झानू हंसदा एवं टाटा स्टील कर्मी सह जमशेदपुर फुटबॉल के कोच रह चुके श्री प्रदीप कुमार पाल का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं शाल देकर किया गया। इस स्वागत से अभिभूत श्रीमती झानू हंसदा ने बहुत कम शब्दों में भारतीय स्टेट बैंक की सराहना की एवं भारतीय स्टेट बैंक से जुड़े रहने का आश्वासन दिया एवं सभी कर्मियों के स्वास्थ्य की कामना की। श्री पाल ने विगत 50 वर्षों से भारतीय स्टेट बैंक की सेवा से जुड़े होने का सकारात्मक कारण बताया। दोनों खेल जगत से जुड़े दिग्गजों ने भारतीय स्टेट बैंक की सेवाओं की सराहना की। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक गृह ऋण केंद्र, जमशेदपुर के सहायक महाप्रबंधक श्री विजय केरकेट्टा ने पुष्प गुच्छ देकर श्रीमती झानू हंसदा को सम्मानित किया एवं श्रीमती असबी नाज ने श्रीमती हंसदा को शाल देकर सम्मानित किया श्री रजनीश रंजन मुख्य प्रबंधक एवं श्री विनय कुमार मुख्य प्रबंधक ने श्री पाल को पुष्प गुच्छ भेंट किया । श्री रींन्टु रजक एवं श्री मनोज कुमार ने शाल देकर श्री पाल को सम्मानित किया । इस कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक गृह ऋण केंद्र से श्रीमती पूजा कुमारी, दीप्ति कुमारी, प्रज्ञा, श्री संजय राय, आलोक सिन्हा, जीतेन्द्र कुमार, रोहित आंनद सिंह, दुष्यंत बिरूआ, संजय राय, विजय कुमार रजक, ब्रजेश नायक,डी रवि शास्त्री,सरोज कुमार, सुनील कुमार,आलोक कुमार सहाय, हरेंद्र कुमार सिन्हा ने कार्यक्रम मे हिस्सा लिया। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए श्री विजय केरकेट्टा सहायक महाप्रबंधक ने श्रीमती झानू हंसदा एवं श्री प्रदीप कुमार पाल के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियों की सराहना की एवं भारतीय स्टेट बैंक से जुड़े रहने के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया।

### एमएनपीएस में पर्यावरण जागरुकता कार्यक्रम संपन्न

जमशेदपुर। रोटरीक्लब वेस्ट ने मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल के प्रेक्षागृह में एक प्रेरणादायक पर्यावरण जागरूकता सत्र का सफल आयोजन किया, जिसमें प्रमुख अतिथि डॉ. विक्रांत तिवारी ने भाग लिया। प्रसिद्ध पर्यावरणविद् और सामाजिक उद्यमी डॉ. तिवारी ने पर्यावरण संरक्षण पर अपने 23 वर्षों के व्यापक अनुभव से आधारित गहन दृष्टिकोण प्रस्तुत किए। उनके उल्लेखनीय कार्यों में एनजीओ के लिए संसाधनों का जुटाव और 17 मिलियन पेड़ों का रोपण शामिल है। आईआईएम कलकत्ता और हार्वर्डबिजनेस स्कूल के पूर्व छात्र डॉ. तिवारी न केवल पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्ध हैं, बल्कि आदिवासी कला को भी बढ़ावा देकर स्थायी भविष्य के निर्माण में अपना योगदान दे रहे हैं। इस सत्र की सफलता में स्कूल प्रबंधन समिति के सहयोग का विशेष योगदान रहा, जिसका नेतृत्व प्राचार्या श्रीमती संगीता सिंह ने किया। उनके साथ-साथ उप प्राचार्या और समर्पित समन्वयकों ने भी इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह पर्यावरण जागरूकता सत्र रोटरीक्लबवेस्ट की स्थिरता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

## स्पीड न्यूज

### जपला रेलवे स्टेशन पर दिव्यांगों को नहीं मिल रही है सुविधा, यात्री परेशान



हुसैनाबाद पलामू। स्थानीय जपला रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो पर पैसेंजर ट्रेन लगाये जाने से दिव्यांग, वृद्ध, मरीज को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जपला रेलवे स्टेशन पर व्हील चेयर एक से दो नम्बर प्लेटफॉर्म पर जाने का सुविधा नही है, इस समस्याओं को देख दिव्यांग संघ के जिला कोषाध्यक्ष उमेश मेहता ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को एक्स पर पोस्ट कर जपला रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या एक पर सवारी ट्रेन लगाने व दिव्यांगों के लिए समुचित व्यवस्था मुहैया कराने की मांग की।

### सनातनियों ने निकाला बाइक जुलूस



पाटन पलामू। प्रखंड के नावा जयपुर थाना क्षेत्र में सनातनियों ने रामनवमी को लेकर बाइक जुलूस निकाला। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। जुलूस विभिन्न क्षेत्रों से निकल नावा खास पहुंच समाप्त हुआ। इस दौरान नावा जयपुर की पुलिस मुस्तैद रही। पुलिस पैनी नजर रख रही थी। ड्रोन कमरे से जुलूस की निगरानी की गयी। जानकारी रामनवमी समिति के अध्यक्ष सह समाजसेवी जगदीश पाण्डेय एवं नावा खास मुखिया मनोज कुमार ने दी। मौके पर अध्यक्ष जगदीश पांडेय, नावा खास मुखिया मनोज, नावा खास पंसस अखिलेश कुमार व कई जनप्रतिनिधि थे।

### पलामू-औरंगाबाद पुलिस का फ्लैग मार्च



हरिहरगंज पलामू। रामनवमी शांति और सौहार्दपूर्ण संपन्न कराने को लेकर शुक्रवार को झारखंड तथा बिहार के आला अधिकारियों ने सीमावर्ती क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च थाना से शुरू होकर मेन रोड होते अररुआ खुर्द, महाराजगंज, बंजारी सहित जुलूस मार्ग का भ्रमण किया। साथ ही ड्रोन कैमरा से जुलूस मार्ग का निरीक्षण भी किया गया। फ्लैग मार्च में छतरपुर एसडीपीएम प्रशिक्षु आईएएस आशिष गंगवार, डीडीसी मो शब्बीर अहमद, एसी कुंदन कुमार, औरंगाबाद एसडीओ संतन सिंह, छतरपुर एसडीपीओ अवध यादव, औरंगाबाद एसडीपीओ संजय पांडेय, पलामू डीएसओ प्रिति किस्कू, डीएसई संदीप कुमार, डीईओ सौरभ प्रकाश,डीटीओ जितेंद्र कुमार, डीडब्लूओ सेवा राम साहू, एनडीसी विक्रम आनंद, बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी, सीओ मनीष सिन्हा शामिल थे।

### ओपी प्रभारी ने बालू लदा ट्रैक्टर पकड़ा



हुसैनाबाद पलामू। शुक्रवार को देवरी ओपी प्रभारी ने ग्राम सोनपुरवा से सजवन जाने वाली कच्ची सड़क में अवैध बालू लोड असुरक्षित ट्रैक्टर को पकड़ा। देवरी ओपी प्रभारी ने बताया कि पुलिस गस्ती के दौरान अवैध बालू लदे गाड़ी दिखे। पूछताछ में सही जवाब व कागजात नहीं दिखाने पर उसे जब्त कर गाड़ी को ओपी में लगा दिया गया। कार्रवाई जारी है।

### ड्रोन से होगी रामनवमी जुलूस की निगरानी



मेदिनीनगर। रामनवमी को लेकर जिले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं। प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। किसी भी अप्रिय घटना से बचने और शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में ड्रोन के माध्यम से निगरानी की जा रही है। पुलिस अधिकारियों की टीम लगातार गश्त पर है और आमजन से शांति बनाये रखने की अपील की जा रही है। अफवाह फैलाने या सांप्रदायिक तनाव पैदा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।

### जिला प्रशासन ने किया फ्लैग मार्च



हुसैनाबाद पलामू। रामनवमी में शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर हुसैनाबाद अनुमंडलीय प्रशासन की अगुआई में शुक्रवार जिला प्रशासन ने हुसैनाबाद अनुमंडल के तीनों प्रखंडों में फ्लैग मार्च किया। जिसमें डीडीसी शब्बीर अहमद, एसी कुंदन कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू, डीटीओ जितेंद्र कुमार, हुसैनाबाद एसडीओ गौरांग महतो, एसडीपीओ सह आइपीएस एस मो याकूब, प्रशिक्षु आइपीएस सह हैदरनगर थाना प्रभारी दिव्यांश शुक्ला भी शामिल रहे। उन्होंने लोगों से शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील भी की।

### महावीर मंदिर के पास लगा झंडा



मोहम्मदगंज। रामनवमी की सप्तमी पर शुक्रवार को भीमनगर (मोहम्मदगंज) स्टेशन रोड स्थित निर्माणाधीन महावीर मंदिर के पास मुख्य झंडा स्थापित किया गया। इसके पूर्व देवी धाम, नहर चौक शिव मंदिर, विश्वकर्मा महादेव मंदिर, काली मंदिर में भगवा झंडा लगाया गया। मौके पर पं. शशि पांडेय, अमन कुमार, अवनीश कुमार, तन्मय कुमार, विनय मेहता, महेश चौरसिया, मनोज चौरसिया, प्रभात सिंह, सानू सिंह, मंटू, आकाश, जुगनू, पप्पू, छोटू, बिक्की, दीपू लाल अग्रवाल, रजनीश पाठक, दिलीप चौरसिया शामिल थे।

### केताट श्रीराम जानकी मंदिर में संपूर्ण श्री रामचरितमानस का पाठ शुरू



विश्रामपुर (पलामू)। प्रखंड के केताट गांव स्थित श्रीराम जानकी मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव समारोह का शुभारंभ शुक्रवार को विशेष पूजा अर्चना के साथ हुआ। जिसके बाद 24 घंटे के संपूर्ण श्रीरामचरितमानस पाठ भी शुरू हो गया। पहली वार्षिकोत्सव पर मंदिर को काफी आकर्षक तरीके से रंग बिरंगे रोशनी बल्बों व फूलों से सजाया गया, जिससे उसकी मनोहारी छटा देखते ही बन रही है। मंदिर के संस्थापक अध्यक्ष सह सेवानिवृत डीएसओ शशिनाथ चौबे ने बताया कि पांच अप्रैल की रात भक्ति जागरण है, जिसमें बिहार के लोक कलाकार अपनी कला बिखेरेंगे।

# डर... कहीं रामनवमी की धूम में दब न जाये दीया की गूंज: अरुणा शंकर

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। पलामू के इतिहास में शर्मसार करने वाली अब तक की सबसे बड़ी घटना कुंड मोहल्ला निवासी सुरेंद्र प्रसाद की 10 वर्षीय बच्ची दीया के साथ 35 वर्षीय युवक द्वारा कल किया गया बलात्कार और निर्मम हत्या। यह घटना सभी शहर वासियों को झकझोर कर रख दिया है। इस खबर को सुनते ही मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर बच्ची के आवास पर उसके परिजनों से मिलने पहुंची और उसके माता-पिता से मिलकर अपने दुख एवं संवेदना प्रकट किया। मौके पर उन्होंने कहा कि इससे बड़ी घटना पलामू के इतिहास में आज तक नहीं हुई इससे पूरा शहर शर्मसार है। बच्ची के माता-पिता ने पूरी घटना को बताते हुए दुख भरे शब्दों में कहा कि इतनी बड़ी घटना के बाद अब तक आरक्षी अधीक्षक मिलने तक नहीं आयी तो न्याय की क्या हम उम्मीद करें। प्रथम महापौर ने कहा कि यह दुखद बात है। आरक्षी अधीक्षक एक महिला है और एक 10 वर्ष की बच्ची के साथ बलात्कार और निर्मम हत्या हुई है जिसे उन्हें जरूर जाकर माता-पिता से मिलना चाहिए। प्रथम महापौर ने कहा कि इस घटना के प्रोटेस्ट में आज शाम को कई सामाजिक संस्थाओं ने मिलकर कैंडल मार्च निकालने का निर्णय लिया है। जिसमें वें शामिल होंगी ताकि ऐसे करने वाले दरिंदे को कड़ी से कड़ी सजा मिल सके। प्रथम महापौर ने प्रशासन से अनुरोध किया है तत्काल ऐसे दरिंदों पर कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि ऐसी घटना दोबारा ना घटे। उन्होंने कहा कि कहीं रामनवमी के गूंज में बच्ची की गूंज दब न जाये।

# आंतरिक सुरक्षा सेवा पदक से नवाजे जायेंगे पलामू जोन के डीआईजी वाई. एस. रमेश

- आंतरिक सुरक्षा सेवा पदक गृह मंत्रालय द्वारा दिया जायेगा
- वाई. एस. रमेश वर्ष 2014 में पलामू के एसपी भी रह चुके हैं

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। झारखंड राज्य में विभिन्न जिलों में बेहतर कार्य करनेवाले आईपीएस अधिकारियों के कार्यकाल का आकलन सरकार द्वारा किया जाता है कि किस पुलिस अधिकारी के कार्यकाल में आंतरिक सुरक्षा सेवा बेहतर रहा है। बेहतर कार्य करनेवाले पुलिस अधिकारियों को समय समय पर आंतरिक सुरक्षा सेवा पदक से गृह मंत्रालय द्वारा सम्मानित किया जाता है। इसी के तहत पलामू जिला के अलावे झारखंड के कई पुलिस अधिकारियों को आंतरिक सुरक्षा सेवा पदक से नवाजा जायेगा। इसमें पलामू जोन के डीआईजी वाई एस रमेश भी शामिल हैं। इनके कार्यकाल में पलामू का लोकसभा व विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराया गया है। बताते चलें कि वाई एस रमेश वर्ष 2014 में पलामू के एसपी रह चुके हैं। उनके कार्यकाल के समय पलामू जिला के कई थाना क्षेत्र अति उग्रवाद से प्रभावित रहा है। उसमें से नक्सलियों पर लगाम कसने में काफी हद तक सफलता प्राप्त किये हैं। पलामू जोन के डीआईजी वाई एस रमेश जब पलामू के एसपी के रूप में कार्य किया उस समय मनातू, चक, पांकी, नौडीहा बाजार, रामगढ़ जैसे कई थाना क्षेत्र नक्सलवाद के चपेट में था। उस समय उन्होंने नक्सलियों पर पूरी तरह से लगाम कसते हुए जिले के कुख्यात अपराधियों पर भी नकेल कसने का भी काम किया है। ऐसी स्थिति में सरकार द्वारा बेहतर पुलिसिंग के लिए कार्यों का आकलन किया जाता है। यह कार्य वर्ष 2022 में बेहतर कार्य करने के लिए पुलिस विभाग द्वारा आकलन किया गया। जिसमें पलामू के वर्तमान डीआईजी वाई एस रमेश का कार्यकाल पुलिसिंग के लिए आंतरिक सुरक्षा सेवा का कार्य काफी प्रशंसनीय रहा है। इसलिए केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा इन्हें आंतरिक सुरक्षा सेवा पदक से सम्मानित किया जायेगा।

# टीम के साथ सांसद उजबेकिस्तान अधिवेशन में भाग लेने रवाना हुए

खबर मन्त्र संवाददाता




बीडी राम, पलामू सांसद।

मेदिनीनगर। सांसद विष्णु दयाल ने लोकसभा के माननीय अध्यक्ष श्री ओम बिरला जी के नेतृत्व में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल के साथ उज्बेकिस्तान के ताशकंद में अंतर संसदीय संघ (आईपीयू) के 150वें अधिवेशन में भाग लेने के लिए हुए रवाना। श्री राम को अध्यक्ष जी के द्वारा भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल की ओर से अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) के ताशकंद, उज्बेकिस्तान में आयोजित 150वें अधिवेशन दिनांक 5 अप्रैल से 9 अप्रैल में भाग लेने के लिए नामित किया गया है। अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) संप्रभु देशों की संसदों का अंतरराष्ट्रीय संगठन है। आईपीयू की स्थापना वर्ष 1889 में की गयी थी, जिसका उद्देश्य विश्वव्यापी संसदीय परिचर्चा के लिए तथा लोगों के बीच शांति सहयोग और प्रतिनिधिक लोकतंत्र की ठोस स्थापना के लिए कार्य करना है। आईपीयू के लगभग 180 देशों के संसद सदस्य हैं, जो भिन्न-भिन्न विचारधाराओं, आर्थिक और सामाजिक पद्धतियों का प्रतिनिधित्व करते हैं। आईपीयू उन क्षेत्रीय अंतर संसदीय संगठनों तथा अंतरराष्ट्रीय अंतर सरकारी और गैर सरकारी संगठनों के सहयोग से भी कार्य करता है, जो सामान विचारधाराओं द्वारा प्रेरित है। आईपीयू की मीटिंग वर्ष में दो बार मार्च-अप्रैल एवं अक्टूबर-नवंबर माह में आयोजित की जाती है, जिनमें वर्तमान अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की जाती है। विदित है कि इसके पूर्व में भी सांसद को 142वें, 143वें 144वें, 145वें 146वें 147वें एवं 149वें अधिवेशन के लिए भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए नामित किया गया था। वर्ष 2021 अप्रैल माह में कोविड-19 के कारण 142वें अधिवेशन में वर्चुअल मीटिंग हुई थी जिसमें वर्चुअली रूप से भाग लिया था। नवंबर 2021 में स्पेन में 143वें अधिवेशन, इंडोनेशिया में 144वें अधिवेशन, रवांडा अफ्रीका में 145वें अधिवेशन, मनामा बहरीन में 146वें अधिवेशन लुआंडा में 147वें एवं जिनेवा में 149वें अधिवेशन में भी भाग लिया था।

# 30 साल बाद मिला शहीद को सम्मान, पैतृक गांव में कल आदमकद प्रतिमा का अनावरण

शिवशंकर पासवान

- विधायक मद की राशि से हुआ प्रतिमा का निर्माण
- सांसद और विधायक करेंगे संयुक्त रूप से अनावरण





पांकी पलामू। इसे प्रशासनिक उदासीनता कहे या देश के लिये शहीद होने वालों के प्रति सरकार की उपेक्षा। शहादत के 30 साल बाद पलामू के सपूत वीर विश्वनाथ सिंह को उनके शहादत का सम्मान मिला, और उनके पैतृक गांव टंडवा नौगढ़ में आदमकद प्रतिमा का निर्माण कराया गया। शहीद विश्वनाथ के 30 वें शहादत दिवस पर कल शनिवार को उनके प्रतिमा का अनावरण क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह और पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता संयुक्त रूप से करेंगे। शहीद विश्वनाथ सिंह आज से 30 वर्ष पूर्व 27 मार्च 1996 में जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों से लड़ते हुये शहीद हुए थे। तब की सरकार कोरम पूरा कर इस शहीद सैनिक की शहादत को भुला दिया परिवार के सदस्य भी नियति मानकर जैसे तैसे अपनी जिंदगी को जीने के लिए विवश रहे हालांकि तब परिवार के सदस्यों ने सरकार के सामने वीर विश्वनाथ सिंह के शहादत को सम्मान दिलाने के लिये काफी भागदौड़ किये, किंतु सिस्टम के सामने थककर कर उम्मीद ही छोड़ दिया था। भला हो क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों मुखिया पाइनर पांडेय (विजयशंकर पांडेय) विधायक शशिभूषण मेहता और संवेदनशील सांसद कालीचरण सिंह के साथ साथ क्षेत्र के उन संवेदनशील ग्रामीणों, बुद्धिजीवियों और डॉ भीम प्रभाकर की,जिनके मेहनत और लगन से शहीद को 30 साल बाद ही सही सम्मान मिला और उनके जन्मस्थली टंडवा नौगढ़ में आदमकद प्रतिमा का निर्माण हुआ। यह प्रतिमा आज के युवाओं के साथ साथ आनेवाले संततियों को भी देशसेवा के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा।

# रामनवमी को लेकर ऊंटारी रोड बाजार में निकला फ्लैग मार्च

खबर मन्त्र संवाददाता

- रामनवमी में कोई हुड़दंगबाजी बर्दाश्त नहीं की जायेगी : डीडीसी



ऊंटारी रोड (पलामू)। ऊंटारी रोड प्रखंड के साप्ताहिक बाजार परिसर में प्रशासन ने रामनवमी को लेकर शुक्रवार को फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च चेचरिया से निकल कर ऊंटारी रोड बाजार होते हुए सिरहा गांव पहुंच कर समाप्त हुआ। फ्लैग मार्च का नेतृत्व पलामू डीडीसी उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने किया। उन्होंने कहा कि रामनवमी को लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया है। रामनवमी में किसी हाल में हुड़दंगबाजी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सभी जगहों पर पुलिस प्रशासन की तैनाती की गयी है। हर पूजा कमिटी के पास पुलिस व मजिस्ट्रेट तैनात किये गये हैं। असामाजिक तत्वों पर पुलिस प्रशासन की कड़ी नजर है। डीडीसी शब्बीर अहमद ने यह भी कहा कि सभी पूजा कमेटी के लिए निर्देश जारी किये गये हैं सभी लोग सरकार के निर्देश के अनुसार ही चलें।

# उपद्रवियों से निपटने को पलामू पुलिस पूरी तरह मुस्तैद : एसपी रीष्मा रमेसन

खबर मन्त्र संवाददाता

- किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस ने किया मॉक ड्रील



मेदिनीनगर। रामनवमी पूजा पलामू जिला के सभी थाना क्षेत्रों के गांव स्तर तक धूमधाम से मनाया जाता है। इसमें महिला, पुरुष व बच्चे काफी संख्या में शामिल रहते हैं। पूजा के दौरान अखाड़ा व रथ के साथ भव्य तरीके से रामनवमी का शोभा यात्रा निकाला जाता है। साथ ही इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों में नवरात्र रहने के कारण यज्ञ का भी आयोजन किया जाता है। जिसमें सुरक्षा की प्रबल संभावना बढ़ जाती है। ऐसी स्थिति में पलामू एसपी रीष्मा रमेसन ने पूरी मुस्तैदी के साथ जिले के सभी थानों को अलर्ट करते हुए किसी भी घटना दुर्घटना से निपटने के लिए निर्देश दिया है। एसपी के निर्देश पर रामनवमी पूजा को ध्यान में रखते हुए किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए पुलिस लाइन में शुक्रवार को व्यापक रूप से मॉक ड्रील का आयोजन किया गया। इसमें नाजायज मजमा लगाकर लोग समाज में अशांति फैलाने का काम कर रहे हैं।

# व्यापारियों को विधायक ने दिया समाधान का भरोसा



विश्रामपुर (पलामू)। विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने शुक्रवार को विश्रामपुर के व्यापारियों से मुलाकात की। विधायक श्री सिंह ने व्यापारियों की समस्याएं सुनी और समाधान हेतु सार्थक पहल करने का भरोसा दिलाया। व्यापारियों व फुटपाथ विक्रेताओं ने विधायक से सैरात बंदोबस्ती वसूली बंद करवाने की मांग की। इसके अलावा विश्रामपुर थाना प्रभारी ने व्यापारियों के साथ कथित दुर्व्यवहार का मामला भी विधायक के समक्ष उठाया। विधायक ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि उनकी हर समस्या का समाधान निकलेगा। बेफिक्र व्यापार करें। मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र यादव, जिला योजना समिति सदस्य संजय बैठा, अमित चौधरी, सत्यम सोनी भी थे।

# रामनवमी को लेकर सतबरवा पुलिस का फ्लैग मार्च



सतबरवा पलामू। सतबरवा पुलिस ने कई गांवों में रामनवमी शांतिपूर्ण संपन्न कराने के उद्देश्यों को लेकर शुक्रवार को फ्लैग मार्च निकाला। बीडीओ सह सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की के नेतृत्व में निकले इस मार्च में पांकी अंचल की पुलिस निरीक्षक पूनम टोप्पो और सतबरवा थाना प्रभारी विश्वनाथ राणा के अलावा कई पुलिस पदाधिकारी और जवान शामिल थे। सभी ने बताया कि शांतिपूर्ण ढंग से रामनवमी का त्योहार दोनों समुदाय के लोग मिलजुलकर संपन्न करेंगे। मौके पर सुधीर सिंह, रघुराई कोटराय, बसंत दुबे, अमित उपाध्याय, योगेश चंद्र बोपाई, अंचल उप निरीक्षक विकास मिंज, वरिष्ठ उप निरीक्षक श्रीकांत दास, पुलिस पदाधिकारी व पुलिस जवान शामिल थे।

# रामनवमी पर्व को लेकर पूरे जिले में व्यापक तैयारी: डीसी

- शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने में प्रशासन को करें सहयोग : एसपी
- रामनवमी को लेकर विभिन्न प्रखंडों में निकाला गया फ्लैग मार्च

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाये जाने हेतु जिले में विभिन्न प्रखंडों में फ्लैग मार्च निकाला गया। उपायुक्त शशि रंजन एवं पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन के निदेश पर फ्लैग मार्च में जिला स्तरीय प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी भी शामिल रहे। उपायुक्त शशि रंजन एवं पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने जिलेवासियों से शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी पर्व मनाने की अपील की है। उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि रामनवमी पर्व को लेकर पूरे जिले में व्यापक तैयारी की गई है। ड्रोन के माध्यम से नजर रखी जा रही है।

### मां को लड़की की तरह लड़कों पर भी सतर्कता बरतनी चाहिए : शर्मिला सुमी

मेदिनीनगर। डालटनगंज के कांदू मुहल्ले में एक नाबालिग बच्ची के दुष्कर्म और हत्या की घटना सामने आई है जो अत्यंत ही निंदनीय और शर्मनाक है। सामाजिक कार्यकर्ता शर्मिला सुमी ने कहा कि ऐसी घटनाएं यह सोचने को विवश करती हैं कि आखिर हमारा समाज किस ओर जा रहा है? सबसे बड़ा कारण है ऐसी घटनाओं में त्वरित कार्रवाई न होना। ऐसे अपराधों में बिना कोई देर किए, तुरंत छानबीन करके सजा का प्रावधान हो। बेटियों को सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग देना स्कूलों में अनिवार्य हो।

# अटूट आस्था का स्थल है बक्षराज कुंअर बाबा स्थल : अविनाश वर्मा

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर /बलरामपुर। छत्तीसगढ़ स्थित बलरामपुर जिले में वाड्रफनगर के मानपुर पंचायत में सैकड़ों वर्ष पुराना बक्षराज कुंअर बाबा की मूर्ति जो दुर्लभ और अनोखे पत्थर से निर्मित है और यह पूजा स्थल लाखों लोगों के आस्था और विश्वास का प्रतीक है। गत दिन अपने व्यक्तिगत दौरे के क्रम में उक्त स्थल पर पहुंचे अविनाश कुमार वर्मा ने बताया कि पिछले कई वर्षों से इस पवित्र स्थान के बारे में सुनने का मौका मिल रहा था मगर आज इस स्थल पर आकर पूजा अर्चना कर मन तृप्त और गदगद हो गया। विदित हो कि गत दिन अविनाश वर्मा अपने पारिवारिक मित्र और शहर के प्रतिष्ठित व्यवसाई आनंद शंकर के ससुर स्वर्गीय राजकुमार गुप्ता के प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने छत्तीसगढ़ स्थित उनके पैतृक गांव कछिया पहुंचे थे।

# किसी के साथ अन्याय नहीं होने देंगे : विधायक

- सैरात बंदोबस्ती के विरोध में झामुमो ने दिया एक दिवसीय धरना

विश्रामपुर (पलामू)। नप के हाट-बाजार की सैरात बंदोबस्ती के विरोध में झामुमो ने शुक्रवार को रेहला साप्ताहिक बाजार में एक दिवसीय धरना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता झामुमो प्रखंड अध्यक्ष एमामुल हक गुड्डू ने की। धरना में विधायक नरेश प्रसाद सिंह भी शामिल हुये। जिन्हें झामुमो नेताओं ने एक ज्ञापन सौंप कर सैरात की तसीली तत्काल बंद कराने की मांग की। विधायक ने कहा कि विश्रामपुर विस क्षेत्र के किसी भी व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं होने दिया जायेगा। इसे लेकर पलामू उपायुक्त से मिलकर जनमानस की भावनाओं से अवगत कराते हुये वसूली पर रोक लगवाने को कहूंगा। अगर तकनीकी कारणों से सैरात बंदोबस्ती रद्द नहीं हो पायेगी तो अपनी ओर से नप को बंदोबस्ती की राशि दूंगा। दुकानदारों से किसी भी कीमत पर वसूली नहीं होगी। मौके पर झामुमो नगर अध्यक्ष दिनेश मेहता, सचिव रंजीत प्रजापति, राजद प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र यादव, डॉ डी पी शुक्ला, सरवर मुस्तफा, समसुद्दीन अंसारी, उपेंद्र कुशवाहा, बिहारी पासवान सहित काफी संख्या में स्थानीय दुकानदार मौजूद थे।

# त्योहार के दौरान अशांति फैलानेवालों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी : सीओ

- रामनवमी पर्व को लेकर पाटन, नावा जयपुर थाना व किशुनपुर ओपी पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

खबर मन्त्र संवाददाता



फ्लैग मार्च करती पाटन पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी।

पाटन पलामू। रामनवमी पर्व को लेकर पाटन थाना, नावा जयपुर थाना और किशुनपुर ओपी पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। पाटन प्रखंड के सुठा लोइंगा किशुनपुर नावाजयपुर सहित नावाखास सहित विभिन्न जगहों पर पहुंचा जहां लोगों को शांतिपूर्ण व भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की गई। फ्लैग मार्च में पाटन सीओ राकेश कुमार श्रीवास्तव, पुलिस इंस्पेक्टर अनिल सिंह, पाटन थाना प्रभारी लालजी, नावा जयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पांडेय, किशुनपुर ओपी प्रभारी निलेश कुमार एवं कई पुलिस कर्मी शामिल थे। फ्लैग मार्च के दौरान रामनवमी पर्व को शांति पूर्वक व आपसी भाईचारा के साथ मनाने के लिए लोगों से कहा गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व पाटन सीओ राकेश कुमार श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान कोई भी व्यक्ति अशांति फैलाने का कोशिश नहीं करेंगे अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जायेगी। पर्व के दौरान गलत मैसेज नहीं करेंगे। ऐसे लोगों पर पुलिस पैनी नजर रखेगी। वहीं तीनों थाना के थाना प्रभारी ने भी लोगों को सरकार के गाइडलाइन के अनुसार रामनवमी पर्व मनाने के लिए कहा। पुलिस पदाधिकारी ने कहा कि जुलूस के दौरान कोई भी व्यक्ति गलत काम करते हुये पाये जाते हैं तो उन पर पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी। पुलिस पर्व के मद्देनजर चौकस है। कहीं भी कोई गलत सुचना प्राप्त होता है तो तुरंत पुलिस को सुचित करें। त्वरित कार्रवाई की जायेगी। वहीं पुलिस के द्वारा संवेदनशील जगहों पर पुलिस बल तैनात रहेगी।

### टेमराई में बड़े पैमाने पर पत्थर उत्खनन से ग्रामीण दहशत में : प्रमुख

# घनी बस्ती के बीच में माइनिंग के नाम पर किया जा रहा है दलितों का शोषण

खबर मन्त्र संवाददाता



अवैध उत्खनन से त्रस्त लोग गुहार लगाते हुए।

चैनपुर (पलामू)। चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के नेउरा पंचायत के टेमराई में प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी व पंसस ऊषा देवी ने बड़े पैमाने पर हो रहे पत्थर उत्खनन का औचक निरीक्षण किया। प्रमुख ने कहा कि घनी बस्ती के बीच पत्थर माइंस का संचालन होना बड़ी दुर्भाग्य की बात है। साथ ही उन्होंने कहा कि पत्थर माइंस में पत्थर उत्खनन व हैवी ब्लास्टिंग खनन मानक के अनुसार नहीं हो रहा है। जिससे पत्थर उत्खनन होने से ग्रामीण व उनके घरों पर हर समय दुर्घटना होने की संभावना लगी रहती हैं और स्थानीय ग्रामीण पत्थर ब्लास्टिंग व प्रतिदिन भारी वाहन गुजरने से दहशत का जीवन जीने पर मजबूर हैं। पंसस ऊषा देवी ने कहा कि पत्थर संचालक मनमानी तरीके से घने बस्ती के बीच पत्थर उत्खनन करने का काम कर रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि दलित व शोषित ग्रामीण विरोध करते हैं तो उनकी आवाजों को दबाया जाता है। इससे गरीब असहाय ग्रामीण भय के साये में रहने को मजबूर हैं। साथ ही स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि पत्थर माइंस का संचालन होने से कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही ग्रामीणों ने कहा कि विरोध करने पर इसका सुध लेने वाला कोई नहीं है।

# छठ घाटों पर बेहतर प्रबंध के लिए एसडीओ ने किया सम्मानित

- स्टूडेंट क्लब गढ़वा एवं जय देवी संघ टंडवा को किया गया सम्मानित
- एसडीओ ने उक्त दोनों समितियों के अलावा फ्रेंड्स क्लब की भूमिका की भी सराहना की

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने स्टूडेंट क्लब गढ़वा एवं जय देवी संघ टंडवा को चैती छठ के दौरान दानरो नदी किनारे छठ संपन्न कराने के लिए किए गए प्रबंध और सकारात्मक प्रयासों के लिए सम्मानित किया। उन्होंने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में स्टूडेंट क्लब के संरक्षक विनोद जायसवाल, अध्यक्ष नमन केषरी तथा जयदेवी संघ टंडवा के संरक्षक टिंकू गुप्ता को अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि विनोद जायसवाल का दानरो नदी तट पर किए गए किसी भी धार्मिक सांस्कृतिक आयोजन में सदैव से सराहनीय योगदान रहता है। वे न केवल बढ़-चढ़कर ऐसे हर सार्वजनिक कार्यक्रम में सदैव तत्पर रहते हैं, बल्कि प्रशासनिक नियम कानूनों के अनुपालन करने हेतु सदैव स्थानीय लोगों को प्रेरित करते हैं। इसी तरह स्टूडेंट क्लब के अध्यक्ष तथा जयदेवी संघ टंडवा के अध्यक्ष ने भी सदैव छठ पर्व आयोजन में बढ़ चढ़ कर अपना योगदान दिया है। एसडीएम ने उक्त दोनों समितियों के अलावा फ्रेंड्स क्लब की भूमिका की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि इस बार छठ पर्व के दौरान खतरनाक डीजे का उपयोग नहीं किया गया, इसके लिए इन सामाजिक संगठनों की महत्वपूर्ण सकारात्मक भूमिका के लिए वे साधुवाद देते हैं। उन्होंने रामनवमी एवं चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष्य में गढ़वा अनुमंडल क्षेत्र के श्रद्धालुओं एवं सभी धार्मिक, सामाजिक संगठनों को शुभकामनाएं दीं।

## सीडीपीओ कार्यालय की आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिका को दी गई विदाई

**मझिआंव।** सीडीपीओ कार्यालय की आंगनबाड़ी महिला पर्यवेक्षिका (सुपरवाइजर) सुमित्रा देवी के सेवानिवृत्त होने पर प्रखंड सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीडीओ कनक एवं सीओ प्रमोद कुमार सहित काफी संख्या में आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका उपस्थित थीं। सभी के द्वारा बारी-



बारी से सेवानिवृत आंगनबाड़ी सुपरवाइजर सुमित्रा देवी को अंग वस्त्र के साथ-साथ उपहार भेंट कर उन्हें सम्मानित करते हुए सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। मौके पर दोनों प्रशासनिक अधिकारियों ने उनके कार्यकाल में किए गए कार्यों की काफी सराहना की। मौके पर अंचल नजीर प्रेम शंकर मिश्रा, प्रखंड नाजिर जितेंद्र सिंह, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर प्रभा देवी, सुमित्रा कुमारी, संगीता देवी, शीला देवी, अनुराधा देवी, कल्पना देवी, मालती देवी, सरिता देवी, सविता देवी, बिंदा देवी, रीमा देवी, मीरा देवी आदि उपस्थित थी।

## गायत्री परिवार ने की गंगा आरती



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** चैत्र नवरात्र के अवसर पर मझिआंव कोयल नदी के घाटों पर सैकड़ो छठ व्रतियों ने उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। इस तरह तीन दिवसीय छठ व्रत का समापन किया गया। इस अवसर पर गायत्री परिवार के युवा मंडल के जिला संयोजक बिरेन्द्र सोंनी द्वारा मझिआंव कोयल नदी के मेला छठ घाट पर नवरात्रि के षष्टी तिथि को शाम में गंगा आरती का आयोजन किया गया। साथ ही सप्तमी तिथि को सुबह में भी गंगा आरती की गई। इस दौरान बिरेन्द्र सोंनी एवं धर्मशीला देवी ने पूजा अर्चना एवं गंगा आरती की। जबकि पंडित विनय पाठक द्वारा कर्मकाण्ड सम्पन्न कराया गया। मौके पर युवा मंडल के पवन कुमार जायसवाल, चंदन कमलापुरी, उज्वल कुमार, बिरेन्द्र कुमार, विवेक सोनी, संजय कमलापुरी, मारुतिनंदन सोनी, सोनू जायसवाल, बंशी प्रसाद, अशोक चौरसिया, सुनीता चौरसिया, प्रियंका देवी, मंजू देवी, संतोषी देवी, सरस्वती देवी, शीला देवी, अंजना देवी, विनीता देवी सहित सैकड़ों श्रद्धालु व छठ कमिटी के सदस्य उपस्थित थे।

## एसडीओ ने अनुमंडलीय पुस्तकालय का किया औचक निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने शुक्रवार को अनुमंडलीय पुस्तकालय का औचक निरीक्षण कर वहां अध्यनरत अभ्यर्थियों से संवाद किया। पूर्व के भ्रमण के दौरान अभ्यर्थियों द्वारा उठाई गई समस्याओं की दिशा में अब तक जो प्रयास हुए उसके बारे में परिचर्चा हुई। पेयजल, साफ सफाई, वाईफाई आदि के बारे में फीडबैक लिया गया। ज्यादातर अभ्यर्थियों ने कहा कि वे यहां की सभी व्यवस्थाओं से संतुष्ट हैं। कुछ छात्राओं ने कहा कि उन्हें अंग्रेजी माध्यम की पुस्तकों की आवश्यकता है, इस पर संजय कुमार ने उन्हें आश्वस्त किया कि वे सूची बनाकर दें उन्हें कहीं से भी जरूरी पुस्तकें उपलब्ध करा कर दी जाएंगी। कुछ अभ्यर्थियों ने ऊपरी तल पर आरओ वाटर फिल्टर, एसी तथा इनवर्टर की मांग रखी, इस पर सभी को आश्वस्त किया गया कि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई की जाएगी। एसडीओ ने पुस्तकालय के प्रथम तल पर स्थित वाटर फिल्टर को दुरुस्त कराने तथा वाईफाई सुविधा को स्पॉन्सर करने की दिशा में स्वैच्छिक सहयोग देने के लिए गढ़वा के समाजसेवी एवं शिक्षाविद अलखनाथ पांडेय को धन्यवाद दिया।

मौके पर एसडीओ ने सभी छात्र-छात्राओं को प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के बारे में बताते हुए कहा कि पात्रता के दायरे में आने वाले सभी लोग 15 अप्रैल तक उक्त आवेदन को ऑनलाइन माध्यम से जरूर भर दें, ऐसे सभी छात्र-छात्राओं को जो अभी बेरोजगार हैं और उनके परिवार की आय 8 लख रुपए से कम है उन्हें 5000 रुपए मासिक छात्रवृत्ति इस योजना के दौरान मिलती है, साथ ही देश की टॉप 500 कंपनियों में इंटर्नशिप का मौका मिलता है।

मौके पर पत्रकार जितेंद्र सिंह, मणिभद्र सिंह, अभिमन्यु सिंह आदि मौजूद थे।

## सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति में लाइटिंग के विशेष साज-सज्जा से लोग आकर्षित



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति इस बार लाइटिंग के विशेष साज-सज्जा से लोगों को आकर्षित कर रहा है। इसके अलावा मंदिर के मुख्य द्वार पर बना मिशाईल आकर्षण का केंद्र बना हुवा है। वहीं पंडाल के मध्य प्रांगण में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थाई भव्य भवन में स्थापित हैं। मां दुर्गा की प्रतिमा के बगल में अन्य देवी देवताओं की प्रतिमा स्थापित है। वहीं सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह, सचिव प्रदीप सिन्हा, कोषाध्यक्ष रविंद्र कुमार पांडे ने संयुक्त रूप से बताया कि सन 1937 से पूजा का त्यौहार समिति के द्वारा बड़े ही धूमधाम से मनाते आ रहे हैं। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से वासन्ती दुर्गा पूजा मनाया जा रहा है। असामाजिक गतिविधियों पर नजर रखने के लिए पंडाल एवं आसपास में सीसीटीवी कैमरे के जरिए नजर रखी जा रही है।

## भाजपा नेता राजबल्लभ शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त

**डोमचांच (कोडरमा)।** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजबल्लभ शर्मा के निधन पर भाजपाईयों ने गहरा दुरूख व्यक्त किया है। भाजपा ओबीसी मोर्चा पूर्व जिलाध्यक्ष महेन्द्र प्रसाद वर्मा ने कहा कि स्व शर्मा के निधन से पार्टी एक सिपाही को खो दिया। पार्टी के विस्तार में उन्होने अपना योगदान दिया था। उनके निधन पर भाजपा नेत्री संगीता सिंहा, परमेश्वर यादव, महेन्द्र यादव, सुरेश विश्वकर्मा आदि ने शोक व्यक्त किया है।

## जयनगर में मनरेगा, आवास एवं 15वें वित्त से संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन

**जयनगर (कोडरमा)** प्रखंड सभागार में शुक्रवार को बीडीओ गौतम कुमार की अध्यक्षता में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं 15वें वित्त से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी पंचायतों के ग्राम रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, आवास समन्वयक सुमित कुमार झा, प्रखंड समन्वयक विवेक कुमार एवं बीपीओ विकास कुमार सिंह उपस्थित थे। बैठक के दौरान बीडीओ ने निर्देश दिया कि वर्ष 2023–24 के सभी अपूर्ण प्रधानमंत्री आवासों को जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए एवं 2024–25 के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में कार्य किया जाए। साथ ही बचे हुए प्रधानमंत्री आवास लाभार्थियों का शीघ्र पंजीकरण कराने के निर्देश दिए गए। मनरेगा के तहत प्रत्येक पंचायत में 10–10 एकड़ बागवानी एवं 5–5 नए कूप निर्माण की योजना को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, पूर्व में स्वीकृत योजनाओं को शीघ्र एमआईएस में पूर्ण करने पर भी जोर दिया गया। 15वें वित्त आयोग के तहत सभी पंचायतों को आवंटित बजट का कम से कम 85 प्रतिशत राशि व्यय करने के निर्देश दिए गए ताकि विकास कार्यों को गति मिल सके। बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इन योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया, जिससे विकास कार्यों का सुचारू रूप से संचालन हो सके।

## मुंबई से घर आया इंजीनियर का शव, गांव में मातम

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के गांव घुरुआ खुर्द निवासी समीम खान के 25 वर्षीय पुत्र पॉलिटेक्निक इंजीनियर अफजल खां का शव गुरुवार की रात पैतृक गांव घुरुआ खुर्द पहुंचा। शुक्रवार को मुस्लिम रीति रिवाज के तहत उसे मिट्टी में दफनाया गया। इधर मृतक युवक का चचेरा भाई राजा खां ने बताया कि प्रेम प्रसंग के मामले में हत्या को अंजाम दिया गया है। साक्ष्य को छुपाने के लिए महाराष्ट्र के मुंबई विक्रोली टैगोर नगर के समीप रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया गया, ताकि रेल दुर्घटना का रंग दिया जा सके। घटनास्थल क्षेत्राधिकार के रेल पुलिस ने संदेहास्पद स्थिति में शव को बरामद किया था। उन्होंने कहा कि अगर रेलगाड़ी से टक्कर होती तो शरीर के कई हिस्से क्षतिग्रस्त हो जाते हैं। लेकिन रेलवे ट्रैक पर पड़े शव को देखने से प्रतीत हो रहा था कि कहीं ना कहीं मेरे चचेरे भाई की बेरहमी से पिटाई करने के बाद हत्या कर रेलवे ट्रैक पर शव को फेंक दिया गया। उन्होंने कहा कि अगर जांच हर एक बिंदु पर की जाए तो सच्चाई का पता चल जाएगा। उन्होंने बताया कि इस मामले में मझिआंव थाना से संपर्क किया गया तो थाना पुलिस द्वारा कहा गया कि घटनास्थल मेरा क्षेत्राधिकार के बाहर है। इसलिए घटनास्थल क्षेत्राधिकार के थाने में ही रिपोर्ट दर्ज करवाने की बात कही गई। इधर उन्होंने बताया कि ऑनलाइन के माध्यम से प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। ज्ञात हो कि गत मंगलवार की रात लगभग 8:00 बजे रेलवे ट्रैक से पुलिस ने मृतक युवक का शव बरामद किया था। उसके बाद कुछ लोगों ने गढ़वा पुलिस को ट्वीट कर जानकारी दी और शव मंगाने का रिक्वेस्ट किया। वहां से कुछ दूरी पर गांव के ही कुछ लोग काम करते थे उनके सहयोग से एंबुलेंस के माध्यम से 3 दिन के अंतराल में मृतक का शव घर पहुंचा। परिजनों ने बताया कि 3 महीने पूर्व युवक काम करने के लिए गया था। और अपने मामा के शादी के उपलक्ष में घर आने के लिए 10 अप्रैल को टिकट कराया था। इसी बीच घटना घटी।

## विभिन्न सरना कमेटियों ने भव्य सरहुल जुलूस निकाला





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** विभिन्न सरना कमेटियों द्वारा शुक्रवार को रामगढ़ में भव्य सरहुल जुलूस का आयोजन किया गया। जुलूस में आदिवासी समाज के महिला-पुरूष झारखंड की पारंमपरिक वेष-भूषा में जुलूस में शामिल होकर ढोल-नगाड़ों की धून पर थिरकते हुए आगे बढ़ रहे थे। जिससे जुलूस पूरी तरह भव्य प्रतीत हो रहा था। विभिन्न कमेटियों द्वारा आयोजित जुलूस भव्य तरीके से भ्रमण किया। वहीं, कई संगठनों ने जगह जगह स्टॉल लगाकर जुलूस में शामिल लोगों का शरबत और चना से स्वागत किया।

# गोपियों एवं भक्तों के साथ भगवान श्री कृष्ण ने रचायी रास

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**गढ़वा।** श्री रामलला मंदिर में आयोजित श्री रामचरित मानस पाठ सह अमृत प्रवचन के चौथे दिन भगवान की रास लीला की कथा सुनाई गई। साथ ही स्थानीय बच्चियों ने रास लीला की अनोखी प्रस्तुति कर सभी भक्तों को नाचने के लिए विवश कर दिया।

इस मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय एवं उपाध्यक्ष नन्द कुमार गुप्ता ने आचार्य संजय कृष्ण शास्त्री को माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर अध्यक्ष ने कहा कि हम सब बड़े ही सौभाग्यशाली हैं कि अयोध्या के बाद झारखंड के गढ़वा में भगवान रामलला बाल रूप में मौजूद हैं। श्री रामनवमी का पर्व हम सब को नौ दिनों तक सात्विक भाव से प्रभु राम से सीखने का अवसर प्रदान करता है। इसी उद्देश्य के साथ यहां प्रतिवर्ष श्री रामनवमी महोत्सव मनाया जाता है।

इस मौके पर रासलीला की कथा सुनाते हुए आचार्य संजय कृष्ण शास्त्री ने कहा कि गोपियां कोई सुंदर महिलाएं एवं युवतियां नहीं थीं। ये गोपियां त्रेता युग के दंडक वन के संत थे जो भगवान राम पर मोहित हो गए थे और उनका संसर्ग चाहते थे। जिन्हें राम ने द्वापर युग में गोपियों के रूप में स्वीकार किया। ये गोपियां दैत्य राज में सताए गए साधु संत थे, ये गोपियां 80 हजार वेद मंत्र थीं जो किसी की बेटी, किसी की बहन, किसी की पत्नी, किसी की बहु बनकर आई थीं। रास देवजनों से लेकर सभी सनातनियों के लिए इतना पवित्र और प्रेरणादायी था कि ब्रह्मा जी ने रास की रात्रि को छह माह का बना दिया था। रास इतना आकर्षक था कि भगवान शंकर भी महिला वेश धारण कर पहुंच गए थे। वास्तव में रास की रात्रि अमृत की रात्रि थी, सारे कष्ट, व्यवधान, पाप, अन्याय को समाप्त करने वाली थी। रास की रात्रि भगवान से सीधे आशीर्वाद और वरदान मिलने वाली थी, वह सारी मनोकामना पूरी करने वाली रास थी। जिसे पाने के लिए देव जन भी तरस रहे थे। मौके पर मंदिर समिति के सचिव धनंजय सिंह, कोषाध्यक्ष धनंजय गोंड, विकास दुबे, सुदर्शन सिंह, श्यामा पांडेय, किशोर सिंह, दिलीप कमलापुरी, आशीष अग्रवाल, धनंजय ठाकुर, विश्वनाथ सिंह, जितेंद्र कमलापुरी, अनिल शर्मा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।


**Office of the Deputy Commissioner-cum-District Magistrate, Ramgarh (Office of District Skill Office, Ramgarh)**

**-: प्रेस विज्ञप्ति :-**

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग जिला कौशल कार्यालय–जिला नियोजनालय, रामगढ़ के द्वारा कुल 180 युवक/युवतियों का 12 माह के लिए अमीन प्रशिक्षण हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किये गए थे। प्राप्त आवेदन में से योग्य अभ्यर्थीयों का प्रवेश पत्र दिनांक 15/04/2025 को रामगढ़ के Website- https://ramgarh.nic.in/ में Upload किया जाएगा एवं परीक्षा दिनांक 20/04/2025 को होगा।

अतः सभी आवेदको को सलाह दी जाती है कि उपरोक्त दिनांक को आवेदन पत्र Website- https://ramgarh.nic.in/ से Upload कर ससमय परीक्षा में शामिल हो।

ह०/– जिला कौशल पदाधिकारी, रामगढ़। | ह०/– उप विकास आयुक्त, रामगढ़। | ह०/– उपायुक्त, रामगढ़।

PR.NO.349686 Labour Employment and Traning(25-26):D

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, KODERMA**

**e-Procurement Tender Notice**

Tender Reference No: - SPUF/MID/KODERMA/F2-01/2025-26 Letter no: - 208Date: - 04.04.2025

Details of Works:-

| SL. No. | Name of Block | Scheme Name | Estimated Cost (In Lakh) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Domchanch | Construction of P.C.C Main Road and Guard Wall at Vill -Gharwarlyabar, G.P. Behradih, Under Domchanch Block | 36.182 | 03 Months |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of e-Tender on Website | 12.04.2025 at 3:00 P.M |
| 2. | Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online | 24.04.2025 up to 5:00 P.M |
| 3. | Last Date for Onlin-e Submission of Tender Fee and EMD | 24.04.2025 up to 5:00 P.M |
| 4. | Date of opening of e-Tender | 26.04.2025 at 3:00 P.M |
| 5. | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma |
| 6. | Contact no. of e-Procurement officer | 9939193214 |
| 7. | E-mail of e-Procurement office | eemidkod-cemr-jhr@nic.in |

Note: -1) Only e-Tender will be accepted.
2) Published Estimated Cost May be Increased or Decreased.
3) Mode of Submission of Online Tender/Tender Fee/EMD Through http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma

PR 349703 Minor Irrigation(25-26)D

**कार्यालय, दक्षिणी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, राँची।**

**–: आम सूचनाः –**

पत्रांक.................. राँची/दिनांक..............

एतद् द्वारा सभी व्यवसायिक वाहन स्वामियों को सूचित करना है, कि अंकेक्षण दल द्वारा आपके राष्ट्रीय प्राधिकरण परमिट के समाप्ति के उपरान्त अभी तक नवीकरण नहीं कराए जाने पर आपत्ति की गई है, जिसकी सूची निम्नवत है–

| S.NO | VEHICLE NO | DUE AMOUNT | VALIDITY |
|---|---|---|---|
| 1 | JH05T-9716 | 20500 | 2008-2013 |
| 2 | JH05V-5701 | 20500 | 2008-2013 |
| 3 | JH05V-5702 | 20500 | 2008-2013 |
| 4 | JH05V-1673 | 15500 | 2008-2013 |
| 5 | JH05V-4566 | 15500 | 2008-2013 |
| 6 | JH01D-5404 | 15500 | 2008-2013 |
| 7 | JH05S-6959 | 25500 | 2008-2013 |
| 8 | HR38G-2187 | 35500 | 2008-2013 |
| 9 | CG04S-8915 | 15500 | 2008-2013 |
| 10 | JH01V-6988 | 30500 | 2008-2013 |
| 11 | JH05V-6119 | 20500 | 2008-2013 |
| 12 | JH05V-7916 | 25500 | 2008-2013 |
| 13 | BR16G-8661 | 20500 | 2008-2013 |
| 14 | JH01B-0575 | 20500 | 2008-2013 |
| 15 | JH01W-1192 | 25500 | 2008-2013 |
| 16 | JH01E-9102 | 10500 | 2008-2013 |
| 17 | JH01W-2511 | 15500 | 2008-2013 |
| 18 | JH01W-7208 | 20500 | 2008-2013 |

अतः उपरोक्त सभी वाहनों स्वामियों को अपने वाहनों का परमिट अवधि समाप्ति के उपरांत परिचालित कर रहे है ,वो अपना राष्ट्रीय प्राधिकरण परमिट का नवीकरण सूचना प्रकाशन की तिथि से सात दिनों के अन्दर करा लेंगे। अन्यथा बिना परमिट वाहन परिचालित होते हुए पाए जाने पर उनके विरुद्ध मोटरवाहन अधिनियम के सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई की जायेगी।

उप परिवहन आयुक्त–सह–सचिव, द०छो०प्रा०परि०प्राधिकार, राँची।

PR 349715 (Transport) 25-26 (D)

**कार्यालय, दक्षिणी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार,रांची।**

पत्रांक................................ रौंची/दिनांक–........................................

**–: आम सूचना :–**

Carriage By Road Act 2007 के तहत विभिन्न Transporter / Company द्वारा अभी तक निबंधन नहीं कराने के संबंध में।

संबंधित सभी Transporter/ Company को Carriage By Road Act 2007 के तहत निबंधन कराने हेतु इस कार्यालय द्वारा समय समय पर नोटिस निर्गत किया जाता रहा है इससे संबंधित प्रकाशन दिनांक 19.07.2024 को भी दैनिक समाचार पत्रों में हुआ था, परंतु आप लोगों के द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

अतः आपको पुनः इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि सूचना प्रकाशन कि तिथि से 7 दिनों के अंदर अपनी Transporter / Company का निबंधन कराना सुनिश्चित करें अन्यथा बाध्य होकर विधिसम्मत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

कंपनी की सूची निम्नांकित है–

| Sr. No. | Company Name | Address |
|---|---|---|
| 1 | M/S SAI TRADE & PACKAGING CO | CIRCULAR ROAD ,RANCHI |
| 2 | M/S SALASAR PACKAGING INDUSTRIES | KATHAL MORE ,RANCHI |
| 3 | M/S G.E CAPITAL TRANSPORTATION FINANCIAL SERVICES | KANKE ROAD RANCHI |
| 4 | M/S J.V INFRASTRUCTURE & ROADWAYS | CIRCULAR ROAD ,RANCHI |
| 5 | M/S TRIUPATI PACKAGING | LALGUTWA ,RANCHI |
| 6 | M/S PEE BEE ROADWAYS | RATU ROAD ,RANCHI |
| 7 | M/WS PRIME MOVER | KANKE ,RANCHI |
| 8 | M/S FIROTECH REFACTORIES | KHELARI ,RANCHI |
| 9 | M/S NET PHARMA | RANCHI |
| 10 | M/S ZYIYS INFRALOGISTICS | BOOTY ROAD ,RANCHI |
| 11 | M/S ARC MOVERS & MINERALS PVT LTD | ORMANJHI ,RANCHI |
| 12 | M/S RANCHI PACKAGING ENTERPRISES | HB ROAD ,RANCHI |
| 13 | M/S BHARAT GEARS LIMITED | NORTH MARKET ,RANCHI |
| 14 | M/S JAI MA KALI TRASNPORT &SUPPLIER | RATU ROAD ,RANCHI |
| 15 | M/S KHEMKA LOGISTICS | UPPER BAZAR ,RANCHI |
| 16 | M/S DASHNESH ROAD CARRIER | ITKI ROAD ,RANCHI |
| 17 | M/S SHASHANK TRADERS | HARMU ROAD, RANCHI |
| 18 | M/S MAA SHARDA TRANSPORT & SUPPLIER | RATU ROAD, RANCHI |
| 19 | M/S LOVELY TRANSPORT CO. | RATU ROAD ,RANCHI |
| 20 | M/S CHANAMI TRANSPORT | UPPER BAZAR ,RANCHI |
| 21 | INDICON ENTERPRISES LIMITED | NAMKUM ,RANCHI |
| 22 | M/S VISHAL PACKERS PRIVATE LIMITED | ASHOK NAGAR ,RANCHI |
| 23 | M/S SHREE DURGA PACKAGING | SHRIDURGAPK@GMAIL.COM |
| 24 | 1ST ALARM SYSYTEM | DHURWA ,RANCHI |
| 25 | M/S FND LOGISTICS PRIVATE LIMITED | ARGORA ,RANCHI |
| 26 | M/S S.M.PACKERS | KHUNTI |
| 27 | NIRMAL ANAND TRANSPORT | SAMGAR ,RANCHI |
| 28 | M/S SONU DRESSES | SONU DRESSESS1998@GMAIL.COM |
| 29 | M/S U.B AND CO. | BATI TOLI |
| 30 | M/S EMPIRICH WATCH COMPANY | MAIN ROAD ,RANCHI |
| 31 | M/ S R.K .ENTERPRISES | THARPAKHNA ,RANCHI |

उप परिवहन आयुक्त–सह–सचिव, द०छो०प्रा०परि० प्राधिकार, रांची।

PR 349722 Transport (25-26)D

# गंभीर चिंता

चिंता की बात यह भी है कि विकासशील देशों में सरकारें रोटी, कपड़ा व मकान जैसी मूलभूत सुविधाओं के जुगाड़ में लगे रहने और गरीबी की समस्या से जूझते हुए, स्वास्थ्य के उन उच्च गुणवत्ता मानकों को वरीयता नहीं दे पाती, जो अंतर्राष्ट्रीय मापदंडों के अनुरूप हों। ऐसा ही एक अध्ययन जर्मन ब्रिटिश अकादमिक कंपनी स्प्रिंग नेचर द्वारा एक पर्यावरण विषयक पत्रिका में प्रकाशित किया गया है। शोधकताओं ने केरल में दस प्रमुख ब्रांडों के बोतलबंद पानी को अध्ययन का विषय बनाया है। अध्ययन का निष्कर्ष है कि प्लास्टिक की बोतल के पानी का इस्तेमाल करने वाले व्यक्ति के शरीर में प्रतिवर्ष 153 प्लास्टिक कण प्रवेश कर जाते हैं। निश्चय ही यह चिंता का विषय है। दरअसल, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बोतलबंद पानी बेचने का बड़ा प्रतिस्पर्धी कारोबार है। दुनिया के बड़े कारोबारी देश भारत के बड़े उपभोक्ता बाजार पर ललचाई दृष्टि रखते हैं। इसके बावजूद मुद्दा गंभीर है और हमारी सरकारों को अपने स्तर पर गंभीर जांच-पड़ताल करनी चाहिए। इस दिशा में न केवल केरल बल्कि अन्य राज्यों में भी ऐसे ही अध्ययन होने चाहिए। इसमें सरकारी जल आपूर्ति को भी शामिल करना जरूरी है। हमारे जीवन में जहर घोल रहे माइक्रोप्लास्टिक के हवा व पेड़-पौधों पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर भी कई अध्ययन सामने आए हैं। पिछले दिनों एक अध्ययन में मनुष्य के मस्तिष्क में प्लास्टिक के नैनो कणों के पहुंचने पर चिंता जतायी गई थी। दावा था कि प्रतिदिन सैकड़ों माइक्रोप्लास्टिक कण सांसों के जरिये हमारे शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। सर्वविदित है कि देश के नीति-नियंताओं की कार्यस्थली दिल्ली दुनिया की सबसे ज्यादा प्रदूषित राजधानी है। प्रदूषण के कारण प्लास्टिक कण हमारी जीवन प्रत्याशा को घटा रहे हैं और कैंसर जैसे कई घातक रोग साथ में दे रहे हैं।

## आज का राशिफल

**मेष :** बुद्धि व धन का दुरुपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

**वृष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5

**मिथुन :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8

**कर्क :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8

**सिंह :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9

**कन्या :** अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9

**तुला :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7

**धनु :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8

**मकर :** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8

**कुंभ :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8

**मीन :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। यात्रा सुखद रहेगी। शुभांक-3-5-7

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# भारत कुमार ने राष्ट्रभक्त फिल्मों की अमिट छाप छोड़ी





- मनोज शर्मा

**लोगों के मन में भारत कुमार (मनोज कुमार) की अमिट छाप बनी रहेगी।**

भारतीय फिल्मों के महान अभिनेता मनोज कुमार भी चले गये।?मनोज कुमार का निधन शुक्रवार 4अप्रैल 2025 को मुबई के कोकिलाबेन अस्पताल में 87वर्ष की उम्र में हो गया। उनके परिजनों ने कहा कि वो लीवर सिरोसिस से जूझ रहे थे।उनके निधन पर प्रधानमंत्री सहित देश?के बड़े राजनेताओं ने दुख व्यक्त किया है और श्रद्धांजलि दी है। बौलीवूड में शोक की लहर है।

सफल अभिनेता और लेखक ,निर्देशक मनोज कुमार जिन्हें प्यार से सभी भारत कुमार कहते थे अपनी पीढ़ी के नायकों के कुछ आखिरी गिने चुने स्तंभों में एक थे।

### पाकिस्तान से आया था उनका परिवार

पाकिस्तान के एबटाबाद में जन्में मनोज कुमार का वास्तविक नाम हरिकृष्ण गिरि गोस्वामी था। देश बंटवारे के समय दंगे और असुरक्षा में इनका परिवार पाकिस्तान से पलायन कर दिल्ली आ गया।तब मनोज कुमार की उम्र दस साल थी। दिल्ली आने पर इनका परिवार कुछ महिनों तक रिफ्यूजी कैंपों में रहा। बाद में दिल्ली में ही इनका परिवार बस गया और यहीं से इन्होंने बीए तक की पढ़ाई की।

### लाइटमैन से बने नायक

पढ़ाई के बाद नौकरी की तलाश में मनोज कुमार मुंबई गये। ये खुद दिलीप कुमार के फैन थे।इसलिये फिल्मों में अभिनय इनकी पहली पसंद थी। इसी पसंद के कारण इन्होंने फिल्मी सेटों पर लाइट मैन तथा सामान ढोने का काम करने लगे। अक्सर इन्हें लाइट सेटअप करने के लिये हीरो की जगह खड़ा करके कैमरे में चेक किया जाता था। इसी चेकिंग के दरम्यान एक निदेशक ने कैमरे से इनकी छवि देख कर फैशन फिल्म में एक रोल दे दिया। इस किरदार को इन्होंने बखूबी निभाया उसके बाद इनका फिल्मी कैरियर चल निकला।

### ऐसे पड़ा नाम ' मनोज कुमार

'नायक दिलीप कुमार का किसी फिल्म में एक किरदार था जिसका नाम मनोज कुमार दा। इसी से प्रेरित होकर हरिकृष्ण गिरि गोस्वामी ने अपना नाम मनोज कुमार रख लिया। बाद में मनोज कुमार की लोकप्रियता ऐसी हुई कि लोग अपने बच्चों का नाम भी मनोज कुमार रखने लगे।

### चाकलेटी हीरो से बने भारत कुमार

अपने फिल्मी सफर के शुरूआती दौर में मनोज कुमार एक खुबसूरत लंबे चौड़े कद काठी के चॉकलेटी हीरो के तौर पर दर्शकों के बीच लोकप्रिय हुये। कांच की गुड़िया, पत्थर के सनम, दो बदन ,वो कौन थी जैसी फिल्मों में मनोज कुमार ने बेहतरीन छाप छोड़ी। बाद में इन्होंने शोर, शहीद उपकार, रोटी कपड़ा और मकान, पूरब और पश्चिम जैसी फिल्में की। तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के कहने पर इन्होंने 'उपकार' फिल्म बनाई जो जय जवान जय किसान पर आधारित थी। उपकार मनोज कुमार निर्देशित अपने समय की बेहतरीन फिल्म थी।इस फिल्म में उन्होंने खलनायक प्राण की छवि ही बदल दी थी। अफसोस की इस फिल्म को देखने से पहले ही लालबहादुर शास्त्री जी का निधन हो गया। इस फिल्म में मनोज कुमार के किरदार का नाम भारत था।इसी के बाद मनोज कुमार को भारत कुमार नाम से लोग पुकारने लगे।उपकार फिल्म ने चार फिल्म फेयर पुरस्कार जीते थे और इसका गाना 'मेरे देश की धरती सोना उगले ,उगले हीरे मोती 'बहुत लोकप्रिय हुआ था। देशभक्ति आधारित फिल्में इनकी पहचान बन गयीं। बाद में इन्होंने मल्टीस्टारर एक बहुत ही सफल फिल्म क्रांति बनाई जिसमें अपने प्रिय अभिनेता दिलीप कुमार को भी डायरेक्ट किया। क्रांति बौलीवूड की कुछ सफलतम फिल्मों में से एक है।

> उपकार मनोज कुमार निर्देशित अपने समय की बेहतरीन फिल्म थी।इस फिल्म में उन्होंने खलनायक प्राण की छवि ही बदल दी थी। अफसोस की इस फिल्म को देखने से पहले ही लालबहादुर शास्त्री जी का निधन हो गया। इस फिल्म में मनोज कुमार के किरदार का नाम भारत था।इसी के बाद मनोज कुमार को भारत कुमार नाम से लोग पुकारने लगे।उपकार फिल्म

अस्सी के दशक में इन्होंने बदलते दौर में भी कुछ फिल्में बनायी जैसे पेंटर बाबू, संतोष, कलयुग और रामायण लेकिन ये सभी फिल्में उम्मीदों पर खड़ी नहीं उतरीं।

बाद में इन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों पर एक सीरियल ₹कहां गये वो लोग₹ प्रस्तुत किया जिसमें अनाम से शहीदों का संघर्ष और जीवनी दिखायी जिसे लोगों ने बहुत पसंद किया।

मनोज कुमार के बारे में कहा जाता है कि वो अपनी फिल्मों में नायिका को छूते नहीं थे और हमेशा ही एक संजीदा नायक किरदार को निभाया। अच्छा संगीत इनकी फिल्मों में सदैव होता था। 1992 में इन्हें पद्मश्री सम्मान से तथा 2016 में भारतीय फिल्मों के सर्वोच्च सम्मान दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बाद में इन्होंने राजनीति में भी पदार्पण किया और भाजपा में रहे ।

मनोज कुमार के चाहने वालों की संख्या बहुत है। आज भी लोग उन पर फिल्माते गाने ' बस यही अपराध मैं हर बार करता हूं, आदमी हूं आदमी से प्यार करता हूं' गुनगुनाते हैं। उनके जाने के बाद भी लोगों के मन में भारत कुमार की अमिट छाप बनी रहेगी। राष्ट्रभक्ति फिल्मों के जनक को विनम्र श्रद्धांजलि।

(पत्रकारिता विभाग रांची विवि रांची)

## लेटर टू एडिटर

### शिक्षा का अर्थ

शिक्षा का अर्थ केवल एक निश्चित पाठ्यक्रम को विद्यार्थियों तक पहुंचाना नहीं होता, बल्कि नैतिकता का पाठ भी पढ़ाना होता है। भारतीय शिक्षा पद्धति का आधार नैतिक चरित्र ही रहा है। ज्ञान में किया गया निवेश सर्वश्रेष्ठ होता है। शिक्षा व्यक्ति में निहित प्रतिभा को निखारती है। शिक्षा जीवन की तैयारी नहीं, बल्कि स्वयं ही जीवन है।

-अनूप कुमार, रांची

### किसानों की नाराजगी

भारतीय किसान यूनियन और पंजाब सरकार के बीच टकराव का उल्लेख है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान किसानों की मांगों के प्रति सहानुभूति रखते हुए भी भारतीय किसान यूनियन की बैठक छोड़कर चले गए। इसके बाद किसान यूनियन ने आंदोलन का ऐलान किया, जिससे ट्रैफिक जाम की समस्या पैदा हुई। पंजाब सरकार को हड़ताली कर्मचारियों की समस्याओं को सहानुभूति से हल करना चाहिए। - रवि, रांची

## X ट्वीट

दिग्गज अभिनेता एवं फिल्म निमार्ता मनोज कुमार जी के निधन से बहुत दुखी हूं। वह भारतीय सिनेमा के आदर्श थे।

-नरेन्द्र मोदी पीएम

भारत का रहने वाला हूं...

मनोज कुमार जी एक बहुमुखी अभिनेता थे, जिन्हें हमेशा देशभक्ति से भरपूर फिल्में बनाने के लिए याद किया जाएगा. ह्यभारत कुमार' के नाम से मशहूर, ह्यउपकार', ह्यपूरब और पश्चिम' जैसी फिल्मों में उनके अविस्मरणीय अभिनय ने हमारी संस्कृति को समृद्ध किया है और उन्हें पीढ़ियों से लोगों का प्रिय बनाया है. उनकी सिनेमाई विरासत उनके कामों के जरिए जिंदा रहेगी। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति संवेदनाएं. ओम शांति।

- राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

# जीवन का मतलब तो आना और जाना है...

## स्मृति शेष

**जीवीसी शास्त्री**

भारत का रहने वाला हूं, भारत की बात सुनाता हूं... अपने 'भारत कुमार' को यूं याद कर रहा जमाना देशभक्ति वाली फिल्में ,मतलब मनोज कुमार. 15 अगस्त और 26 जनवरी पर बजने वाले देशभक्ति गीतों को याद करेंगे तो ज्यादातर में मनोज कुमार मिलेंगे। बॉलिवुड में वह 'भारत कुमार' के नाम से मशहूर हो गए। चेहरे पर हाथ फेरती उनकी अदा की दीवानी एक पूरी पीढ़ी रही। शुक्रवार सुबह मनोज कुमार हमेशा के लिए खामोश हो गए. बॉलिवुड सदमे हैं और उनके चाहने वाले उनके गीतों को गुनगुना रहे हैं. जानिए मनोज कुमार को किस तरह याद कर रहा है जमाना।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मशहूर अभिनेता एवं फिल्म निमार्ता मनोज कुमार को शुक्रवार को श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें भारतीय सिनेमा का आदर्श बताया। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स' पर लिखा, दिग्गज अभिनेता एवं फिल्म निमार्ता मनोज कुमार जी के निधन से बहुत दुखी हूं। वह भारतीय सिनेमा के आदर्श थे जिन्हें देशभक्ति की उनकी भावना के लिए विशेष रूप से याद किया जाता था और यह उनकी फिल्मों में भी झलकता था। '

' पीएम मोदी ने कहा कि कुमार की फिल्मों ने राष्ट्रीय गौरव की भावना को जगाया और ये पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेंगी। दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित कुमार का शुक्रवार तड़के मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 87 वर्ष के थे। उन्हें शहीद', उपकार' एवं पूरब और पश्चिम' जैसी देशभक्ति की लोकप्रिय फिल्मों के लिए भारत कुमार' के नाम से भी जाना जाता था।

मनोज कुमार ने शहीद के लिए अपनी राष्ट्रीय पुरस्कार राशि भगत सिंह के परिवार को दान कर दी

अभिनेता मनोज कुमार ने अपनी पूरी पुरस्कार राशि भगत सिंह के परिवार को दान कर दी और उनके प्रयासों को मान्यता देने के लिए सरकार की सराहना की।

अभिनेता मनोज कुमार ने अपने शानदार करियर में कई प्रतिष्ठित भूमिकाएँ निभाईं। उनके किरदारों में निहित देशभक्ति ने उन्हें 'भारत कुमार' उपनाम दिलाया। फिल्म शहीद मनोज कुमार के अपने देश के प्रति जुनून का सबसे अच्छा उदाहरण है; उन्होंने फिल्म में महान स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह की भूमिका निभाई और अपने काम के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किया। लेकिन, एक परोपकारी कदम के रूप में, उन्होंने अपनी पूरी पुरस्कार राशि भगत सिंह के परिवार को दान कर दी। एस राम शर्मा द्वारा निर्देशित यह फिल्म 1 जनवरी, 1965 को रिलीज हुई थी। फिल्म के कलाकारों में उस दौर के कई दिग्गज शामिल थे, जैसे मनोज कुमार, कामिनी कौशल, प्राण, प्रेम चोपड़ा, मनमोहन, मदन पुरी और करण दीवान। हिंदुस्तान टाइम्स से बात करते हुए मनोज ने कहा, ह्लमैंने अपने राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए मिली पूरी राशि शहीद भगत सिंह के परिवार को दान कर दी। पुरस्कार किसी भी रचनात्मक व्यक्ति को संतुष्टि का एहसास कराते हैं। मुझे खुशी है कि सरकार ने आखिरकार मेरे काम को पुरस्कृत किया है। मनोज कुमार ने महान निर्देशक सत्यजीत रे से मुलाकात के बारे में भी बात की, जिन्हें वे प्यार से मानिक दा कहते थे, दिल्ली में एक फिल्म समारोह के दौरान। उन्होंने कुमार की फिल्म उपकार (1967) और रे की महान कृति चारुलता (1964) पर चर्चा की। ह्लमैंने उनसे पूछा कि क्या उन्होंने मेरी फिल्म उपकार देखी है। उन्होंने कहा कि उन्होंने देखी है, लेकिन यह उन्हें मेलोड्रामा लगी। मैंने मुस्कुराते हुए उनसे पूछा कि क्या उनकी अपनी फिल्म चारुलता का वह दृश्य मेलोड्रामा नहीं है, जिसमें सौमित्र चटर्जी द्वारा माधवी मुखर्जी को देखने पर आंधी आती है। मुझे प्यार से थपथपाते हुए मानिक दा ने कहा कि मैंने उन्हें पकड़ लिया! आज भी मानिक दा जैसा कोई नहीं हो सकता, उन्होंने कहा।

दादा साहेब फाल्के पुरस्कार दिया था। अभिनेता विशेष रूप से अपनी देशभक्ति फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। जिन्हें भारत कुमार के नाम से भी जाना जाता है।

अभिनेता मनोज कुमार का सुबह करउनके निधन पर फिल्म निमार्ता अशोक पंडित ने कहा कि महान दादा साहब फाल्के पुरस्कार विजेता, हमारे प्रेरणास्त्रोत और भारतीय फिल्म उद्योग के शेर मनोज कुमार अब हमारे बीच नहीं रहे। यह उद्योग के लिए बहुत बड़ी क्षति है। पूरी इंडस्ट्री उन्हें याद करेगी।

सामाजिक रिश्तों के दर्द पर बनी उनकी फिल्म शोर एक मध्यम वर्ग की पीड़ा की कहानी थी जिसके गीत जीवन को यर्थात के समीप ले जाते थे। फिल्म शोर का एक गाना जीवन का मतलब तो आना और जाना है दार्शनिक भाव से भरा थो। आम आदमी की कठिनाई हो या राष्ट्रभक्ति मनोज वेमिशाल थे इसलिये वे भारत कुमार के नाम से जाने गये।

# थाइलैंड में चीन पर भड़क कर लाल हुए मोदी

## सामयिक

**अभिनय आकाश**



थाइलैंड और चीन के रिश्ते सांस्कृतिक या फिर ट्रेड के स्तर पर बेहद ही अच्छे माने जाते हैं। ऐसे में भारत का एकतरफ चीन के विस्तारवाद पर निशाना और दूसरी तरफ थाइलैंड के साथ रक्षा-सुरक्षा व्यापार को बढ़ाना और सहयोग को और मजबूत करने का फैसला चीन को और परेशान करेगा।

बिम्सटेक की बैठक में हिस्सा लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी थाइलैंड पहुंचे तो यहां इन्होंने थाईलैंड की प्रधानमंत्री के साथ द्विपक्षीय बैठक भी की। बैठक के बाद दोनों ही नेताओं की तरफ से साझा बयान भी सामने आ गया। इसी बयान देने के क्रम में पीएम नरेंद्र मोदी ने चीन का बिना नाम लिए हुए थाइलैंड की धरती से चीन पर निशाना साधा।

उन्होंने चीन के विस्तारवाद की नीति को सीधे तौर पर चुनौती देते हुए कहा है कि भारत विकासवाद पर यकीन करता है, न कि विस्तारवाद पर। पीएम मोदी ने जोर देकर कहा कि भारत विस्तारवाद के बजाय विकासवाद की नीति में विश्वास रखता है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत के पूर्वोत्तर राज्यों और थाईलैंड के बीच पर्यटन, संस्कृति और शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। यकीनन पीएम मोदी का ये बयान चीन को परेशान करेगा क्योंकि पीएम मोदी ने ये बयान अपने देश में न देकर बिम्सटेक की बैठक से ठीक पहले थाइलैंड की जमीन पर दिया है।

थाइलैंड और चीन के रिश्ते सांस्कृतिक या फिर ट्रेड के स्तर पर बेहद ही अच्छे माने जाते हैं। ऐसे में भारत का एकतरफ चीन के विस्तारवाद पर निशाना और दूसरी तरफ थाइलैंड के साथ रक्षा-सुरक्षा व्यापार को बढ़ाना और सहयोग को और मजबूत करने का फैसला चीन को और परेशान करेगा। पीएम मोदी ने शिनावात्रा के साथ हुई बातचीत के बारे में कहा, हमने भारत के पूर्वोत्तर राज्यों और थाईलैंड के बीच पर्यटन, संस्कृति एवं शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग पर जोर दिया है।

हमने आपसी व्यापार, निवेश और व्यवसायों के बीच आदान-प्रदान बढ़ाने पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्य उद्योग (एमएसएमई), हथकरघा और हस्तशिल्प में सहयोग के लिए भी समझौते किए गए हैं। भारत और थाईलैंड ने रणनीतिक साझेदारी की स्थापना को लेकर एक संयुक्त घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए और डिजिटल प्रौद्योगिकियों से लेकर संस्कृति तक के क्षेत्रों में पांच सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर किए।


अमेरिका द्वारा टैरिफ लगाए जाने के बाद चीन के तेवर वैसे ही इन दिनों ढीले पड़े हैं। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा है कि ये चीन और भारत दोनों के साझेदार बनने का सही समय है। शी जिनपिंग ने कहा है कि दोनों देशों को अपनी दोस्ती को औ मजबूत करना चाहिए। चीन के राष्ट्रपति ने कहा है कि दोनों पड़ोसी देशों के बीच सहयोग की बहुत बड़ी क्षमता है। सवाल ये है कि चीन का इरादा क्या है और इस बाबत भारत को क्या रुख अपनाना चाहिए? चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने भारत को पत्र लिखा है।

चीन की तरफ से भारत को कूटनीतिक संबंध के 75 वर्ष होने पर पत्र लिखा गया है। कई बार ये कहा जाता है कि चीन की कथनी और करनी में अंतर होता है। चीन की बातें मत सुनो चीन जमीन पर क्या कर रहा है, उस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। दरअसल, भारत डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ से निपटने के लिए एक के बाद एक कई कूटनीतिक कदम उठा रहा है।



राजधानी के सरहुल जुलूस में अपनी संस्कृति को अपने ड्रेस से प्रदर्शित करना नवयुवक। तस्वीर अजय सानी की

## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### रामगढ़ में रघुवर दास का स्वागत



**रामगढ़ ।** रांची से हजारीबाग जाने के क्रम में शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का रामगढ़ में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत। होटल सैनी में वरिष्ठ नेता,एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे। जैसे ही रघुवर दास होटल पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। रघुवर दास ने सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद दिया और कहा कि झारखंड की धरती से उनका विशेष लगाव है और वे सदैव राज्य के विकास एवं जनता के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। मौके पर रंजन फौजी,विजय जायसवाल, सरदार अनमोल सिंह, उमेश प्रसाद, विनोद कुमार,नगर अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव, सुरजीत सिंह छाबड़ा,लक्ष्मी देवी, शीतल सिंह, गौतम कुमार महतो,संजय कुमार श्रीवास्तव , अभिषेक चौधरी, मिथिलेश मण्डल, राबिन गुप्ता, ब्रजेश पाठक,सत्यजीत सिंह, अरविन्द कुमार सिंह,कुणाल दास, अंकित सिंह, राहुल पासवान आदि उपस्थित थे।

### छोटकीपोना में निकली कलश यात्रा



**रजरप्पा।** चैत्र नवरात्र के सातवें दिन शुक्रवार को नवपत्रिका प्रवेश के साथ मां दुर्गा की विधिवत आराधना शुरू हो गई। सुबह गाजे-बाजे के साथ श्रद्धालु नदी व तालाबों में कलश लेकर गए, जहां पर स्वरूप केले के पौधे का से पूजन किया गया। इसके बाद सभी लोगों ने जल तथा केले के पौधे को लेकर पूजा मंडप में प्रवेश किया। मंदिर और पूजा पंडाल पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने शंख बजाकर और ढाक व घंटे की के साथ मां का स्वागत किया। यहां माता की विधिवत और आराधना की गई। इससे पूर्व छोटकीपोना में बासंतिक दुर्गा - पूजा समिति द्वारा शुक्रवार की सुबह माता रानी का कलश यात्रा निकाला गया। यात्रा में 150 महिलाएं शामिल हुईं।

### परिश्रम ही सफलता की कुंजी : विजयंत



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ए ला एंगलाइज विद्यालय बिरसा चौक भुरकुंडा में शुक्रवार को नए शैक्षणिक सत्र 2025-2026 के नवीन छात्रों के पहले दिन को स्वागत दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रबंधन ने नए छात्रों का गर्मजोशी से स्वागत किया। प्राचार्य विजयंत कुमार ने कहा कि विद्यालय जीवन का एक महत्वपूर्ण अध्याय होता है। हम चाहते हैं कि हर छात्र इस यात्रा की शुरूआत आत्मविश्वास और उत्साह के साथ करे। उन्होंने कहा कि विद्यालय का यह स्वागत दिवस न केवल छात्रों के लिए बल्कि उनके अभिभावकों के लिए यादगार रहेगा। विद्यालय ने यह सिद्ध कर दिया कि शिक्षा की शुरूआत यदि उत्साह और प्रेम के साथ हो तो बच्चे भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। प्राचार्य श्री कुमार ने कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी होती है। स्वागत दिवस छात्रों को एक नई ऊर्जा और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ शैक्षणिक सफर में काफी मददगार साबित होगी।

### कुजू में निकाली गयी कलश यात्रा



**कुजू।** श्री श्री सार्वजनिक चैत्र दुर्गा पूजा समिति प्राचीन शिव- दुर्गा मंदिर कुजू द्वारा माँ दुर्गा के महास्नान को लेकर माँ की डोली लेकर शुक्रवार को कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर ढोल नगाड़ा के साथ कुजू बड़ा छठ तालाब पहुंची। यहां पंडित भैरव गांगुली, कंचन चक्रवर्ती, चंदन चक्रवर्ती, गौरव पंडा के द्वारा माता का महास्नान कराया गया। जहां पर माता स्वरूप केले के पौधे का विधि-विधान से पूजन किया गया। इसके बाद लोगों ने जल तथा केले के पौधे को लेकर मंदिर में प्रवेश किया। श्रद्धालुओं ने शंख बजाकर और ढाक व घंटे की मंगलध्वनि के साथ मां का स्वागत किया बाद में सप्तमी को लेकर नवपत्रिका प्रवेश, कलश स्थापना, आंखीदान, प्राण प्रतिष्ठा सहित कई धार्मिक अनुष्ठान कराया गया। कलश यात्रा में पूजा समिति के अध्यक्ष शिवकुमार साहू, सचिव अमित केशरी, कोषाध्यक्ष संतोष मेहता, उपाध्यक्ष लखन प्रसाद, सह सचिव अंशु गुप्ता, चंदन केशरी, मनोज प्रसाद, रामकुमार प्रसाद, जितेंद्र गुप्ता, ठाकुर प्रसाद, रामप्रसाद साहू, मनोज केशरी, मनीष सिंह, राजवीर केशरी, लकी कुमार सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु मौजूद रहे।

### रजरप्पा में चैती छठ संपन्न



रजरप्पा ।लोक आस्था का महापर्व चैती छठ भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही रजरप्पा मंदिर सहित रजरप्पा कोयलांचल के आसपास के क्षेत्रों में संपन्न हो गया। शुक्रवार की अहले सुबह व्रतियों ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार के सुख-शांति के लिए भगवान भास्कर एवं छठी मईया से प्रार्थना की। अर्घ्य देने के बाद व्रतियों ने पारण कर 36 घंटे के निर्जला व्रत को समाप्त किया। गुरूवार को व्रतियों द्वारा अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया गया था। व्रतियों ने ह्यकांच ही बांस के बहंगिया.., केलवा जे फरेला घवध से.., ऊगो हो सूरज देव, ह्यभईले अरघा के बेर.. आदि गीत गाए।

### पावन क्रूस स्कूल में छात्रों का स्वागत

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पावन क्रूस विद्यालय पटेलनगर भुरकुंडा में गुरूवार को नए सत्र 2025-2026 का जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। कक्षा 1 से 10वीं तक छात्र-छात्राओं, विशेषकर नए बच्चे उत्साह और उमंग के साथ शामिल हुए। विद्यालय की सचिव सिस्टर आग्नेस तथा प्राचार्या सिस्टर सुमंती ने कहा कि जैसे गुब्बारा आसमान को चीरता हुआ अपने उच्चतम ऊंचाई को छुता है, ठीक उसी तरह सत्र के शुरूआत से ही अगर लगन और कड़ी मेहनत के साथ सम्पूर्ण विषय की तैयारी की जाए तो सफलता की ऊंचाई को छूआ जा सकता है। मौके पर मो. कमरुद्दीन, सुधीर प्रसाद, रेणु पॉल, आशा मिंज, रजनी डुंगडुंग, निर्मला, कंचन मिंज, संगीता गिद्ध, रजनी सिन्हा, मनीष लकड़ा, सिस्टर संगीता, सुश्री मानशी, पूजा, नेहा, आनंद टेटे, दीपा, सोशन लकड़ा, सलेस्टिना, बासिल कुजूर, क्रिस्टीना, सेलिना खलखो, अमन कुजूर, पूजा सिंह, गायत्री, करुणा कांति, अल्मा, सोनम, मारिया, आरती सहित छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# झारखंड में अपराध और भ्रष्टाचार चरम पर : रघुवर

**नयामोड़ में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया पूर्व सीएम का भव्य स्वागत**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कुजू।** हेमंत सरकार आम जनता की नही बल्कि घोटालेबाजो की सरकार है। उक्त बातें राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कही। श्री दास रांची से हजारीबाग जाने के क्रम में नयामोड़ में कुछ देर रुके थे।उन्होंने कहा कि राज्य में आये दिन कोई न आपराधिक घटना होने के साथ भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में लगातार घोटाले हो रहे है, जिसके कारण आये दिन दिन सूबे के नेता व अधिकारियों के ठिकानों में ईडी की छापामारी हो रही है।

जनता को इस भ्रष्टाचार सरकार के खिलाफ आवाज उठाना होगा। वहीं उन्होंने वक्फ बिल पारित होने पर सामाजिक-आर्थिक न्याय और पारदर्शिता की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि इससे हाशिये पर रहे लोगों को मदद मिलेगी। नए कानून से वक्फ व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी, जो मुस्लिम महिलाओं और गरीब मुसलमानों के अधिकारों की रक्षा करेगी। इससे पूर्व कार्यकताओं ने उनका स्वागत फूल माला व अंग वस्त्र पहना कर किया।

स्वागत करने वालो में जगेश्वर प्रजापति, प्रवीण मेहता, राजू चतुवेर्दी, प्रो खिरोधर साहू, पंकज साहा, मनोज गिरी, तोकेश सिंह, निर्मल करमाली, अशोक कुमार, रवि साहू, डिंपल प्रजापति, आशीष साहू, पंचित महतो, सुनील साहू, जयराम प्रजापति, प्रकाश केशरी, संजय शाह, अरुण कुमार कुशवाहा, प्रकाश केशरी, सुखदेव सोनी, राजेश करमाली, सुधान सिंह सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

### विष्णुगढ़ की झांकियों ने भी बटोरी सुर्खियां

**विष्णुगढ़।** रामनवमी को लेकर पूरे झारखंड में खासा उत्साह देखने को मिला। हजारीबाग की इंटरनेशनल रामनवमी दुनियाभर में प्रसिद्ध है, जहां मंगला जुलूस देखने हर साल लाखों की भीड़ उमड़ती है। होली के बाद पहले मंगलवार से ही पूरे शहर में मंगला जुलूस निकलना शुरू हो जाता है। हजारीबाग के बाद विष्णुगढ़ की रामनवमी भी राज्यभर में लोकप्रिय है। बजरंग दल के जिला सह संयोजक वरुण कुमार ने बताया कि चैत्र महीने के पहले मंगलवार से ही यहां भी भव्य झांकियां निकलती हैं। जय श्रीराम और जय वीर हनुमान के उद्घोष से पूरा क्षेत्र गूंज उठता है। रामनवमी के अष्टमी तिथि को विष्णुगढ़ के सार्वजनिक दुर्गा मंदिर रमुआ से शोभा यात्रा निकाली जाती है, जो बनासो स्थित महामाया मंदिर तक जाती है। रामभक्त तलवार व अन्य पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र लेकर शक्ति प्रदर्शन करते हैं। हजारों की संख्या में श्रद्धालु इसमें भाग लेते हैं। वरुण कुमार ने प्रशासन से अपील की कि शोभा यात्रा के दौरान जगह-जगह पेयजल व सुरक्षा की उचित व्यवस्था की जाए, ताकि यह पावन पर्व शांतिपूर्ण और भव्य तरीके से संपन्न हो सके।

## रसोई धमना में दुर्गा वाहिनी ने निकाली शोभायात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बरही।** रसोई धमना में शुक्रवार को रामनवमी के अवसर पर दुर्गा वाहिनी ने निकाली भव्य शोभा यात्रा। शोभायात्रा में महिलाएं और युवतियां पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुईं और पारंपरिक हथियारों का भी प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में बरही पश्चिमी जिला परिषद सदस्य प्रीति गुप्ता, जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता तथा स्थानीय मुखिया गोविंद साहू उपस्थित थे। शोभायात्रा दुर्गा मंदिर से शुरू होकर जीटी रोड होते हुए पूरे गांव का भ्रमण करती हुई वापस मंदिर प्रांगण में समाप्त हुई। शोभायात्रा के दौरान जय श्रीराम और जय वीर हनुमान के नारे पूरे वातावरण में गूंजते रहे। शोभा यात्रा में आरती कुमारी, प्रीति कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, अनिता कुमारी, सुमन कुमारी, विनीता कुमारी, श्वेता कुमारी व प्रेरणा कुमारी हुईं।

### दुर्गा मंडप पहुंचे जीएम और पीओ



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा रीवर साइड स्थित शास्त्री पार्क दुर्गा मंडप में चैती नवरात्रा के अवसर पर गुरुवार की शाम सीसीएल बरका-सयाल महाप्रबंधक अजय सिंह, भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी कुमार राकेश सत्यार्थी, सौंदा डी पीओ रामेश्वर मुंडा, सयाल पीओ शंभू शरण सिंह, उरीमारी पीओ दिलीप कुमार, बिरसा पीओ सुबोध कुमार, जीएम ईएंडएम बरका सयाल अमरिंदर कुमार, सीसीएल सेफ्टी बोर्ड मेंबर अरुण सिंह ने पूजा अर्चना की। मां दुर्गा से क्षेत्र की हरियाली, खुशहाली और सुख समृद्धि की कामना की। पूजा के दौरान मां दुर्गा सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। दुर्गा पूजा कमेटी ने जीएम, पीओ व अन्य अधिकारियों को अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। मौके पर रामनरेश सिंह, सचिव संतोष यादव, पीडी सिंह, संजय कुमार, धनंजय सिंह, पीयूष दत्त, संजीव चक्रवर्ती, आनंद सिंह, दिलीप सिंह, असीम धर, सन्यासन घोष, जयंत सरकार, नीतू देवी सहित दर्जनों श्रद्धालु मौजूद थे।

## लड़कियों ने किया अस्त्र शस्त्र का प्रदर्शन



रामगढ़।श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति रामगढ़ के द्वारा गुरुवार देर शाम को जिला स्तरीय महा अस्त्र-शस्त्र चालान प्रतियोगिता का आयोजन छावनी फुटबॉल मैदान रामगढ़ में किया गया। कार्यक्रम गुरुवार को रात भर चला। महासमिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र साव भोपाली के नेतृत्व में इस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ,मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो और विशिष्ट अतिथि में युवा नेता सह समाज सेवी पियुष चौधरी एवं रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार,महासमिति के मुख्य संरक्षक राजेश ठाकुर, रंजन फौजी, छोटू वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ धनंजय कुमार पुटूस ,रविंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष आशीष कुमार सिंहा ने सामुहिक रुप से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। इस प्रतियोगिता में रामगढ़ जिले के सभी प्रखंडों के कई अखाड़ों ने भाग लिया। जिनमें से श्री श्री रामनवमी पूजा हुप्पू गोला, शिवनंदन अखाड़ा रामगढ़, बाल भारती मंडली, श्री श्री पवन पुत्र रामनवमी समिति रामगढ़, अमरदीप समिति यंग क्लब क्वाटर रामगढ, श्री श्री विष्णु बाल मंडली बी. आर. क्वाटर रामगढ़ के अखाड़ों ने भाग लिया। प्रतियोगिता गुरुवार को रात भर चला और समापन शुक्रवार अहले सुबह हुआ। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अखाड़ों ने अपने कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम देखने के लिए लोगों की काफी भीड़ रही।निर्णायक मंडली में मुख्य रूप से मनोज प्रसाद, शेखर राम, बबलू राम, राज कुमार भंडारी, आशीष कुमार सिंहा, संजय सोनकर उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम में भाग लिए हुए अखाड़ों के कला का प्रदर्शन को जज कर रहे थे।इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अमरदीप समिति यंग क्लब, द्वितीय स्थान श्री श्री पवन पुत्र रामनवमी समिति, तृतीय स्थान श्री श्री विष्णु बाल मंडली, चतुर्थ स्थान श्री श्री रामनवमी समिति हुप्पू गोला, एवं पंचम स्थान शिवनंदन अखाड़ा ने प्राप्त किया।

### गोलपार मुंडा टोली ने निकाला जुलूस



**रामगढ़।** गोलपार मुंडा टोली ने शुक्रवार को भव्य सरहुल जुलूस निकाला। जुलूस में आदिवासी समाज के महिला-पुरूष झारखंड की पारंमपरिक वेष-भूषा में जुलूस में शामिल होकर ढोल-नगाड़ों की धून पर थिरकते हुए आगे बढ़ रहे थे। कई संगठनों ने जगह जगह स्टॉल लगाकर जुलूस में शामिल लोगों का शरबत और चना से स्वागत किया।

### रामगढ़ में रामनवमी को लेकर ट्रैफिक में बदलाव

**रामगढ़।** रामनवमी के अवसर पर यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी की ओर से यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। चार से आठ अप्रैल तक समय 02:00 बजे दिन से 02:00 बजे रात्रि तक रामगढ़ शहर में भारी वाहनों और माल वाहक छोटे वाहनों का प्रवेश वर्जित कर दिया गया है। ट्रक, टेंपो, भारी वाहन, सवारी गाड़ी के आवागमन को पूर्णतः बंद कर दिया गया है। कोई भी मालवाहक गाड़ी को शनिचरा हाट से लेकर थाना चौक तक और थाना चौक से लेकर शनिचरा हाट तक प्रवेश वर्जित रहेगा। रांची से आने वाले कोई भी मालवाहक गाड़ी, ट्रक और बस पटेल चौक से कोरिया घाटी, नया मोड़, कुजू डायवर्सन (भाया सुभाष चौक) तथा हजारीबाग से आने वाले कोरिया घाटी, नया मोड़, कुजू डायवर्सन से पटेल चौक (भाया सुभाष चौक) तक प्रवेश वर्जित रहेगा। कोई भी मालवाहक ट्रक या बस बरकाकाना से लेकर सुभाष चौक तक एवं सुभाष चौक से लेकर बरकाकाना तक प्रवेश वर्जित रहेगा।

## भुरकुंडा, भदानीनगर व बासल में छठ संपन्न

**घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, सैंकड़ों लोगों ने दिया उगते सूर्य को अर्घ्य**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भक्ति व श्रद्धाभाव से आस्था का महापर्व चार दिवसीय चैती छठ पूरे विधि-विधान व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर गुरूवार की शाम अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को प्रथम अर्घ्य एवं शुक्रवार की तड़के सुबह उदीयमान भगवान भास्कर को द्वितीय अर्घ्य देने के लिए कोयलांचल के विभिन्न छठ घाटों पर छठव्रतियों एवं भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी।

भुरकुंडा नलकारी नदी छठ घाट, सौंदा डी नलकारी नदी छठ घाट, सेंट्रल सौंदा नलकारी नदी छठ घाट, सीसीएल सौंदा दुमुहानी छठ घाट, रिभर साइड दामोदर नदी छठ घाट, भदानीनगर आईएजी ग्लास फैक्ट्री डैम, चिकोर पारगढ़ा नदी, सौंदा बस्ती छठ घाट, पतरातू डैम सहित अन्य छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। छठ घाटों पर दोनों ही समय अर्घ्य देने से पहले छठव्रतियों ने आधे शरीर पानी में रहकर छठ माता, भगवान सूर्य की पूजा आराधना कर अपने परिवार व क्षेत्र की हरियाली खुशहाली की कामना की। उदयीमान भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद आरती हवन पश्चात छठ पूजा का प्रसाद ग्रहण कर छठव्रतियों ने पारण किया। इधर भुरकुंडा नलकारी नदी छठ घाट स्थित छठमाता मंदिर, भगवान सूर्य मंदिर, गंगा मां मंदिर में पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद पूजा अर्चना के लिए लंबी लाइन लगी रही। छठ घाटों की ओर जाने वाले रास्ते को काफी बेहतरीन लाईटिंग आदि से सजावट की गई थी। जगह-जगह तोरणद्वार भी बनाए गए थे। छठ महापर्व के गीतों से भुरकुंडा कोयलांचल का वातावरण भक्तिमय दिखा। विधि-व्यवस्था बनाए रखने में भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय कुमार गुप्ता, भदानीनगर ओपी प्रभारी ब्रहमव्रत कुमार, बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार दल-बल के साथ मुस्तैदी से डटे थे। छठव्रतियों की सेवा में श्रीश्री छठ पूजा समिति भुरकुंडा के संजय मिश्रा, चमनलाल, संजीत राम, दीपक कुमार, सतीश सागर, मुखिया अजय पासवान, गोपाल करमाली, अशोक तिवारी, संजय वर्मा, भीखम राजभर, योगेंद्र करमाली, अमृत सागर, शंकर सोना, शशि सागर, अरुण राम, विजय राम, भास्कर, सौरभ, अशोक सिंह, बलराज राम जुटे थे।

## एक नजर में

### श्रद्धा व संस्कृति का संगम है बक्शीडीह मंदिर



**दारु।** आस्था की जड़ों से जुड़ा बक्शीडीह का हनुमान मंदिर एक ऐसा स्थल है, जहाँ श्रद्धा और संस्कृति का संगम हर वर्ष हजारों लोगों को आकर्षित करता है। 125 वर्षों से अधिक पुराना यह मंदिर परिसर केवल पूजा का स्थान नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, धार्मिक विश्वास और सांस्कृतिक उत्सवों का प्रतीक बन चुका है। मंदिर परिसर में हनुमान जी के साथ-साथ सूर्य मंदिर, सिंहवाहिनी मंदिर, ग्राम देवी मंदिर और एक पवित्र छठ तालाब भी स्थित है, जो इसे संपूर्ण आध्यात्मिक केंद्र बनाता है। चैत्र मास की रामनवमी हो या कार्तिक व चैत्र माह की छठ पूजा, इन पर्वों के दौरान यहाँ जो जनसैलाब उमड़ता है, वह किसी तीर्थ से कम नहीं लगता। रामनवमी पर महावीर पताका यात्रा मंदिर की सबसे विशेष परंपरा है। विशाल ध्वज लिए श्रद्धालु जब ₹जय श्री राम₹ के नारों के साथ एकत्र होते हैं, तो यह दृश्य भक्तिरस, परंपरा और एकता की त्रिवेणी बन जाता है। साथ ही, 100 वर्षों से भी अधिक पुरानी मेले की परंपरा आज भी पूरे उत्साह और रंग-बिरंगे आयोजन के साथ जीवंत है। मेला समिति द्वारा की गई व्यवस्थाएँ जैसे विद्युत, जल, प्रसाद, झूले और सांस्कृतिक गतिविधियाँ श्रद्धालुओं के अनुभव को और भी खास बना देती हैं। छठ पूजा के समय तालाब किनारे संध्या और प्रातः अर्घ्य का दृश्य अत्यंत मनोहारी होता है। डूबते और उगते सूर्य की छवि में जब श्रद्धालु दीप जलाते हैं, तो यह स्थल आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठता है। बक्शीडीह मंदिर आज भी परंपरा और आस्था की वह लौ है, जो पीढ़ियों से जलती आई है और आगे भी अंधेरे में उजाला फैलाती रहेगी।

### चरही में धूमधाम से संपन्न हुआ चैती छठ

**चरही।** चरही में लोक आस्था का चार दिवसीय चैती छठ धूमधाम से संपन्न हुआ। चरही, चनारो, कजरी, इंद्रा, जरबा, चुरचू, बहेरा, तापीन सहित कई स्थानों पर आकर्षक घाट बनाए गए थे, जिन्हें फूलों और लाइटों से सजाया गया था। बच्चों का मुंडन संस्कार भी हुआ। समाजसेवियों ने फल वितरण किया। शुक्रवार सुबह व्रती पुनः घाटों पर पहुंचे, स्नान-ध्यान के बाद ठंडे पानी में खड़े होकर उगते सूर्य को दूध से अर्घ्य अर्पित किया। इसके बाद छठ कथा व आरती के साथ पूजा संपन्न हुई। व्रतियों ने मंदिरों में पूजा कर सुख-समृद्धि की कामना की और फिर प्रसाद वितरण किया। अंत में खरना के बचे प्रसाद को ग्रहण कर व्रत का पारण किया गया।

### विष्णुगढ़ में संविधान सम्मान यात्रा का स्वागत

**विष्णुगढ़।** शुक्रवार को समता सैनिक दल द्वारा निकाली गई संविधान सम्मान रक्षा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। सात मील चौक पर लोगों ने यात्रा में शामिल सदस्यों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महेंद्र राम ने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य संविधान के मूल मूल्यों का संरक्षण और आम जनता को उनके अधिकारों की जानकारी देना है। यह यात्रा 8 मार्च को पुराना विधानसभा रांची से शुरू हुई थी और अब तक गढ़वा, पलामू, चतरा, कोडरमा, देवघर, दुमका सहित कई जिलों का भ्रमण कर चुकी है। इसका लक्ष्य झारखंड के सभी जिलों तक पहुंचना है। वक्ताओं ने सरकार से जातीय जनगणना कराने और उसके आधार पर आरक्षण निर्धारण की मांग की। उन्होंने कहा कि आज भी अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़े वर्ग और अल्पसंख्यकों को उनके पूरे हक नहीं मिल रहे हैं। देश में आरक्षण को खत्म करने की राजनीति हो रही है और धर्म के नाम पर लोगों को भड़काया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद सदस्य जयप्रकाश पटेल, कांग्रेस नेता गुरु प्रसाद साव, सुधीर राम, वीरेंद्र रविदास सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित थे।

### बरही में रामनवमी को ले 500 जवान होंगे तैनात

**बरही।** बरही में इस वर्ष रामनवमी पर्व को लेकर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) अजीत कुमार विमल स्वयं तैयारियों की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि रामनवमी पूजा को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए पुलिस बल अलर्ट मोड पर है। पूरे बरही अनुमंडल क्षेत्र में दंडाधिकारियों के साथ करीब 500 पुलिसकर्मियों की तैनाती की जा रही है। साथ ही सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रखी जा रही है। किसी भी तरह की भड़काऊ पोस्ट पर त्वरित और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।एसडीपीओ ने बताया कि बरही सामान्यतः शांतिपूर्ण इलाका है, लेकिन हाल ही में हजारीबाग में मंगला जुलूस के दौरान हुई झड़प के मद्देनजर प्रशासन अतिरिक्त सतर्कता बरत रहा है। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि रामनवमी पर्व को आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाएं। जुलूस के मार्ग में अगर किसी अन्य धर्म का पूजा स्थल आता है, तो उसका सम्मान करते हुए कोई ऐसा कार्य न करें जिससे तनाव उत्पन्न हो। प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के लिए लगातार निगरानी जारी है और हर संभावित स्थिति के लिए तैयारियां की गई हैं।

### बरही में चला विशेष सफाई अभियान



**बरही।** रामनवमी पर्व को लेकर शुक्रवार को नगर क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। यह अभियान रामनवमी पूजा महासमिति के अध्यक्ष भगवान केशरी की अगुवाई में आयोजित हुआ। इसमें बरही पश्चिमी पंचायत के मुखिया शमशेर आलम और पूर्वी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सफाई अभियान के तहत बरही चौक और उसके चारों मुख्य मार्ग—बरही गया रोड, धनबाद रोड, हजारीबाग रोड तथा बजरंगबली मंदिर के आसपास सघन सफाई की गई। इस कार्य में मजदूरों के साथ-साथ जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर की भी सहायता ली गई। सहयोग करने वालों में मुखिया प्रतिनिधि टिंकू आलम, नागेश्वर प्रजापति, युवा समाजसेवी कौशिक पासवान, अविनाश कुमार सिंह, विक्की सिंह, प्रदीप स्वर्णकार आदि शामिल रहे। अभियान के दौरान लोगों से आग्रह किया गया कि वे अपने घर और दुकानों के आस-पास सफाई बनाए रखें और कूड़ा-कचरा सड़कों पर न फेंके। रामनवमी जैसे बड़े पर्व पर स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना नगरवासियों की जिम्मेदारी है। इस अभियान ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता को बढ़ावा दिया।
४ है पी ४ : सफाई अभियान में शामिल लोग

### सौंदा पंचायत में झामुमो का कमेटी गठित



भुरकुंडा (रामगढ़)।झामुमो सीसीएल सौन्दा पंचायत के कार्यकर्ताओं की बैठक शुक्रवार को हुयी। बैठक में झामुमो के पूर्व जिला सचिव उदय मालाकार उपस्थित थे। सर्वसम्मति से सीसीएल सौंदा पंचायत कमेटी का पुर्नगठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार, उपाध्यक्ष फिरोज खान व रवि पाठक, सचिव पप्पु लिंडा, संयुक्त सचिव छोटेलाल रजक, सह संयुक्त सचिव बजरंगी साव, संगठन सचिव सुजित साव, सहायक संगठन सचिव अजय साव, कोषाध्यक्ष शिमु शर्मा, सह कोषाध्यक्ष मनोज साव चुने गये। वहीं कार्यकारिणी सदस्यो में उदय मालाकार, राजेश कुमार प्रसाद, अशोक भुंइया, रामवृक्ष राम, जितेंद्र साव, राजु साव, विनोद प्रसाद, डब्लू उरांव, विक्की भुंइया, दीपक साव, करण साव, भोला प्रसाद, सुरेश साव शामिल हैं। सभी सदस्यों को फूल माला पहनाकर स्वागत करते हुए उदय मालाकार ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ होते हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो में सबों को एक समान मान-सम्मान दिया जाता है। साथ ही सभी वर्गों के हितों का पूरा ख्याल रखा जाता है। मौके पर राजेश प्रसाद, राजेश पासवान, सुकरा साव, केशव कुमार, भोला यादव, प्रकाश मेहरा, गुरूाली देवी, सबिता दी, प्रमिला देवी, सुनिता देवी, रेखा तिर्की सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

ओम कौशल्या अस्पताल एवं ट्रॉमा सेंटर के डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही का आरोप

# बच्चे के पिता ने एसडीओ व थाना में आवेदन देकर की कार्रवाई की मांग

● बच्चे के पिता ने कहा- डॉ. विशाल कुमार ने इलाज में लापरवाही की है, जिस कारण मेरे बच्चे का हाथ काटा गया है, जिससे मेरे बच्चे का सामान्य जीवन दुर्लभ हो गया है





खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिला मुख्यालय स्थित ओम कौशल्या अस्पताल एवं ट्रॉमा सेंटर के डॉ विशाल कुमार द्वारा इलाज में लापरवाही से हुए इंफेक्शन के कारण बच्चे का जीवन बचाने के उद्देश्य से डॉ. कैलाश प्रसाद के द्वारा हाथ काट देने के संबंध बच्चे के पिता अजित कुमार जानपुर निवासी ने कोडरमा थाना में आवेदन देकर मामले की जांच कर डॉक्टर पर कार्रवाई करने की मांग की है। पिता ने आवेदन में लिखा है कि 6 वर्षीय मेरा बेटा अमन कुमार 16 मार्च 2025 को अपने घर के सीढ़ी से गिर गया, जिसमें दाहिना हाथ का कलाई क्रैक कर गया। बेहतर इलाज के लिए ओम कौशल्या अस्पताल एवं ट्रॉमा सेंटर कोडरमा के संचालक डॉ. विशाल कुमार के पास ले गये। जहां डॉक्टर ने मेरे बेटे को क्रैक कलाई का एक्सरे अपने हॉस्पिटल में ही कराया गया, जिसका रिपोर्ट भी नहीं दिया गया। वहीं एक्सरे का फिल्म देखने के बाद डॉक्टर द्वारा पक्का प्लास्टर चढ़ा दिया गया, जिसके लिए 18 हजार रुपए लिया गया, मगर उसका कोई बिल भी नहीं दिया गया, साथ ही उनके दुकान से हमने दवा भी लिया मगर उसका भी बिल नहीं दिया गया। जब बच्चे को घर ले जाने के बाद दर्द कम नहीं हुआ तो हमने तुरंत 18 मार्च को अस्पताल लाया तब डॉक्टर ने बताया कि इतना दर्द रहेगा, आप बच्चे को ले जाइए। फिर मैं अपने बेटे को लेकर घर चला गया, जिसके बाद भी बच्चा के द्वारा दर्द सहन नहीं किया जा रहा था, तब 23 मार्च को पुनः डॉक्टर विशाल कुमार के पास लाया तब उन्होंने बीएचयू बनारस रेफर कर दिया, मगर मैं बेहतर समझ कर धनबाद ले गया। जहां डॉ. कैलाश प्रसाद द्वारा बच्चे का पूरा हाथ में इंफेक्शन बताया गया और बच्चे के बेहतर जीवन के लिए उसने हाथ काटने की सलाह दी। वहीं बच्चे की स्थिति को देखते हुए डॉ कैलाश ने हाथ काटकर हटा दिया। वहीं डॉ. कैलाश प्रसाद ने कहा बच्चे का पूरा हाथ में इंफेक्शन हो गया था। यदि हाथ नहीं काटते तो इन्फेक्शन बढ़ता चला जाता। वहीं आवेदन में बच्चे के पिता ने कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि डॉ. विशाल कुमार के द्वारा इलाज में लापरवाही की गई है, जिस कारण मेरे बच्चे का हाथ काटा गया है, जिससे मेरे बच्चे का सामान्य जीवन दुर्लभ हो गया है। वहीं उन्होंने एसडीओ रिया सिंह एवं थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

## उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं, दिये कई निर्देश



**कोडरमा।** समाहरणालय कार्यालय कक्ष में उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जनता दरबार में आमजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना तथा समयबद्ध कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया। इस दौरान फरियादियों ने व्यक्तिगत व सामाजिक मुद्दों को उपायुक्त के समक्ष रखा, जिसपर उन्होने यथोचित कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया। फरियादियों ने भूमि विवाद, खनन पट्टा नवीनीकरण करने, जमीन से संबंधित समस्या, एमईसीसी कंपनी से भुगतान नहीं मिलने समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं व समस्याओं को लेकर उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराया, जिसपर उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रखंड कार्यालय के साथ-साथ अन्य सम्बन्धित विभागों से समन्वय स्थापित कर जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों का जांचोंपरान्त समयबद्ध कार्रवाई करें।

## रामनवमी को लेकर पुलिस ने किया मॉक ड्रिल



**कोडरमा।** रामनवमी को लेकर पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देश पर बागीटांड़ स्टेडियम में शुक्रवार को पुलिस ने मॉक ड्रिल कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान विधि व्यवस्था बनाये रखने में प्रतिनियुक्त सभी पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों ने मॉक ड्रिल का अभ्यास किया। वहीं पुलिस के जवानों ने आंसू गैस फायरिंग आदि का अभ्यास किया। वहीं पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने जिलेवासियों से रामनवमी के त्यौहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील करते हुए कहा कि त्यौहार और जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का चाक चौबंद व्यवस्था किया गया है, असामाजिक तत्वों और हुड़दंगियों पर कड़ी नजर रखी जायेगी, गड़बड़ी और अशांति फैलाने वालों के साथ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी।

## 6 से 8 अप्रैल तक मरकच्चो बाजार से ब्लॉक रोड तक हाईवा परिचालन पर रोक

कोडरमा। रामनवमी के अवसर पर मरकच्चो थानान्तर्गत मरकच्चो बाजार से लेकर ब्लॉक रोड तक त्योहार के दौरान काफी भीड़-भाड़ होने की संभावना है। जिसके कारण हाईवा से दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। इससे बचने के लिए 6 अप्रैल 2025 से 8 अप्रैल 2025 तक 200 बजे अपराहन से रात्री 1100 बजे तक मरकच्चो बाजार से लेकर ब्लॉक रोड तक हाईवा परिचालन पर रोक लगाया गया है। वहीं एसडीओ रिया सिंह ने सीओ व थाना प्रभारी को निदेश दिया है कि आपस में समन्वय स्थापित करते हुए मरकच्चो बाजार से लेकर ब्लॉक रोड तक हाईवा परिचालन पर रोक लगाने के लिए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करें।


## पीसीआर कैम्पस से स्टोन डस्ट लोड ट्रक लेकर चालक हुआ फरार, थाना में मामला दर्ज

**कोडरमा।** खान निरीक्षक आदर्श कुमार गुप्ता ने पीसीआर कैम्पस में जब्त कर रखा हुआ स्टोन डस्ट लोड ट्रक जेएच12एल-1623 के गायब हो जाने को लेकर वाहन चालक और मालिक को आरोपी बनाते हुए कोडरमा थाना में मामला दर्ज कराया है। कांड संख्या 58/25 में दर्ज मामले में खान निरीक्षक ने कहा है कि बीते 28 मार्च को वाहन जांच के दौरान एसडीओ द्वारा उक्त वाहन पकड़ा गया था। वहीं एसडीओ के निर्देश पर उक्त वाहन को जप्त करते हुए पीसीआर कैम्पस में रखा गया था। वहीं जिला खनन पदाधिकारी के निर्देश पर वाहन की जांच के लिए पीसीआर कैम्पस पहुंचे, परन्तु उक्त ट्रक वहां नही पाया गया, जिसकी सूचना एसडीओ को तत्काल दिया गया, जिस पर एसडीओ द्वारा जानकारी दिया गया कि उक्त वाहन फरार हो गया है। जिसके बाद वाहन में लोड खनिज के परिवहन चालान की जांच में पाया गया की उक्त वाहन के बाबत रांची जिला के खनिज भंडारण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा 26 मार्च दोपहर 3 बजकर 24 मिनट में स्टोन डस्ट खनिज का परिवहन चालान संख्या एफ32502147/3 निर्गत है, जिसमे गंतव्य स्थान सहारनपुर उत्तरप्रदेश अंकित है, उल्लेखनीय है कि रांची जिला से सहारनपुर जाने का रूट सही नही है। वहीं खान निरीक्षक ने उक्त वाहन के चालक और मालिक के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कराया है।

## आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय में वार्षिक परीक्षा फल घोषित

**कोडरमा।** आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड में शैक्षणिक सत्र 2024-25 की वार्षिक परीक्षा फल घोषित की गई। वहीं विद्यालय सभागार में प्राचार्य पुनीत यादव की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित कर कक्षा एलक़ेजी.से कक्षा नवम तक के बच्चों को परीक्षा फल से संबंधित अंक पत्र प्रदान की गई एवं बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। वहीं विद्यालय ने रिजल्ट घोषित होने के दिन बच्चों के साथ उनके अभिभावक की उपस्थिति अनिवार्य थी, जिसके निमित्त बच्चे ही नहीं सभी अभिभावक भी उत्साहित दिखे। वहीं प्राचार्य ने कहा की वर्ष भर बच्चों के द्वारा और शिक्षकों के द्वारा किए हुए मेहनत का सुखद अनुभव परीक्षा फल में ही दिखता है। प्राचार्य ने परीक्षा के सफल आयोजन के लिए सभी शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट किया। वहीं उन्होंने आगामी सत्र 2025-26 के लिए विद्यालय की नई योजनाएं हेतु प्रस्तुत किए, जिसमें गरीब और मेधावी बच्चों के लिए एक बेहतर विकल्प अपने स्कूल में दिखाए और उसके निमित्त अपने क्षेत्र के अभिभावकों को नामांकन के लिए भी प्रेरित किया। मौके पर रवींद्र कुमार रवि, महेन्द्र कुमार, दीपक कुमार, बिनोद ठाकुर, अब्दुल कलाम, सकलदेव राम, शिक्षक उपेन्द्र कुमार, ललन राणा, जागेश्वर यादव, मुंशी यादव, विकाश गुप्ता, प्रवीण कुमार, अर्जुन चन्द्र यादव, गोपाल कुमार यादव, महेन्द्र कुमार पांडेय, नरेश सिंह, मुकेश राणा, रिंकी देवी, नीलम प्रभा, सुनिता कुमारी, सतीश कुमार, जन्नत परवीन, पम्मी रॉय, शमशेर आलम समेत सभी शिक्षकेत्तर कर्मी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## अवकाश प्राप्त पंचायत सेवक का ग्रामीण व परिवार वालों ने किया भव्य स्वागत



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह के बड़े भाई सुनील कुमार सिंह के अवकाश प्राप्त कर घर लौटने पर ग्रामीणों व परिवार वालो ने मरकच्चो ब्लॉक चौक पर भव्य स्वागत किया। बताते चलें कि सुनील कुमार सिंह डोमचांच ब्लॉक में पंचायत सेवक के पद पर कार्यरत थे, 31 मार्च को वे अवकाश प्राप्त किये। वहीं शुक्रवार को डोमचांच प्रखंड कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गयी, साथ ही उनके उज्वल भविष्य की कामना की गयी। मौक पर रणजीत सिंह, रविंद्र पांडे, अशोक राम, सुरेन्द्र प्रताप सिंह, शतिष सिंह, प्रयाग महतो, सोनु सिंह, बीरेंद्र सिंह, अवधेश सिंह, सिकन्दर कुमार वर्मा, नवीन राणा, मुरारी सिंह, बलदेव दास, जग्गनाथ कुशवाहा, अमजद अंसारी, सरयु महतो, जयकुमार सिंह, अजय सिंह, किशोरी सिंह, उपेंद्र यादव, रवि सिंह, हरिहर सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

## एसडीओ के नेतृत्व में रामनवमी को लेकर निकाला गया फ्लैग मार्च

● शांतिपूर्ण त्यौहार मनाने की अपील की गयी



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले में रामनवमी त्यौहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न करवाने को लेकर शुक्रवार को एसडीओ रिया सिंह और एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में कोडरमा बाजार, जलवाबाद, डोमचांच बाजार, बगडो, मसमोहना, शिवसागर समेत अन्य जगहों पर फ्लैग मार्च निकाला गया, फ्लैग मार्च के दौरान जिला व पुलिस प्रशासन ने सभी लोगों से शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी का त्यौहार मनाने की अपील की।

वहीं एसडीओ रिया सिंह ने लोगों से शांति व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि जिला प्रशासन नागरिकों की बेहतरी का ध्यान रखेगी, त्यौहार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखा जाएगा, आपलोग संयमित और अनुशासित तरीके से त्यौहार मनाएं, जुलूस में चलते समय शराब या किसी अन्य मादक पदार्थों का सेवन नही करें, साथ ही डीजे पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा, जिला प्रशासन सोशल मीडिया पर सख्ती से निगरानी रखेगी, ऐसे में सोशल मीडिया का इस्तेमाल सावधानी से करें, किसी तरह के अफवाहों पर ध्यान नही दें, भ्रामक एवं अपुष्ट खबरों का सत्यापन प्रशासन से जरूर करा लें।

वहीं एसडीओ ने अखाड़ा समितियों को अपने निर्धारित रूट से ही जुलूस निकालने का निर्देश देते हुए कहा कि जुलूस की निगरानी ड्रोन कैमरे से की जाएगी, साथ ही वीडियोग्राफी की जाएगी। असामाजिक तत्वों पर भी ड्रोन कैमरे से निगहबानी की जाएगी, अशांति फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मौके पर कोडरमा थाना प्रभारी अरविंद कुमार, डोमचांच थाना प्रभारी ओमप्रकाश सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद थे।

## तनिष्क ने कोडरमा में अपना शानदार स्टोर किया शुरू



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** भारत का सबसे बड़ा ज्वेलरी ब्रांड और टाटा परिवार का एक सदस्य, तनिष्क ने झारखंड के कोडरमा में अपना नया स्टोर शुरू कर अपने रिटेल विस्तार में महत्वाकांक्षी कदम उठाया है। तनिष्क के रिटेल हेड सुनील राज और रीजनल बिजनेस मैनेजर (बिहार और झारखंड) मोनी शंकर सेनगुप्ता ने सुबह 11 बजे इस स्टोर का उद्घ्घाटन किया। इस शानदार स्टोर के शुरू होने की खुशी को अपने उपभोक्ताओं के साथ बांटने के लिए ब्रांड ने हर खरीदारी पर सोने के सिक्का निःशुल्क उपहार के रूप में देने की घोषणा की है। 4 अप्रैल से 6 अप्रैल 2025 तक इस आकर्षक ऑफर का लाभ उठाया जा सकता है। तनिष्क के रिटेल हेड सुनील राज ने उद्घ्घाटन के अवसर पर कहा कोडरमा में हमारे नए स्टोर के खुलने की घोषणा करते हुए हमें बहुत खुशी हो रही है। भारत के एक सबसे पसंदीदा ज्वेलरी ब्रांड होने के नाते, तनिष्क अपने उपभोक्ताओं को अतुलनीय सेवा और खरीदारी का खुशी और संतुष्टि देने वाला अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारे रिटेल विस्तार ने हमारी खूबसूरत कारीगरी को और भी ज्यादा उपभोक्ताओं के करीब लाया है। सोने, हीरे, कुंदन, पोल्की और आधुनिक डिजाइन के शानदार कलेक्शन यहां रखे गए हैं। कोई खास अवसर हो या हर दिन पहनने के लिए हो, हर किसी की हर जरूरत यहां पूरी होगी।

## उपायुक्त ने रोप चौंपियनशिप के विजेता छात्राओं को दी शुभकामनाएं



**कोडरमा।** जिले में 29 और 30 मार्च को आयोजित दो दिवसीय 13वीं झारखंड स्टेट रोप स्किपिंग चौंपियनशिप 2024-25 के विजेता टीम के छात्राएं शुक्रवार को उपायुक्त से मिली। इस दौरान उपायुक्त ने सफल छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी।

## स्टोन चिप्स लदे दो ट्रक जब्त

डोमचांच (कोडरमा)। अंचलाधिकारी रविन्द्र पांडेय ने शुक्रवार को अभियान चलाकर दो स्टोन चिप्स लदा ट्रक को महेशपुर से जब्त किया। वहीं सीओ ने दोनों ट्रकों से चालान की मांग की मगर चालान नहीं दिखा पाया, जिस कारण दोनों ट्रक को जब्त कर प्रखंड परिसर में सुरक्षित रखा गया है और संबधित विभाग को सूचित कर दिया गया है।

## शादी का प्रलोभन देकर भगा ले जाने के आरोपी को 4 वर्ष की सजा

**कोडरमा।** शादी का प्रलोभन देकर युवती को भगा ले जाने और बाद में शादी करने से इंकार करने के मामले में सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय की अदालत ने आरोपी बेलाटांड़ डोमचांच निवासी रंजन कुमार उर्फ रंजन कुमार मोदी को दोषी पाते हुए 4 वर्ष कारावास और 5 हजार का आर्थिक जुर्माना लगाया है। जुर्माने की राशि नही देने पर आरोपी को 2 महीने की अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी। गौरतलब हो कि घटना को लेकर युवती के पिता ने डोमचांच थाना कांड संख्या 11/20 एसटी 29/20 में मामला दर्ज कराया था, न्यायालय में सुनवाई के दौरान अभियोजन का संचालन प्रभारी लोक अभियोजक शिवशंकर राम के द्वारा किया गया।

## मॉडर्न पब्लिक एवं डीएवी स्कूल में सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा का होगा आयोजन, तैयारी पूरी



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा का आयोजन 5 अप्रैल 2025 को झुमरी तिलैया के मॉडर्न पब्लिक स्कूल और डीएवी पब्लिक स्कूल में आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा का आयोजन नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा किया जा रहा है, जिसमें लगभग 750 छात्र भाग लेंगे। इस परीक्षा के सफल आयोजन के लिए मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार को सिटी कोऑर्डिनेटर के रूप में नियुक्त किया गया है। इस परीक्षा के लिए मॉडर्न पब्लिक स्कूल में राहुल मिश्रा एवं डीएवी पब्लिक स्कूल में कृष्णा कुमार सिंह को सेंटर सुपरिंटेंडेंट नियुक्त किया गया है। उन्होंने परीक्षा प्रक्रिया के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए व्यापक व्यवस्था की गई है एवं सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर सख्त अनुशासन और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी, फ्रिस्किंग (सुरक्षा जांच) और अनुशासन बनाए रखने के लिए पर्यवेक्षकों तथा पुलिस बलों की तैनाती की गई है। इसके अलावा सभी परीक्षार्थियों को एडमिट कार्ड और पहचान पत्र अनिवार्य रूप से लाने का निर्देश दिया गया है। परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन, स्मार्टवॉच, और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर प्रतिबंध रहेगा। साथ ही परीक्षार्थियों को सभी निर्देशों का पालन करने और समय से पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचने की सलाह दी गई है।

## नगरखारा में शांति समिति की बैठक आयोजित

● दोनों समुदायों ने आपसी सौहार्द के साथ रामनवमी त्यौहार मनाने का लिया निर्णय



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय नगरखारा में शुक्रवार को हिंदू और मुस्लिम समुदाय के प्रमुख लोगों के साथ एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता सीओ हलधर प्रसाद सेठी व संचालन कोडरमा थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने किया। बैठक में दोनों समुदायों ने आपसी भाईचारे के साथ रामनवमी जुलूस निकालने और सहयोग करने की प्रतिबद्धता जताई।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई थी, जिससे तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। हालांकि, पिछले दो वर्षों से दोनों समुदाय आपसी सौहार्द के साथ त्योहार मना रहे हैं और किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई। वहीं सीओ और थाना प्रभारी ने बैठक में उपस्थित लोगों को जिला प्रशासन के दिशानिर्देशों का पालन करने का अनुरोध किया।

मौके पर राजेंद्र साव, साजिद हुसैन लल्लू, मनोज कुमार झुन्नू, उमेश राम, संजय पासवान, गजेंद्र राम, विनोद विश्वकर्मा, राजू खान, फुन्नू खान, संतोष चंद्रवंशी, सीताराम भगत, राजू विश्वकर्मा, रंजीत विश्वकर्मा, राहुल कुमार, राजेश यादव, मंजीत सिंह, मो. मिस्टर समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### रामनवमी को लेकर कलश स्थापना, पूजा-अर्चना शुरू



**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के बरियातू पंचायत अंतर्गत सिमरातरी गांव में रामनवमी पूजा और झांकी प्रस्तुति की तैयारी शुरू हो गई है। शुक्रवार को विधिवत रूप से कलश स्थापना कर पूजा का शुभारंभ किया गया। इस दौरान दुर्गा मंडप से कलश यात्रा निकाली गई, जहां श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर कलश लिए और दतुआ आहार जाकर जल भरकर पुन: दुर्गा मंडप में कलश स्थापना की। कलश स्थापना के साथ ही वीर बजरंगबली की पूजा भी की गई। इस धार्मिक कार्यक्रम में करीब 151 महिला और पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सभी ने मिलकर पूजा की शुरूआत की और रामनवमी के दिन होने वाली झांकी प्रस्तुति की तैयारी भी शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों में पर्व को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है और क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना हुआ है।

### रामनवमी को लेकर सीओ और थाना प्रभारी ने किया क्षेत्र भ्रमण



**गिद्धौर।** रामनवमी पर्व को लेकर गिद्धौर प्रखंड में प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। शुक्रवार को अंचलाधिकारी आनंत संयनम विश्वकर्मा और थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बारीसाखी, गिद्धौर, पहरा, मझगांवा, बारीयातु और दूवारी गांवों का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया।इस दौरान उन्होंने जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से आपसी सहयोग और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जा रही है और माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि जुलूस के दौरान पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी, ताकि किसी तरह की गड़बड़ी न हो। उन्होंने लोगों से अफवाहों से बचने और भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की। इसके अलावा उन्होंने जुलूस अध्यक्षों, विभिन्न गांवों के ग्रामीणों और हिंदू-मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर शांतिपूर्वक और मिलजुल कर रामनवमी मनाने का संदेश दिया। इस मौके पर मुखिया जगदीश यादव समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

### बच्चों की लड़ाई में आपस में भिड़े अभिभावक, मामला पहुंचा थाना

**हंटरगंज/चतरा।** हंटरगंज थाना क्षेत्र के खुटीकेवाल पंचायत क्षेत्र अंतर्गत डुमरीखुर्द गांव से एक मामला प्रकाश में आया है। जहां दो बच्चों की लड़ाई में अभिभावक आपस में भीड़ गए। जिसमें एक बच्चे की मां की हल्की चोट पहुंची है । इस संबध में डुमरीखुर्द गांव निवासी 30 वर्षीय रूबी कुमारी ने हंटरगंज पुलिस को गुरुवार देर शाम आवेदन दी है उन्होंने कहा कि गुरुवार को दोपहर 3 बजे मेरी गोतनी रिंकू देवी और उसके 3 बच्चे चारो मिलकर मेरे बेटा अमरजीत शर्मा को मारपीट कर रहे थे मैं जब बचाने गई तो उक्त लोगो ने मेरे साथ भी मारपीट की जिससे मेरे आंख के नीचे चोट पहुंची और मैं घायल हो गई। इधर इस संबध में दूसरे पक्ष रिंकू देवी से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि मेरा बेटा और उसका बेटा आपस में मारपीट कर रहे थे इसी बीच मैं उनलोगो को छुड़ाने गई इसी दौरान रूबी कुमारी आई और हमारे साथ मारपीट करने लगी। फिलहाल हंटरगंज पुलिस मामले की गहनता से जांच कर दी है। खबर लिखे जाने तक दूसरा पक्ष के द्वारा आवदेन नही दिया गया था।

### राजनीतिक खींचतान की भेंट चढ़ा कौलेश्वरी महोत्सव

**चतरा।** जिले के हंटरगंज में होने वाला दो दिवसीय कौलेश्वरी महोत्सव इस बार शुरू होने से पहले ही रद्द कर दिया गया। महोत्सव के रद्द होने से क्षेत्र के लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। आयोजन की सारी तैयारियाँ पूरी हो चुकी थीं, लेकिन आखिरी समय में अनुमति नहीं मिलने के कारण कार्यक्रम नहीं हो सका।महोत्सव के उद्घाटन को लेकर मुख्य अतिथि के चयन पर विवाद खड़ा हो गया। सत्ता और विपक्ष दोनों ही पक्ष उद्घाटन करना चाहते थे, जिससे आयोजन समिति के लिए फैसला लेना मुश्किल हो गया। इस राजनीतिक खींचतान में समिति के सदस्य दबाव में आ गए और अंतत: महोत्सव रद्द करना पड़ा। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा आयोजित बैठक में यह तय किया गया कि कार्यक्रम की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह फैसला आयोजन से एक दिन पहले ही सुना दिया गया। इसके चलते न सिर्फ लाखों लोगों की भावनाएं आहत हुईं, बल्कि करीब 10 लाख रुपये का आर्थिक नुकसान भी हुआ। लोगों ने इस फैसले पर नाराजगी जताई और कहा कि धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन को राजनीति से दूर रखना चाहिए। क्षेत्र के कई लोगों का मानना है कि यह महोत्सव लोगों की आस्था से जुड़ा हुआ है, जिसे रद्द करना दुर्भाग्यपूर्ण है।

### सिमरिया : जंगली हाथियों का आतंक जारी

**सिमरिया।** थाना क्षेत्र के रानी पोखर गांव में गुरुवार की रात जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान गांव के सबानों निवासी हलदीप कुमार साहू के भैंसा के बच्चे को हाथियों ने कुचल डाला, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हाथियों ने खेतों में खड़ी फसल को भी नुकसान पहुंचाया। हलदीप कुमार के खेत में लगभग 10 कट्ठा में लगे खीरे की फसल को रौंद डाला, वहीं रानी पोखर गांव के ही तपेश्वर साव के गेहूं के खेत को भी नुकसान पहुंचाया गया। गांव के लोग जंगली हाथियों के लगातार हमलों से परेशान हैं। वन विभाग की कोशिशों के बावजूद हाथियों को गांव से दूर करने में सफलता नहीं मिल रही है। प्रभावित किसानों ने वन विभाग से मुआवजे की मांग की है और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम की भी अपील की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो नुकसान और बढ़ सकता है।

### सेविकाओं और पर्यवेक्षिकाओं के बीच स्मार्टफोन का वितरण



**सिमरिया।** बाल विकास परियोजना कार्यालय में शुक्रवार को आंगनबाड़ी सेविका और महिला पर्यवेक्षिकाओं के बीच स्मार्ट फोन का वितरण किया गया। यह वितरण प्रमुख रोहन साहू और सीडीपीओ सह प्रभारी जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रोहन साहू के द्वारा किया गया। सीडीपीओ ने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश पर महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के द्वारा स्मार्टफोन उपलब्ध कराया गया था। जिसे आंगनबाड़ी सेविकाओं को सेक्टर के मुताबिक वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के निदेर्शानुसार आंगनबाड़ी सेविकाओं और महिला पर्यवेक्षिकाओं को सशक्त बनाने के उदेश्य से स्मार्टफोन प्रदान किया जा रहा है, जिससे पोषण ट्रैकर एप के अलावा अपने केन्द्र में चलने वाली गतिविधियों को रियल टाईम पर अपडेट करने के साथ मॉनिटरिंग भी कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त स्मार्ट फोन से पोषण ट्रैकर ऐप में आंगनबाड़ी के संचालन से संबंधित सभी कार्यक्रम को अपडेट करेंगी ।जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र खोलने का समय, बच्चों की उपस्थिति, पोषाहार, वजन, टीकाकरण, टेक होम राशन आदि कार्यक्रम स्मार्ट फोन के माध्यम से पोर्टल पर अपलोड करेंगी। वितरण के मौके पर महिला पर्यवेक्षिका टेरेसा मुर्मू, साहिन प्रवीण, आशा देवी, माहे जबीन, रवि कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### सोलर प्लेट समेत चोरी का सामान बरामद, चोर गिरफ्तार



**सिमरिया।** सिमरिया पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 25 पीस चोरी का सामान बरामद करते हुए एक दर्जन चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बरामद सामान में 19 पीस सोलर प्लेट, 3 समरसेबुल पंप और 3 स्टार्टर शामिल हैं। गिरफ्तार चोरों में एदल डाड़ी के सुरज कुमार और दुर्गेश कुमार, राजपुर के प्रवीण कुमार राणा, शिला ओपी क्षेत्र के नावाटांड़ गांव के पंकज कुमार, आशीष कुमार कुशवाहा, विक्रम कुमार, अजीत कुमार, अमगांवा के विक्रम कुमार, मायापुर के पंकज कुमार, रंजन कुमार ठाकुर, शिवशंकर और संजीत कुमार शामिल हैं। एसडीपीओ शुभम खंडेलवाल ने थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुरुवार की रात पुलिस गश्ती के दौरान एक संदिग्ध युवक को पकड़ा गया, जिसने पूछताछ में अपना नाम दुर्गेश कुमार बताया और यह भी कबूला कि वह एक गैंग के साथ मिलकर चोरी करता है। इसके बाद पुलिस अधीक्षक को सूचना दी गई और एक टीम बनाकर उसके साथियों को पकड़ा गया। चोरों की निशानदेही पर अलग-अलग जगहों से चोरी का सामान बरामद किया गया ।एसडीपीओ ने बताया कि इन आरोपियों पर पहले भी चोरी के मामले दर्ज हैं, जिनमें 17 फरवरी को सिमरिया थाना कांड संख्या 28/25 और 10 मार्च को कांड संख्या 40/25 के तहत बीएनएस की धाराएं लागू की गई थीं। उन्होंने कहा कि चोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी टीम में पुलिस निरीक्षक अनिल उरांव, थाना प्रभारी प्रियेश प्रसून, अवर निरीक्षक राजू राणा, सतीश सोनी और पुलिस बल के जवान शामिल थे।

### अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

गिद्धौर। थाना क्षेत्र के मंझगवा पंचायत अंतर्गत सिन्दवारी जंगल से शुक्रवार सुबह अवैध रूप से बालू लदा एक ट्रैक्टर गिद्धौर पुलिस ने जब्त किया है। ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर थाना लाया गया है। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर सिन्दवारी क्षेत्र का ही है। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि मामले की जांच और आगे की कार्रवाई के लिए अंचलाधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा को सूचना दे दी गई है। उनके निदेर्शानुसार आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### समाजसेवियों ने एसडीपीओ से की शिष्टाचार मुलाकात



**गिद्धौर।** सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शुभम खंडेलवाल से शुक्रवार को समाजसेवियों ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान पत्थलगड़ा प्रखंड से समाजसेवी विनय कस्तूरी और गिद्धौर प्रखंड के समाजसेवी व युवा नेता बैद्यनाथ कुमार दांगी मौजूद रहे। समाजसेवियों ने एसडीपीओ को रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी और उनके कुशल नेतृत्व की सराहना की। साथ ही उन्होंने क्षेत्र के गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों को समय पर न्याय मिलने की भी अपील की।

## स्पीड न्यूज

### रेड क्रॉस सोसाइटी ने मनीषा कुमारी के उपचार के लिए किया आर्थिक सहयोग



**गुमला।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा गुमला द्वारा बिशुनपुर प्रखंड के तुससे गांव निवासी मुन्ना लोहरा की पुत्री मनीषा कुमारी को इलाज हेतु 75,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रंजन, रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव बलदेव प्रसाद शर्मा एवं कार्यकारिणी समिति के अन्य सदस्यों की उपस्थिति में मनीषा कुमारी के पिता मुन्ना लोहरा को यह चेक सौंपा गया। ज्ञात हो कि मनीषा कुमारी केराटोकोनस नामक जटिल नेत्र रोग से पीड़ित है। जिससे वह दूर की वस्तुओं को स्पष्ट रूप से नहीं देख पाती। इस रोग का उपचार आयुष्मान भारत योजना के तहत उपलब्ध अस्पतालों में संभव नहीं था। रांची स्थित मातृ प्रेरणा आई हॉस्पिटल इंडस्ट्रियल एरिया कोकर में नगद भुगतान के माध्यम से ही उपचार संभव था जो आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के लिए कठिन था। जब यह जानकारी उपायुक्त एवं समिति के सदस्यों को प्राप्त हुई तो बालिका की शिक्षा एवं उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए सहयोग का निर्णय लिया गया। उपायुक्त गुमला के निर्देश पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी ने अपने कोष से सहायता प्रदान की। इस कार्यक्रम में समिति के पैट्रन सदस्य लालचंद अग्रवाल, सह सचिव अशोक जायसवाल, कार्यकारिणी समिति सदस्य सरजू प्रसाद साहू एवं विनय कुमार गुप्ता, डॉ. मोनिका सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### पड़हा प्रार्थना सभा चुंदरी नवाटोली में सरना पूजा और झंडा गड़ी कार्यक्रम का आयोजन



**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के चुंदरी नवाटोली पड़हा प्रार्थना सभा में सरना पूजा और झंडा गड़ी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान विष्णु उरांव और तेज नारायण उरांव के संयुक्त अध्यक्षता में झंडा गड़ी किया गया। विधि विधान से पूजा किया गया साथ ही प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अगुवा पूर्व मुखिया आदित्य भगत ने कहा कि झंडा गड़ी हर वर्ष सरहुल से पूर्व किया जाता है। सामूहिक सरना प्रार्थना आयोजित होते आ रही है। हमें अपनी संस्कृति एवं पूजा पद्धति को संरक्षण करने की जरूरत है। कार्यक्रम में उप मुखिया अजीत मनी पाठक, प्रकाश भगत, सानिया उरांव, बिरसा उरांव उपेंद्र उरांव, बुद्धेश्वर उरांव, सनिया उरांव, वीरसमणि उरांव, रायमुनि उरांव, खुशी उरांव, सुशीला उरांव व अन्य लोग उपस्थित थे।

### बड़े भाई ने आपसी विवाद में छोटे भाई पर पीढ़ा से किया हमला, इलाज के क्रम में मौत

**बसिया।** बसिया थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव बनतरिया में बड़े भाई करमा टेटे ने अपने छोटे भाई रंथू टेटे की हत्या कर दी। नशे की लत होने के कारण छोटे भाई रंथू टेटे के साथ गत रात उसके बड़े भाई की बकझक हो गई। ग्रामीणों के अनुसार शराब का शौकीन मृतक रंथु पोस्ट ग्रैजुएट बेरोजगार था और घर में उसके शराब के सेवन के कारण आपसी कलह बढ़ गई थी। इसी दौरान गुरुवार की रात मृतक रंथु के साथ उसके बड़े भाई करमा टेटे की बकझक हो गई और आवेश में आकर उसने लकड़ी का पीढ़ा से उसके सिर पर जानलेवा हमला कर दिया। इस वार से वह बुरी तरह घायल हो गया। इस घटना के बाद आननफानन में रेफरल अस्पताल उसे ले जाया गया। जहां से रेफर के बाद परिजन उच्च चिकित्सा संस्थान के बजाय उसे अपने घर लेकर चले गए। इसी दौरान सुबह पांच बजे घर में ही उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही बसिया पुलिस घटना स्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

### दंगा रोधी उपकरणों व मॉक ड्रिल का एसपी ने किया निरीक्षण



**गुमला।** रामनवमी पर्व में विधि व्यवस्था संधारण को लेकर शुक्रवार को एसपी शंभू कुमार सिंह ने पुलिस केंद्र गुमला में दंगा रोधी सुरक्षा उपकरणों की जांच की। वहीं पुलिस लाइन में चल रहे मॉक ड्रिल का निरीक्षण भी किया। रामनवमी पर्व जिले में शांति पूर्ण संपन्न कराने के लिए गुमला पुलिस तैयार है। इसके लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल व दंगा रोधी सुरक्षा उपकरण उपलब्ध है। सभी थानों में पर्याप्त उपकरणों के साथ पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। इसके अतिरिक्त क्यूआरटी टीम को भी संवेदनशील स्थानों पर प्रतिनियुक्त किया जाएगा। जिसको लेकर पुलिस केंद्र में एसपी ने जवानों को कई दिशा निर्देश दिये।

### फूलों झानो आशीर्वाद अभियान के तहत एसडीओ ने की बैठक

**चैनपुर।** चैनपुर अनुमंडल कार्यालय बेंदोरा में एसडीओ की अध्यक्षता में जेएसएलपीएस द्वारा संचालित झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना फूलों झानो आशीर्वाद अभियान के अंतर्गत महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में 16 लाभुकों एवं जेएसएलपीएस के सभी स्टाफ ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य चैनपुर प्रखंड को नशामुक्त बनाना है। एसडीओ ने सभी लाभुकों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में सही जानकारी देते हुए उन्हें हड़िया-दारू के व्यवसाय को छोड़कर अन्य आजीविका में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नशा न केवल आपके स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि आपके परिवार और समाज को भी बुरी तरह प्रभावित करता है। हमें मिलकर इस बुराई का सामना करना होगा। एसडीओ ने लाभुकों से अपील की कि वे सम्मानजनक जीवन जीने के लिए अपने कौशल का उपयोग करें और अपने समुदाय में एक सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करें। उन्होंने बताया कि जेएसएलपीएस द्वारा विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रम और आजीविका संवर्धन योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ उठाकर लोग अपने-अपने व्यवसायों को संवार सकते हैं। बैठक में उपस्थित सभी लाभुकों ने इस पहल का स्वागत किया और नशामुक्ति के संकल्प लिया। उन्होंने अपनी प्रतिबद्धता जताई कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे और अपने समुदाय को नशे से मुक्त बनाने में सहयोग करेंगे।इस महत्वपूर्ण बैठक का उद्देश्य समाज में नशे की समस्या को खत्म करना और लोगों को सक्षम बनाना है, ताकि वे अपने जीवन को बेहतर बना सकें। एसडीओ मैडम की पहल के तहत, उम्मीद है कि चैनपुर प्रखंड जल्द ही नशामुक्त क्षेत्र के रूप में उभरकर सामने आएगा।

# नेत्रदान के साथ पूजा पंडालों के खुले पट, उमड़ी भक्तों की भीड़

## चैती नवरात्र को लेकर भक्तिमय हुआ माहौल, भव्य पंडाल व विद्युत सज्जा बना आकर्षण का केंद्र

- हरि कीर्तन व रामचरित्र मानस पाठ में महिलाओं की भागीदारी उत्साहवर्द्धक

**खबर मन्त्र संवाददाता**





मां दुर्गा की स्थापित प्रतिमा की पूजा अर्चना करते लोग तथा महास्नान व नव पत्रिका प्रवेश हेतु जाते पूजा समिति के सदस्य

**गुमला।** चैती नवरात्र को लेकर शहर का माहौल पूरी तरह धार्मिक आस्था व भक्ति में तब्दील हो गया है। शुक्रवार को विल्वशाखा ग्रहण, महास्नान व नवपत्रिका प्रवेश के साथ पूजा पंडालों के पट खुल गये। आध्या शक्ति श्री चैती दुर्गा पूजा समिति के द्वारा पालकोट रोड में और चैती दुर्गा पूजा समिति द्वारा देवीगुडी मंदिर में पूजा को लेकर भव्य पंडाल का निर्माण कराया गया है और मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गयी है।

चैती दुर्गा पूजा समिति के पंडाल में मुख्य आचार्य हरि शंकर मिश्र व पूजक शैलेश मिश्र एवं आध्या शक्ति पूजा समिति के पंडाल में आचार्य अमित पूरी के द्वारा वैदिक मंत्रोचारण के बीच मां का नेत्रदान कराया गया। इससे पूर्व पूजा समिति के सदस्य महास्नान के लिए शंख ढोल नगाड़े के साथ पवित्र सरोवर गये। जहां से पूजा के बाद वे पंडाल पहुंचे। उसके बाद पूरे विधि विधान से मां की पूजा अर्चना कर भक्तों के लिए प्रतिमा का मुख खोल दिया गया। जिसके बाद मां की प्रतिमा के समक्ष दिनभर पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। भक्तिमय गीतों से पूरा माहौल गुंजायमान रहा। आयोजन समिति द्वारा पालकोट रोड व एसएस बालक देवी मंदिर रोड तक आकर्षक विद्युत सज्जा की गयी है जो विशेष आकर्षण का केंद्र बिंदु बना हुआ है। संध्या में भक्तों की भीड़ से दोनों पूजा पंडालों में लगी।

इस अवसर पर आध्या शक्ति श्री चैती दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष दुर्जय पासवान, रमेश कुमार, अभिषेक सिंह, धीरज कुमार साहु, रोहित राज, विकास सिंह, अभय राम, अमित जायसवाल, नवनीत केशरी, आर्यन गुप्ता, विकास साहु, राहुल प्रसाद, सौरभ कुमार गुप्ता, राज जायसवाल, अमन सिंह और चैती दुर्गा पूजा समिति के नव पत्रिका शोभायात्रा में अध्यक्ष सुरेश मंत्री, सचिव सरजू प्रसाद साहू ,संजीव उर्वशी, किशोर फोगला, रामनिवास प्रसाद ,रितेश कुमार, राजीव कुमार, महेश गुप्ता, प्रेम सागर जायसवाल, शंभू नारायण चौरसिया, द्वारिका मिश्रा सुमन, अरुण केसरी ,गोपाल वर्मा, डॉक्टर अनुपम कुमारी, विशाल कुमार, संजय कुमार ,नितेश लाल, दामोदर कसेरा ,मोहित गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ चैती छठ महापर्व संपन्न

- सुख-समृद्धि व जिले की शांति के लिए व्रतियों ने भगवान भास्कर से की कामना

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** सूर्य उपासना व लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ शुक्रवार को संपन्न हो गया। व्रतियों ने आस्था व विश्वास के साथ उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। शहर के विभिन्न छठ घाटों में भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर छठ व्रतियों ने अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की तो क्षेत्र की शांति के लिए विशेष प्रार्थना की। छठ व्रती शुक्रवार की सुबह में तालाब में प्रवेश कर घंटों भगवान भास्कर की प्रार्थना व ध्यान किया। उदीयमान सूर्य को छठ व्रतियों ने दूध, पानी, ठेकुआ, केला, नारियल, सेब आदि फलों से पूजा की। वहीं छठव्रती छठ गीतों को भक्ति -भाव से गाते हुए महिलाओं के साथ छठ घाट पहुंची। रास्ते भर डंडवत लेटकर भगवान भास्कर को छठ व्रतियों द्वारा नमन किया गया। रास्ते में छठ व्रतियों के डंडवत लेटते ही उनके पैर लोगों ने छूए। शहर के मुरली बगीचा छठ घाट, मत्स्य विभाग स्थित वनतालाब छठ घाट, सिसई रोड स्थित भट्ठी तालाब व नागफेनी नदी छठ घाट में व्रतियों द्वारा भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया गया। शहर मुख्यालय के अलावे जिले के चैनपुर, डुमरी, रायडीह, जारी, विशुनपुर, घाघरा, सिसई, भरनो, पालकोट, बसिया, कामडारा प्रखंड में भी उदीयमान भगवान भास्कर को छठव्रतियों द्वारा अर्घ्य अर्पित किया गया। भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने के बाद छठ व्रत घाट व घर पर भगवान सत्यनारायण की कथा का श्रवण किया। वहीं घाट पर उपस्थित लोगों को तिलक लगाकर छठव्रतियों ने आशीर्वाद दिया और उनके बीच प्रसाद का वितरण किया।

### लोहरदगा में चैती छठ महापर्व संपन्न, श्रद्धालुओं ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर मांगी सुख-समृद्धि



**लोहरदगा।** जिले में में चैती छठ महापर्व का चार दिवसीय अनुष्ठान भक्तिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। पर्व के चौथे और अंतिम दिन, चैत्र शुक्ल सप्तमी को शुक्रवार सुबह श्रद्धालुओं ने उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया, जिसके साथ इस दिव्य अनुष्ठान का समापन हुआ। शहर के विभिन्न घाटों, नदियों, पोखरों और तालाबों में व्रतधारियों ने भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर कृतज्ञता प्रकट की। व्रती एवं उनके परिजनों ने अपने आंगन और छतों पर मिट्टी के कोशी की पूजा कर छठी मइया को नमन किया। इस पावन पर्व में 36 घंटे तक कठोर निर्जला उपवास रखने के बाद विधिपूर्वक पारण किया गया। व्रतधारी महिला-पुरुषों ने स्नान-ध्यान कर पीले और लाल वस्त्र धारण किए तथा बांस की कलसूप में ऋतुफल, ठेकुआ, ईख, नारियल और केला रखकर पूरी श्रद्धा से सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित किया। इस अवसर पर लोहरदगा का वातावरण भक्तिमय हो गया था।

### भंडरा महावीर मंडल की रामनवमी की तैयारियां जोरों पर, अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता 6 को



**भंडरा।** महावीर मंडल द्वारा रामनवमी की तैयारी तेज कर दी गयी है। इसके अलावा प्रशासनिक और सामाजिक स्तर पर भी रामनवमी की तैयारियां जोरों पर है। प्रखंड बस्ती से लेकर प्रखंड के विभिन्न अखाड़ों में तैयारी के साथ साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को महावीर मंडल भंडरा के संगठन मंत्री ललन सोनार व विकास सिंह के नेतृत्व मे युवाओं ने प्रखंड बस्ती के मुख्य पथ से लेकर थाना रोड में महावीर झंडा लगाया। सड़क किनारे महावीर झंडा लगने से पूरा क्षेत्र महावीर मय हो गया है। रामनवमी को भव्य एवं आकर्षक बनाने के लिए महावीर मंडल एवं विभिन्न अखाड़े के सदस्य अपने अपने क्षेत्र में सफलतापूर्वक जुलूस निकालने के लिए तैयारी में जुटे हैं। महावीर मंडल के अध्यक्ष ईश्वरी मोहन शर्मा ने बताया कि 6 अप्रैल को भंडरा ठाकुर बाड़ी के समीप मेला सह अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। जिसमें प्रखंड के विभिन्न गांव के महावीर अखाड़ा भाग लेंगे। सभी अखाड़ों को निमंत्रण भेज दिया गया है। थाना प्रभारी अरबिंद सिंह ने बताया कि जगह-जगह पर पुलिस बलों की तैनाती सहित संवेदनशील जगहों पर प्रखंड प्रशासन ने पैनी नजर बनाकर रखी है।

# अंग्रेजी हुकूमत से लड़कर शहीदों ने अपने लोगों को सुरक्षित व संरक्षित किया : विक्रमादित्य सिंह जूदेव

- पहाड़ पनारी गांव में शहीद बख्तर साय मुंडल सिंह का शहादत दिवस बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया



**गुमला।** गुमला प्रखंड के पहाड़ पनारी गांव में शहीद बख्तर साय मुंडल सिंह की शहादत दिवस शुक्रवार बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने शहीद की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वहीं नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि छतीसगढ़ राज परिवार के विक्रमादित्य सिंह जूदेव ने कहा कि जिस प्रकार शहीद बख्तर साय मुंडल सिंह ने अंग्रेजी हकुमत के खिलाफ लडाई लड़कर अपने लोगों को संरक्षित व सुरक्षित किया। उसी प्रकार सनातन समाज के खिलाफ चल रहे षडयंत्र को हम मिलकर खत्म करें। हमारे बच्चों को हमारे पूर्वजों के इतिहास की जानकारी देनी होगी। आज सनातन समाज को बाहर व भीतर से तोड़ने का षडयंत्र रचा जा रहा है। जिसे स्वयं भी समझे और अपने बच्चों को भी समझायें। मौके पर पूर्व विधायक शिव शंकर उरांव ने कहा कि पहाड़ पनारी के टोंगरी को शहीद पार्क के रूप में विकसित किया जाना है। जिसको लेकर सरकार से बातचीत कर इसे मूर्त रूप दिया जाएगा। जिसके लिए क्षेत्र के ग्रामीणों का सहयोग व एकजुटता जरूरी है। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष जगदीश सिंह, सचिव रमेश नायक, सुरेंद्र सिंह, राजीव नायक, अशोक सिंह, महावीर सिंह, अनिल सिंह, भीम सिंह, अर्जुन सिंह, विजय सिंह, राम ।नंदन सिंह, जीतु सिंह, तारकेश्वर सिंह, सागर सिंह आदि उपस्थित थे।

### रामचरित्र मानस पाठ से माहौल हुआ भक्तिमय

**गुमला।** श्रीहरिकथा सत्संग समिति द्वारा भजन कीर्तन सह रामचरित्र मानस पाठ का आयोजन देवी मंदिर परिसर में किया गया है जो नवरात्र से आरंभ है। राम चरित्र मानस पाठ में रोजाना सैंकड़ों की संख्या में भक्तों का जुटान हो रहा है। चैती नवरात्र में रामचरित्र मानस पाठ से माहौल भक्तिमय बना हुआ है। इस बार महिलाओं की भागीदारी उत्साहवर्द्धक है। काफी संख्या में महिलाएं भजन-कीर्तन व पाठ से जुड़ी हुई है।

### ईडी ने जवाहर नगर में आयुष्मान अधिकारी के आवास में की छापेमारी

**गुमला।** गुमला शहर के जवाहर नगर में शुक्रवार की सुबह 9 बजे ईडी ने आयुष्मान अधिकारी जवाहर नगर निवासी शंकर चौधरी के आवास पर छापेमारी की। शंकर चौधरी कोडरमा में आयुष्मान का अधिकारी हैं और गुमला स्थित जवाहर नगर में उनका अपना आवास है। जहां शुक्रवार की सुबह 9 बजे दो गाड़ी में ईडी के एक दर्जन अधिकारी छापामारी करने पहुंचे। जहां आवास के अंदर कई घंटे तक जांच चल रही है। कई दस्तावेज और फाइलों को खंगाला गया। साथ ही कंप्यूटर और लैपटॉप की बारीकी से जांच की गई। हालांकि इस दरम्यिान मीडिया को किसी प्रकार की जानकारी नहीं दी गई। जानकारी के मुताबिक आयुष्मान कार्ड घोटाला को लेकर झारखंड के 21 स्थानों पर एक साथ ईडी का छापा पड़ा है। हालांकि एक अधिकारी ने बताया अब तक जांच में कुछ नहीं मिला है।

# पुल निर्माण के तीन साल बाद भी मजदूरों को नहीं मिली मजदूरी

- मिशन बदलाव के सदस्यों के कांसीर जामटोली दौरे पर मजदूरों ने रखी समस्या

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** मिशन बदलाव टीम के सदस्यों ने शुक्रवार को रायडीह प्रखंड के कांसीर जामटोली गांव का दौरा किया। दौरे के क्रम में ग्रामीणों ने गांव की समस्याओं से टीम के सदस्य को अवगत कराते हुए बताया कि कांसीर जमटोली गांव में आरसीसी पुल निर्माण में गांव के कई मजदूरों का मजदूरी बकाया है। जिसमें लगभग बीस दिनों का राशि उन्हें नहीं दी गयी। गांव की भलाई सोच कर सभी ग्रामीणों ने बांस बल्ली से लेकर हर तरीके की मदद की। ठेकेदार और मुंशी ने पुल का निर्माण होते ही पैसे भुगतान की बात कही थी। परंतु काम कंप्लीट होने के बाद ठेकेदार काम पूरा करके भाग गया। पिछले 3 साल से ग्रामीण अपनी मजदूरी का भुगतान को लेकर ठेकेदार और मुंशी को फोन कर के थक चुके हैं। जानकारी के अभाव में वे अपनी बातों को प्रशासन तक नहीं पहुंचा पाये। ग्रामीणों ने बताया जब मिशन बदलाव की बैठक ग्रामीणों के साथ हुई तब ग्रामीणों ने पूरी बातों से अवगत कराया। गांव से लगभग 20 मजदूर 20 दिन तक आरसीसी पुल निर्माण में काम किए थे। लेकिन कोई भी मजदूरी का पैसा नहीं दिया गया। मिशन बदलाव के भूषण भगत ने मजदूरों की समस्या को देखते हुए श्रम अधीक्षक को पत्र प्रेषित किया और बताया कि बहुत जल्द प्रशासन को सभी मामलों को लेकर अवगत कराया जाएगा और लेबर कोर्ट के माध्यम से ही मजदूरी भुगतान की पहल की जाएगी। बैठक में मिशन बदलाव नगर सचिव विनय गोप, सूरज बाबू, सोनामती कुमारी, भूषण सिंह, सुधीर लकड़ा एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### जिला अधिवक्ता संघ का आम सभा 9 को

**लोहरदगा।** जिला अधिवक्ता संघ की एक अहम बैठक संघ के अध्यक्ष डॉ प्रमोद कुमार पुजारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संघ के तमाम पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में अधिवक्ता संघ की आम सभा आगामी 9 अप्रैल को दोपहर 1.00 बजे से करने का निर्णय लिया गया। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि वर्तमान संघ के कार्यकाल का आमद खर्च एवं संघ द्वारा किये गये कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की जाएगी। आम सभा में चुनाव पदाधिकारी की नियुक्ति की जाएगी एवं प्रस्तावित वोटर लिस्ट भी प्रस्तुत की जाएगी। विदित हो कि जिला अधिवक्ता संघ का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। अतः संघ का चुनाव करने के निमित्त आम सभा आहुत की गयी है। उक्त बातों की जानकारी संघ के महासचिव लाल दीपक नाथ शाहदेव के द्वारा दी गई।

### सामाजिक कार्यकर्ता ने जिला भूमि संरक्षण विभाग पर लापरवाही और घूसखोरी का लगाया आरोप

**कैरो।** जिला में संचालित भूमि संरक्षण विभाग के पदाधिकारी व लिपिक द्वारा मिलकर कई योजनाओं में गड़बड़ी करने व नियम विरुद्ध निकासी को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता एवं क्राइम फ्री इंडिया के प्रदुमन सिंह ने भूमि संरक्षण निदेशक झारखंड सरकार को पत्र लिखकर जांच करते हुए उचित कार्यवाही करने की मांग की है। अपनी शिकायत आवेदन में बताया है कि विभाग द्वारा वैसे तालाबों का जीर्णोद्धार किया गया जिसके निर्माण के 5 वर्ष भी नहीं हुए हैं। बिना जेनरेटर वितरण किये बिल की निकासी की गई, साथ ही अन्य योजनाओं में खुलेआम 30 प्रतिशत कमीशन लेने के अलावे भी कई तरह की अनियमितता की जा रही है जिसको लेकर भूमि संरक्षण निदेशक को जांच करते हुए उचित कार्यवाही करने की बात की गई। इधर इस मामले को लेकर जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी संजय कुमार राम ने बताया कि पानी पंचायत समिति द्वारा बिल और उससे संबंधित कागजात प्रस्तुत करने में देरी करने के कारण अंतिम समय पर भुगतान के लिए भेजा गया लेकिन झारनेट स्लो होने के कारण बिल फंस गया। वहीं उन्होंने वैसे तालाबों का जीर्णोद्धार जिनका निर्माण किये हुए 5 वर्ष भी नहीं हुए हैं के आरोप पर कहा कि प्रत्येक प्रखंड के बीडीओ से कार्य की अवधि और सीओ से जमीन रिपोर्ट मिलने के बाद ही योजनाओं को स्वीकृति के लिए भेजी जाती है। उन्होंने बताया कि लगभग 23 से 24 तालाबों का भुगतान नहीं हो पाया। जिसे इसी माह अप्रैल में भुगतान करा दिया जाएगा। वहीं विभाग के बड़ा बाबू (लिपिक) पर लगे आरोप पर कहा कि निदेशक स्तर से जांच की जा रही है, जिसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

# धोखाधड़ी कर मंइयां सम्मान योजना व मनरेगा जॉब कार्ड के पैसे की हो रही निकासी

- पीड़ित महिला ने कहा कि बायो मैट्रिक सिस्टम से ठेपा लगावाकर की जा रही है निकासी
- मंइया सम्मान योजना की राशि मनरेगा की है बताकर रख लिया जा रहा है

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जारी।** जारी प्रखंड में मंइया सम्मान योजना व मनरेगा जॉब कार्ड से धोखाधड़ी कर पैसे निकासी करने का मामला सामने आया है। प्रखंड के जरडा मरियम टोली क्षेत्र की पीड़ित बसन्ती देवी ने बताया कि बायो मैट्रिक सिस्टम से ठेपा लगाकर ग्रामीण महिलाओं के खाते में आये राशियों की निकासी कर ली जा रही है। महिलाएं जब मंइया सम्मान योजना की राशि खाते में पहुंची है या नहीं पहुंची इसकी जानकारी लेने पहुंचते हैं तो उनके खाते से बायो मैट्रिक सिस्टम से जानकारी देने की बात कहकर पैसे की निकासी कर ली जा रही है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पीड़ित महिलाओं ने ग्रामीणों के साथ मिलकर इसे सार्वजनिक रूप से उठाने का निर्णय लिया है। वे चाहती हैं कि संबंधित अधिकारी इस मामले की जांच करें और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करे। गांव की महिलाएं एकजुट होकर इस धोखाधड़ी के खिलाफ आवाज उठाने का निर्णय ले चुकी हैं और उम्मीद कर रही हैं कि उनके साथ न्याय होगा। स्थानीय प्रशासन को चाहिए कि ऐसी घटनाओं को गंभीरता से ले और सुनिश्चित करें कि गरीब एवं जरूरतमंदों को उनके हक का पैसा बिना किसी धोखाधड़ी के मिले। साथ ही जागरूकता शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को सही जानकारी प्रदान करने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति न हो सके। यह घटना एक चेतावनी है कि हमें अपने आसपास हो रही गतिविधियों पर ध्यान देना चाहिए और किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी के खिलाफ सतर्क रहना चाहिए। इधर बीपीओ कांति कुमारी ने मामले की जानकारी होने पर जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।

### टैरिफ लगने से देश की इकोनॉमी होगी बर्बाद : सांसद




- अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ के खिलाफ संसद भवन के समक्ष इंडिया गठबंधन के सांसदों ने किया प्रदर्शन

**लोहरदगा।** शुक्रवार को संसद सत्र प्रारंभ होने से पूर्व इंडिया गठबंधन के सांसदों ने अमेरिका द्वारा हमसे खरीदने वाली चीजों पर जो 26 प्रतिशत टैरिफ लगाया है उसके खिलाफ संसद भवन के बाहर जमकर प्रदर्शन किया गया और जमकर नारेबाजी की गई। इस दौरान लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि अमेरिका ने टैरिफ जो लगाया है उसे मैं आर्थिक प्रतिबंध कहूंगा। यह केंद्र सरकार की विदेश नीति की विफलता है। श्री भगत ने कहा कि एक तरफ नरेंद्र मोदी दोस्ती का हवाला देते हुए अबकी बार ट्रंप सरकार का नारा दिया दूसरी ओर ट्रंप ने हम पर 26 प्रतिशत का टैक्स ठोक दिया। अब भारत से जाने वाले सामानों में 26 प्रतिशत टैक्स वसूला जाएगा। जिसका पूरा प्रभाव हमारे ट्रेड पर पड़ेगा और हमारे इकोनॉमी को यह बर्बाद कर देगा। हमारी चीजों पर अमेरिका में टैक्स लगाने से दाम बढ़ेगा तो सामानों की डिमांड कम होगी जिससे भारतीय कंपनियों को घाटा होगा। अमेरिकी सरकार के इस निर्णय का विरोध करने के बजाय नरेंद्र मोदी बैंकॉक चले गए। प्रदर्शन में लोकसभा में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई, कांग्रेस सांसद के सी वेणूगोपाल सहित अनेक सांसद उपस्थित थे।

# संघ की 11 में से तीन मुख्य मांगों को लेकर प्रदर्शन करने का निर्णय

- झारखंड ऑफिसर टीचर्स एंप्लॉई फेडरेशन गुमला जिला ईकाई की बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** झारखंड ऑफिसर टीचर्स एंप्लॉई फेडरेशन गुमला जिला कार्यकारिणी व प्रखंड कार्यकारिणी की बैठक सुमित कुमार नन्द की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें हस्ताक्षर अभियान की समीक्षा की गई एवं अपनी 11 सूत्री, जिसमें प्राथमिक तीन मांगों को लेकर मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपने संबंधी कार्यक्रम की रणनीति पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को उनके प्रखंड आवंटित किये गये। झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एण्ड एंप्लॉईज फेडरेशन के तत्वाधान में राज्य के सरकारी कर्मचारियों के ज्वलंत मांगों की प्रथम चरण में हस्ताक्षर महाअभियान की शानदार सफलता के उपरांत आंदोलन के द्वितीय चरण में राज्य के समस्त राज्य कर्मियों द्वारा प्रखंड मुख्यालय में राज्य सरकार का उपर्युक्त मुद्दों के प्रति ध्यानाकर्षण रैली का आयोजन 4 से 23 अप्रैल 2025 के मध्य किया जाएगा। जिसके माध्यम से अन्य राज्य कर्मियों की भांति शिक्षक संवर्ग को एमएसीपी का लाभ देने, राज्य कर्मियों की सेवानिवृत्ति की उम्र 62 वर्ष करने एवं केंद्रीय कर्मचारियों की भांति राज्य कर्मियों को शिशु शिक्षण भत्ता प्रदान करने मांग की जाएगी। महासंघ के महासचिव श्री उज्जवल कुमार तिवारी ने कहा कि विधानसभा चुनाव 2024 में झारखंड मुक्ति मोर्चा सहित अन्य सतारूढ़ दलों ने संगठन के मांग पत्र के अधिकांश मुद्दों को अपने घोषणा पत्र में भी सम्मिलित करते हुए इन्हें पूर्ण करने का वादा किया है। वर्तमान सरकार कर्मचारियों के प्रति संवेदनशील है। इसी सरकार के द्वारा पुरानी पेंशन व्यवस्था, शिशु देखभाल अवकाश एवं कैशलेस मेडिकल जैसे कई संवेदनशील एवं गंभीर मुद्दों का समाधान निकाला गया है। इसलिए कर्मचारियों की उम्मीदें मुख्यमंत्री से और बढ़ जाती है और उन्हें विश्वास है कि राज्य सरकार राज्य कर्मियों के न्यायोचित मांगों को शीघ्र पूरा करेगी। बैठक में शिल्पी कुजूर, शशिकांत साहू, हरेंद्र कुमार जयंत कुमार पाण्डेय सहित भारी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

# गर्मी में राहत: वातानुकूलित प्याऊ का शुभारंभ

## सामाजिक क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है मारवाड़ी युवा मंच: बैद्यनाथ राम

खबर मन्त्र संवाददाता


उद्घाटन करते बैद्यनाथ राम।

**लातेहार।** जिला स्थापना दिवस के अवसर पर भीषण गर्मी से लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से मारवाड़ी युवा मंच लातेहार के तत्वधान में यात्री पड़ाव जुबली चौक स्थित श्री संकट मोचन भवानी मंदिर के प्रांगण में अमृत जलधारा कार्यक्रम के तहत आरओ युक्त वातानुकूलित प्याऊ का शुभारंभ किया गया। प्याऊ का उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम और मारवाड़ी युवा मंच के संस्थापक सह चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल के कर-कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्याऊ में शुद्ध ठंडा पानी, बैठने की उचित व्यवस्था और वातानुकूलन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, ताकि राहगीरों को भीषण गर्मी में कुछ समय के लिए आराम मिल सके। पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम ने बताया कि शहर के अन्य व्यस्त क्षेत्रों में भी इस तरह की प्याऊ लगाने की योजना पर काम चल रहा है। मारवाड़ी युवा मंच सामाजिक क्षेत्र में काफी बेहतर कार्य कर रही है। उन्होंने मंच के इस पहल की सराहना की और इसे गर्मी के मौसम में एक बहुत ही उपयोगी कदम बताया।

### शहर में इस तरह के लगाये जायेंगे पांच प्याऊ

मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा बताया गया कि मंच द्वारा अमृत जलधारा कार्यक्रम के तहत लातेहार शहर में पांच प्याऊ संचालित करने की योजना है। उस क्रम में यह दूसरा प्याऊ स्थापित किया गया है, ताकि राहगीरों को शुद्ध शीतल पेयजल उपलब्ध हो सके। मारवाड़ी युवा मंच लातेहार की सबसे पुरानी और पहली स्वयंसेवी संस्था है। इनके द्वारा रक्तदान, कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण, मोतियाबिंद ऑपरेशन और कैंसर जांच के अलावे अनेकों सामाजिक क्षेत्र के कार्यों में बढ़ चढ़ कर योगदान दिया गया है। कार्यक्रम में मारवाड़ी युवा मंच लातेहार के संस्थापक विनोद महलका, विशाल शर्मा, सचिव रितेश महलका, दिनेश महलका, निर्मल महलका, प्रमोद कुमार सिंह, राजधानी यादव, जिप अध्यक्ष पूनम देवी, शशि भूषण सिंह, अनिल मिश्रा ,संदीप भूत, आशीष भूत, निखिल अग्रवाल, सुभाष महलका, सुरजीत भूत, रितेश अग्रवाल, गौरव महलका एवं अन्य गणमान्य लोग शामिल रहे।

## लूना की डिक्की तोड़कर 50 हजार रुपये ले उड़े चोर, घटना सीसीटीवी में कैद

## चंदवा शहर स्थित बुध बाजार की घटना, जांच में जुटी पुलिस

खबर मन्त्र संवाददाता


सीसीटीवी में कैद चोरी की वारदात।


जानकारी देते भुक्तभोगी।

**चंदवा।** चंदवा शहर स्थित बुध बाजार में दुकान के बाहर खड़ी लूना वाहन की डिक्की तोड़कर 50 हजार रुपये की चोरी एनएस बाइक सवार दो अज्ञात चोरों के द्वारा कर ली गयी। घटना शुक्रवार दोपहर 12 बजकर 24 मिनट की बताई जा रही है, जहां महज 10 सेकेंड के अंदर घटना को अंजाम दिया गया। चोरों की करतूत दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गयी है। घटना के बाद भुक्तभोगी माडू उरांव पिता बेलवा उरांव (अम्बा टांड़ चकला) चंदवा थाना पहुंचकर पुलिस को मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वह शुक्रवार को चंदवा के एसबीआई बैंक से 50 हजार रुपये की निकासी कर लूना की डिक्की में रखा था, बाइक को बुध बाजार में खड़ी कर कुछ सामान की खरीददारी करने गया था। कुछ मिनटों के बाद जब वापस लौटा तो बाइक की डिक्की टूटी हुई थी व डिक्की में रखे पैसा व पासबुक गायब था।

**दुकान में लगे सीसीटीवी में घटना में हुई कैद**

इधर घटना के बाद भुक्तभोगी ने दुकान में लगे सीसीटीवी को खंगाली तो बजाज एनएस 200 बाइक पर सवार दो चोर घटना को अंजाम देते साफ दिख रहे हैं। अंदाज लगाया जा रहा है कि चोरों के द्वारा बैंक से ही भुक्तभोगी की रेकी कर घटना को अंजाम दिया गया है। बता दें कि पूर्व में भी कई बार इस प्रकार की घटना घटित हो चुकी है जब बैंक से ही रेकी कर लोगों को निशाना बनाया गया है।

**घटना की जांच में जुटी पुलिस**

इधर घटना के बाद चंदवा पुलिस की टीम बैंक व बुध बाजार पहुंचकर मामले की तफ्तीश की व सीसीटीवी फुटेज को एकत्र कर अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है।

## रामनवमी पूजा की तैयारी को अंतिम रूप देने को लेकर देवी मंडप पूजा समिति की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** आगामी श्री रामनवमी पूजा महोत्सव के मौके पर आहूत होने वाले कार्यक्रमों की अंतिम रूपरेखा तय करने को लेकर गुरुवार की देर शाम महावीर मंडल देवी मंडप की बैठक स्थानीय मंदिर प्रांगण में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष हरिनंदन दुबे ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि रामनवमी में पूजा समिति के द्वारा देवी मण्डप में पूजन अर्चना एवम प्रसाद का वितरण भक्तों के बीच श्रद्धा पूर्वक करेगी। देवीमण्डप के आसपास होने वाले अखाड़ा व सांस्कृतिक कार्यक्रम में कमिटी की भूमिका नही होगी। उपस्थित सदस्यों ने एक स्वर से इस निर्णय का स्वागत किया। देवीमण्डप पूजा समिति ने श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि देवीमण्डप समिति के नाम कोई सहयोग व दान की मांग करते है तो उन्हें सहयोग न करे। इसके लिए देवीमण्डप पूजा समिति के लोग ही अधिकृत है। बैठक के दौरान रामनवमी पूजा में साफ सफाई, प्रकाश की व्यवस्था के अलावे मंदिर परिसर की मरम्मती व सड़क किनारे झंडा लगाने समेत अन्य कार्यों को लेकर गम्भीरता से चर्चा किया गया। मौके पर बबलू गिरी, सूरज यादव, विनय यादव, रमेश राम, नीरज सर, नरेश यादव,उदय तिवारी, पंडित श्यामनन्दन मिश्र के अलावे बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजुद थे।

# बीजेपी जिला कार्यालय में संगठन की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

**लातेहार।** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष पंकज सिंह के अध्यक्षता में संगठन महापर्व निमित्त बैठक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला चुनाव अधिकारी रामबाबू तिवारी उपस्थित थे। सर्वप्रथम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तस्वीर के समक्ष दीप प्रयोजन एवं पुष्पांजलि के पश्चात कार्यक्रम शुरूआत हुई। मुख्य अतिथियों सभी अतिथियों का अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि मंडल चुनाव अधिकारी के माध्यम से सभी मंडलों में बूथ कमेटी का गठन एवं सक्रिय सदस्यता में तेजी लाने के पश्चात ही मंडल एवं जिला का चुनाव होगा। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मंत्री इंद्रजीत यादव जी ने भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के द्वारा निर्देशित कार्यक्रम का विस्तृत जानकारी दी गई, उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि 6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस है। उक्त अवसर पर सभी कार्यकर्ता अपने -अपने घरों में पार्टी का झंडा लगाएंगे, तथा जिला कार्यालय एवं सभी मंडलों के कार्यालय में पार्टी का झडोतोलन, मिठाई वितरण होगा। 13 अप्रैल को जिला में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के प्रतिमा की सफाई एवं दीप प्रवजलन किया जाएगा, तत्पश्चात 14 अप्रैल को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जयंती पर प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि एवं जिला स्तर पर गोष्ठी किया जाएगा। सभी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता के सहयोग से ही सभी कार्यक्रम संपन्न होंगे, आप सभी पार्टी के कार्यकर्ताओं के बल सांसद और विधायक बने हैं, आप लोगों के समर्पण और सहयोग से ही भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। बैठक का संचालन जिला महामंत्री बंसी यादव ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला के महामंत्री अमलेश कुमार सिंह ने किया। मौके पर जिला सह चुनाव अधिकारी लाल कौशल नाथ शाहदेव, जिला के उपाध्यक्ष राकेश दुबे, सभी मंडल के चुनाव अधिकारी, मंडल अध्यक्ष उपस्थित थे।

## बोकारो में जमीन मुआवजे को लेकर आंदोलन करने लोगों पर लाठी चार्ज निंदनीय : प्रमोद साहू

**चंदवा।** झारखंड दैनिक मजदूर यूनियन की एक बैठक यूनियन कार्यालय में साथी अलाउद्दीन पप्पू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बोकारो में बीएसएल से जमीन का मुआवजा और नौकरी की मांग कर रहे हैं। आम जनता पर लाठी चार्ज में प्रेम महतो की मौत पर कड़ी निंदा एवं आक्रोश व्यक्त करते हुए दैनिक मजदूर यूनियन के अध्यक्ष प्रमोद साहू ने कहा कि झारखंड अब बड़े उद्योगपतियों का चारागाह बनते जा रहा है, विकास के नाम पर अपने गरीबों का जमीन छीना जा रहा है और इसके खिलाफ जब जनता विरोध करती है तो उन्हें लाठी और गोली मिलती है। पुलिस प्रशासन बड़े पूंजीपतियों के हाथों के कठपुतली बनते जा रही है और इसमें जनता बुरी तरह पिसी जा रही है, लाठी चार्ज में शामिल पुलिस कर्मी ही नहीं बड़े पदाधिकारी जो उसे वक्त ड्यूटी में मौजूद थे और मजिस्ट्रेट को भी सस्पेंड कर हत्या का मुकदमा दायर किया जाना चाहिए एवं मृतक के परिवार को एक करोड़ का मुआवजा दिया जाना चाहिए। बैठक में पचू बैठा, अनिल उरांव, सुरेश बसपती अजीत उरांव समेत कई लोग उपस्थित थे।

## रामनवमी पूजा को लेकर बाइक जुलुस आज

**चंदवा।** श्री रामनवमी पूजा महोत्सव को लेकर सनातनियों में काफी उत्साह है, कई संगठनों के द्वारा पूजा महोत्सव को लेकर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें है। युवा भारत चंदवा के द्वारा शनिवार को बाइक जुलुस का आयोजन किया गया है,जो हाई स्कूल खेल स्टेडियम से शाम 3 बजे से शुरू होगा। बाइक जुलुस हाई स्कूल से इंदिरा गांधी चौक–मुख्य बाजार होते पीपल नीचे सुभाष चौक–श्रीराम चौक–कामता नाका–कुजरी होते भूषाड़ देवीमंडप से वापस कुजरी शुक्रबाजार होते अलौदिया देवीमंडप में समापन होगा। युवा भारत ने सभी सनातनियों से इस धार्मिक बाइक जुलुस में शामिल होने का अनुरोध किया है।

## हर्षोउल्लास के साथ मनायी गयी चैती छठ महा पर्व

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के बालूमाथ, सेरेगड़ा, आरा, चमातु, मुरपा, बालू, समेत के ग्रामों में चैती छठ महा पर्व हर्षोउल्लास व धूमधाम के साथ संपन्न हो गया। चार दिनों तक चलने वाले या निर्जला व्रत नहाय खाय से आरम्भ होकर खरना, सूर्यास्त को पहला अर्ग एवम शुक्रवार को उगते हुए सूर्य को अर्ग देने के बाद विधिवत पूजा अर्चना के बाद समापन की गई ।इस दौरान बालूमाथ छठ तालाब ,झरिया छठ तालाब , समेत कई नदी व घाटों में काफी भीड़ देखी गई ।बालूमाथ छठ तलाब में पंडित अमरनाथ मिश्रा ने वैदिक मंत्रोउच्चारण के साथ पूजा अर्चना कराया। इस दौरान कई व्रतियों के घरों में श्रद्धालु भारी संख्या में लोग पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया ।इस महापर्व को सफल बनाने में कई लोगों ने छठ घाट की साफ सफाई एवं लाइट एवं आकर्षक साउंड से सजाया था।

### उदयीमान भगवान सूर्य की पहली किरण को अर्घ्य अर्पण के साथ चैती छठ संपन्न

# देवनद तट पर उमड़ा आस्था का जन सैलाब

खबर मन्त्र संवाददाता


उदयीमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते श्रद्धालु।

**चंदवा।** चरदिनों लोक आस्था का महापर्व चैती छठ पूजा शुक्रवार की सुबह उदयीमान भगवान भुवन भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने के साथ संपन्न हो गया। व्रतियों ने सूर्य की पहली किरण के साथ ही अर्घ्य दान किया और अपना 36 घंटे का निर्जला व्रत पूरा किया। चंदवा प्रखंड देवनद दामोदर तट छठ घाट पर अहले सुबह से ही व्रतियों एवं श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ना शुरू हो गया था। अर्घ्यदान का समय होते-होते हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भिंड पहुंच गयी व सूर्योदय के साथ ही छठ व्रती व श्रद्धालुओं ने भगवान सूर्य देव को अर्घ्य दिया फिर कलश और वेदी का विसर्जन कर व्रत पूरा पूरा हुआ। आशीर्वाद और प्रसाद का दौर अर्घ्य देने के बाद घाट पर किया गया और बड़ों से आशीर्वाद लेने का सिलसिला शुरू हुआ। महिलाओं ने सूर्य देव और छठी मैया से मनोकामना पूर्ति हेतु प्रार्थना की। छठ व्रतियों ने 36 घंटे का निर्जला अपना व्रत छठ माता का प्रसाद खा कर पूरा किया। महिलाओं ने एक-दूसरे की मांग में सिंदूर लगाकर सुहाग देने की परम्परा निभाई। अखंड सौभाग्य के लिए लंबा सिंदूर व्रत पूरा करने के बाद एक-दूसरे को सुहाग देते हुए महिलाओं ने नाक से मांग तक सिंदूर लगा रखा था। व्रती महिलाओं ने बताया कि पति की दीघार्यु के लिए लंबा सिंदूर लगाया जाता है। मान्यता है कि जितना लम्बा सिंदूर होगा उतनी ही लम्बी पति की आयु होगी। इधर देवनद छठ घाट पर श्रद्धालुओं व व्रतियों की सेवा में विवेकानंद किशोर संस्थान के कार्यकार्या तत्पर नजर आये। छठ महापर्व के समापन के मौके पर छठ घाट मौजूद प्रबुद्धजनों का स्वागत भी समिति के द्वारा किया गया साथ ही अतिथियों ने श्रद्धालुओं के बीच लस्सी का वितरण किया। मौके पर राजेश चन्द्र पांडेय, नरेश प्रसाद, मनोज सिंह, राजकुमार गुप्ता, अनिल साहू, जयेश वरू, रमन महतो, सौरभ कुमार, मोहनीश कुमार समेत काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चैती छठ पूजा संपन्न


घाट पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** श्रद्धा, आस्था और सूर्य उपासना के महापर्व चैती छठ पूजा का समापन शुक्रवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ हुआ। चार दिवसीय इस व्रत में व्रती महिलाओं और पुरुषों ने कठिन नियमों का पालन करते हुए उपवास रखा और अंत में सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित कर पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा संपन्न की। सूर्योदय से पूर्व ही घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। व्रती पारंपरिक वस्त्रों में सजे धजे हुए, सिर पर डाला, फल और ठेकुआ से भरे सूप लेकर जल में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य दिया और परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान पूरे वातावरण में जय छठी मैया के गगनभेदी उद्घोष और भक्ति गीतों की गूंज सुनाई दी। हालांकि, श्रद्धालुओं को पूजा के दौरान कई असुविधाओं का सामना करना पड़ा। घाटों पर साफ-सफाई और प्रकाश की कोई व्यवस्था नहीं की गई थी, जिससे व्रतियों को काफी दिक्कतें आईं। श्रद्धालुओं ने स्थानीय प्रशासन से नाराजगी जताते हुए भविष्य में बेहतर इंतजाम की मांग की। भले ही सुविधाओं की कमी रही हो, लेकिन लोगों की आस्था में कोई कमी नहीं आई। घाटों पर छठी मैया की जय के जयकारे गूंजते रहे और भक्तों ने पूरे उत्साह के साथ पर्व को सम्पन्न किया।

## पुलिस ने फरार मुजरिम के घर चिपकाये इश्तहार



**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत डोंकी पंचायत स्थित सैलदाग गांव में मनिका पुलिस के द्वारा कांड संख्या 51/23 के धारा 341, 342, 448, 452, 323, 325, 506, 34 बीएनएस के प्राथमिक अभियुक्त अनंत सिंह पिता स्वर्गीय झमण सिंह एवं वैद्यनाथ सिंह पिता अनंत सिंह दोनों ग्राम सैलदाग थाना मनिका के घर इशितहार चिपकाया गया है। मौके पर मनिका थाना से एसआई बिपिन मिश्रा, स .अ .नि मिश्रा मांझी, समेत अन्य उपस्थित थे।

## डॉ.भीम राव अम्बेडकर जयंती मनाने को लेकर हुई बैठक, कैलाश व उपाध्यक्ष रीगन बने


बैठक में मौजूद लोग।

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बारीखाप जतराटांड में भारत के शिल्पकार संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की135वां जयंती मनाने को लेकर कैलाश राम की अध्यक्षता मे शुक्रवार को बैठक की गई। बैठक में 14 अप्रैल को संविधान निमार्ता बाबा साहेब की जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इसके पश्चात कार्यक्रम को शांतिपूर्ण तरीके से संचालन करने के लिए कमिटी का भी विस्तार किया गया। जिसमे सर्वसम्मति से अध्यक्ष कैलाश राम, उपाध्यक्ष रिगन कुमार, महा सचिव विजय भुइयां, अरुण कुमार गणेश राम, सचिव श्रवण ठाकुर, पुरण राम, कुलदीप राम,कोषाध्यक्ष दुलारचंद पासवान, सकीन्दर राम, मुख्य संरक्षक रामनाथ सिंह भोक्ता, राजीव भगत, राजु रामवृक्ष लोहरा, भीम प्रजापति, बहादुर गंझु, संजय दास, मिडिया प्रभारी संजय राम, रुपेश कुमार, रामप्रीत लोहरा को सर्व समिति से बनाया गया। 14 अप्रैल को बारियातू हाई स्कूल से बस स्टेण्ड होते हुए कांडरका नदी के समीप बारिखाप अम्बेडकर जयंती स्थल तक शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। जयंती समारोह को सफल बनाने उमेश लोहरा, दशरथ राम, सतेंद्र कुमार, विकास रंजन, बिहारी राम, बासुदेव राम,मनोज राम, संतोष कुमार रवि जितेंद्र राम, विशेषश्वर राम, रामशंकर रविदास, भोला राम, बिजुली भुइयां, बब्लू राम, अनिल राम, दिनेश भुइयां, राजदेव भुइयां को कार्यकरणी सदस्य चुना गया। कार्यक्रम का रूप रेखा तैयार करने के लिए अगला बैठक 08 अप्रैल को 11बजे रखा गया है। मौक पर काफी संख्या मे लोग मैजूद थे।

## ट्रांसफार्मर खराब होने से 45 दिनो से बिजली बाधित


खराब पड़ा ट्रांसफार्मर।

**चंदवा।** गारू प्रखंड के अंतर्गत बारेसाढ़ पंचायत के ललमटिया गांव में वार्ड नं.3 थाना के बगल में ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के कारण से बीते 45 दिनों से बिजली आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो गया है। जिसके कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली नहीं होने के कारण गांव के स्कूली बच्चों की पढ़ाई-लिखाई मे काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। वहीं ग्रामीणों की दिनचर्या पर इसका सीधा असर पड़ रहा है। गर्मी में बिना पंखे और रोशनी के लोग दिन-रात परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि ट्रांसफार्मर की खराबी की सूचना कई बार बिजली विभाग को दी गई, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं की गई है। लोगों ने विभाग से जल्द से जल्द नया ट्रांसफार्मर लगाने और बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की है।

# महावीर मंदिर की पहली वर्षगांठ पर भंडारा का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय के बस स्टैंड स्थित आदि शक्ति महावीर मंदिर का शुक्रवार को पहला स्थापना दिवस मनाया गया। मंदिर के पहले स्थापना दिवस को लेकर जहां मंदिर समिति के द्वारा मंदिर परिसर और बस स्टैंड के मुख्य मार्ग को फूलों और आकर्षक लाइटिंग से दुल्हन की तरह सजाया गया था। स्थापना दिवस को लेकर मंदिर के मुख्य पुजारी गौरव पाण्डेय के द्वारा विशेष पूजा अर्चना आयोजित की गई। जिसमें मंदिर समिति के सदस्य और पदाधिकारी के साथ आसपास के कई श्रद्धालुओं ने शामिल होकर पूजा अर्चना की। वहीं दूसरी और पूजा अर्चना कार्यक्रम संपन्न होते ही भंडारे की कार्यक्रम को लेकर बनाए गए व्यंजन को मां दुर्गा आदिशक्ति हनुमान और भगवान शिव को भोग लगाने के बाद सभी श्रद्धालुओं भंडारे के कार्यक्रम की शुरूआत की गई। जहाँ मंदिर समिति के सदस्यों और पदाधिकारी के साथ जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर नें प्रसाद वितरण की शुरूआत की। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे के प्रसाद को ग्रहण किया। मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष राजवर्धन सिंह, कमल किशोर सिंह राजेंद्र कुमार बबलू, सत्येंद्र कुमार सिंह डब्बू, अखिलेश कुमार सिंह, नरेश चौरसिया, निरंजन सिंह, भास्कर सिंह, गौरव कु सिंह सोनू, रवि शेखर सिंह, सचिन कुमार सिंह, ओम सिंह, कन्हाई प्रसाद विवेक सिंह दिलीप अग्रवाल, चेतन कुमार वर्मा, विक्की गुप्ता, ओंकार सिंह, हरमन सिंह, उत्कर्ष सिंह, सूरज चौरसिया, आदर्श सिंह, यशी शेखर,अभिनंदन शेखर, कमलेश प्रसाद, सोनू सरदार, बबलू रहमान और अवनीश प्रसाद समेत अन्य सदस्य शामिल थे।

## नवीन सत्र 2025-26 का हुआ शुभारंभ


हवन में मौजूद धर्मप्रेमी।

**बारियातू।** गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में हवन पूजन के साथ नवीन सत्र 2025 –26 का शुभारंभ किया गया। कृष्ण कुमार मिश्र द्वारा वैदिक मंत्रोचार द्वारा हवन पूजन कार्य संपन्न करवाया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम ,शशि कुमार सिंह, वीणा देवी, लक्ष्मण राम, नीतीश कुमार एवं समस्त आचार्य जी एवं दीदी एवं छात्र छात्राओं द्वारा भक्तिपूर्ण वातावरण में सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ कर विद्यालय के सफल संचालन की मंगल कामना की गई। विद्यालय परिवार एवं समस्त छात्र छात्रा भी मंत्रोच्चार के साथ हवन पूजन में शामिल हुए। प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम ने बताया कि विद्या भारती योजना के अनुसार सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालयों में हवन पूजन के साथ नवीन सत्र का आरंभ किया जाता है। 4 अप्रैल 2025 से विधिवत रूप से कक्षाएं चलेंगी। सभी अभिभावक बंधु विश्वास के साथ इस विद्यालय में भारतीय जीवन मूल्यों पर आधारित संस्कार युक्त शिक्षण हेतु अपने छात्र छात्रा को भेजें। इस मौके पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित थे।

# संकट मोचन भवानी मंदिर के प्रथम वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न

## पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम ने कहा कि धार्मिक व अध्यामिक आयोजनों से क्षेत्र में सुख व समृद्धि आती है

खबर मन्त्र संवाददात


समापन के मौके पर आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि।

**लातेहार।** पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम ने कहा कि धार्मिक व अध्यामिक आयोजनों से क्षेत्र में सुख व समृद्धि आती है। आज के इस भौतिक युग में अध्यात्म की प्रसांगिता से कोई इंकार नहीं कर सकता है। पूर्व मंत्री श्री राम शहर के जुबली रोड में संकट मोचन भवानी मंदिर के प्रथम वार्षिकोत्सव के मौके पर बोल रहे थे। उन्होने कहा कि मां भवानी दुर्गा शक्ति की प्रतीक है। मां दुर्गा ने असुरों का नाश किया था और देवताओं को असुरों के प्रकोप से मुक्त कराया था। उन्होने कहा कि आज समाज की नारियां इसे चरितार्थ कर रही है और समाज के हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। श्री राम ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के लिए सामुहिक रूप से आगे आने की अपील की। पूर्व मंत्री ने नौ कन्याओं का पूजन व फीता काट कर भंडारा का प्रारंभ किया। इससे पहले पंडित अनिल मिश्रा के सानिध्य में हवन व पूणाहुति की गयी। मौक पर मुख्य यजमान के रूप में साकेत कुमार सप्तनीक मौजूद थे। इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, महेंद्र प्रसाद गुप्ता, प्रमोद प्रसाद सिंह, सुशील कुमार अग्रवाल, राजधनी प्रसाद यादव, डॉ विशाल शर्मा, रामदेव सिंह, जय प्रकाश महलका, मंदिर समिति के अध्यक्ष निर्मल कुमार महलका, सचिव प्रदीप प्रसाद गुप्ता, बिहारी प्रसाद गुप्ता, मुरारी प्रसाद, साकेत कुमार अजय कुमार, विजय कुमार, साकेत कुमार, नीतेश कुमार, अनिल प्रसाद, सुरेश प्रसाद, दिलीप प्रसाद, नागेंद्र प्रसाद, जीतेंद्र प्रसाद गुप्ता, नवल किशोर प्रसाद, कंचन कुमारी व जया कुमारी आदि मौजूद थे। भंडारा में लातेहार एवं आसपास के क्षेत्रों के हजारों लोगों ने संकट मोचन भवानी मंदिर में माथा टेका और अपने एवं अपने परिवार की कुशल कामना की। भंडारा में लोगों ने बड़े श्रद्धा से माता का प्रसाद ग्रहण किया। इससे पहले अतिथियों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

### आभार प्रकट किया

संकट मोचन भवानी मंदिर समिति के अध्यक्ष निर्मल कुमार महलका व सचिव प्रदीप प्रसाद गुप्ता ने मंदिर के प्रथम वार्षिकोत्सव पर तन मन व धन से सहयोग करने पर नगर वासियों का आभार प्रकट किया है. उन्होने कहा कि बिना सामुहिक सहयोग के कोई भी अनुष्ठान पूरा नहीं होता है. उन्होने कहा कि पिछले साल आज की ही तिथि को संकट मोचन भवानी मंदिर में मां दुर्गा, भगवान शंकर व राम भक्त वीर हनुमान की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना शुरू की गयी थी।

स्पीड न्यूज

## नुरानी मस्जिद, कुम्हारपाड़ा के अध्यक्ष बने मो अलीमाम

दुमका। नुरानी मस्जिद (मरकज), कुम्हारपाड़ा की कमेटी गठन को लेकर शुक्रवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता फारूक अंसारी ने की। बैठक में सदर अध्यक्ष मो अलीमाम उर्फ टिंकू, सचिव अरफी आलम उर्फ टिंकू, कोषाध्यक्ष फारूक अंसारी, साबीर अहमद, नायब सदर, मो शकिल, नायब सचिव मो अफजल को बनाया गया। कार्यकारिणी सदस्यों में मो सद्दाम, मो शहबाज, जाफर, इमरान, प्रिंस, मिक्कु, शमजद खान, सुमन, वसीम, शहनवाज एवं रागीब को बनाया गया।

## जेन-लेयर ने जीजीईएसटीएस को किया सम्मानित



बोकारो। जर्मनी की आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस कंपनी जेन–लेयर ने गुरु गोबिन्द सिंह एजुकेशनल सोसाइटीज टेक्निकल कैंपस इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट कॉलेज कांड्रा को नवाचार और शिक्षा के उत्कृष्ट सेमिनार आयोजित करने हेतु देश में प्रथम तथा विश्व में दूसरा स्थान प्रदान किया है। कॉलेज के निदेशक डॉ प्रियदर्शी जरुहार ने राकेश कुमार एंबैस्डर इंडिया जेन–लेयर और रजत नाथ कोऑर्डिनेटर जेन–लेयर ईस्टर्न रीजन के हाथों यह अवार्ड और प्रमाण पत्र ग्रहण किया। साथ ही कंपनी ने सौ छात्रों को पांच डॉलर के बराबर रुपए चार सौ टी–शर्ट एवं अल्पाहार प्रति छात्र प्रदान किये। संस्थान के अध्यक्ष तरसेम सिंह तथा सचिव सुरेंद्र पाल सिंह ने कॉलेज के निदेशक डॉ प्रियदर्शी जरुहार को इस उपलब्धि के लिये बधाई दी तथा छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संयोजन बीबीए की विभागाध्यक्ष प्रो कृतिका चौधरी ने किया तथा मंच का संचालन एमबीए प्रथम वर्ष की छात्रा शिवानी राजहंस ने किया।

## विधायक प्रदीप यादव व पूर्व विधायक रंधीर सिंह की हुई पेशी



पेशी के बाद न्यायालय परिसर से निकलते विधायक

दुमका। एमपी एमएलए की विशेष अदालत में कांग्रेस पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव एवं भाजपा पूर्व विधायक रंधीर सिंह की पेशी शुक्रवार को हुई। पेशी विशेष न्यायाधीश सह एसडीजेएम मोहित कुमार चौधरी की अदालत में हुई। केस में गवाही के स्टेज पर था। आज सूचक की गवाही हुई। जहां अभियोजन ने सूचक को पक्षद्रोही करार दिया। अब अगली तिथि 16 अप्रैल को निर्धारित है। यहां बता दें मामला कि 15 सितंबर 2010 का है। जब देवघर में सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने की मांग को लेकर तत्कालीन झाविमो पार्टी के विधायक प्रदीप यादव एवं रंधीर सिंह के नेतृत्व में सड़क जाम किया गया था। जाम को लेकर लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था।

## बीएंडके के नये महाप्रबंधक का स्वागत

**बेरमो।** बोकारो एवं करगली क्षेत्र के महाप्रबंधक चितरंजन कुमार का क्षेत्र के इनमोसा पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा पुष्प गुच्छ के साथ उनका सम्मान किया गया एवं परिचय बैठक की गई। इस अवसर पर इनमोसा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार सिंह भी उपस्थित थे। महाप्रबंधक महोदय ने अपना पुराना अनुभव साझा करते हुए कहा कि इंडस्ट्री में पुराने माइनिंग स्टाफ से उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला। उन्होंने कहा कि उनका महत्व इसलिए भी है कि वे अधीनस्थ कर्मचारियों के सुरक्षा के प्रति और कोयला उत्पादन के लक्ष्य को पूरा करने के लिए भी जिम्मेवार होते है।

### बोकारो में विस्थापित अप्रेन्टिस का प्रदर्शन, हुआ लाठीचार्ज, एक की मौत, कई हुए घायल

# बोकारो बंद से प्लांट का उत्पादन ठप्प







खबर मन्त्र संवाददाता

### भयावह स्थिति की संभावना प्रबल

**बोकारो।** बोकारो स्टील सिटी में कल की हुई भयावह दुर्घटना से उपजी परिस्थिति अब तबाही के नए मंजर की ओर बढ़ती दिख रही है। नियोजन के मुद्दे पर विस्थापित अप्रेंटिसों और सीआईएसएफ/सुरक्षा बल के बीच हुई मुठभेड़ व लाठीचार्ज के दौरान विस्थापित अप्रेंटिस प्रेम महतो की मौत से आक्रोशित विस्थापितों के बोकारो बंद के आह्वान को भाजपा आजसू जेकेएलएम आप पार्टियों ने समर्थन दिया।

शहर में कोरोना काल जैसा सूनापन व्याप्त रहा। तेलमेच्चो-चास-जैना मोड़ सहित सभी जगह चक्का जाम एवं पूरा बाजार, स्कूल-कॉलेज, सभी कार्यालय व प्रतिष्ठान बंद रहे। कहीं स्वतः स्फूर्त बंदी रही तो कहीं बंद समर्थकों ने कराया बंद। वेदांता ईएसएल के एक बस को आग के हवाले कर दिया गया। दुन्दीबाद हटिया क्षेत्र में बंद समर्थकों ने एक दुकान और एक मोटरसाइकिल को आग लगा दी। बीती रात डुमरी विधायक जयराम महतो एवं बोकारो विधायक श्वेता सिंह के समर्थकों के बीच भी झड़प हुई। इधर जिला की उपायुक्त विजया जाधव ने प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक जांच व यथास्थिति की निगरानी सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिया है।

बोकारो प्रबंधन ने उपायुक्त की पहल पर मृतक के आश्रित को 20 लाख का मुआबजा और किसी एक आश्रित को संविदा के आधार पर नियोजन देने पर सहमति जताई है। बीएसएल के सीजीएम हरिमोहन झा को गिरफ्तार कर लिया गया है। बंद समर्थकों द्वारा तुपकाडीह के पास नहर काट दिया गया है। प्रेस व मीडिया के साथ भी बंद समर्थक बदतमीजी करते पाए गए। कहीं पत्रकार के वाहन पर तो कहीं उनका मोबाइल छीनने का प्रयास किया गया। जबकि बोकारो प्रबंधन द्वारा समुचित समाधान के निमित्त जिला प्रशासन की पहल पर डीसी कार्यालय के सभागार में बीएसएल के पदाधिकारी, बोकारो विधायक श्वेता सिंह व विस्थापित संगठन सहित संबद्ध लोगों की वार्ता जारी है।

समाचार लिखे जाने तक वार्ता के किसी परिणाम की सूचना नहीं है। प्रबंधन ने एक अपील जारी कर बताया कि किसी भी समस्या का समाधान वार्ता से हो सकता है। चूंकि कोई भी बीएसएल कर्मी प्लांट के अंदर नहीं जा पा रहा है और न ही अंदर के कर्मी बाहर आ पा रहे हैं। बोकारो इस्पात संयंत्र एक थर्मो सेंसिटिव प्लांट है जिसके अंदर संवेदनशील गैस पाइपलाइन का नेटवर्क है जिसे 24 घंटे कड़े सेफ्टी प्रोटोकॉल में रखा जाता है ताकि गैस पाइपलाइन नेटवर्क सुरक्षित रहे। बोकारो इस्पात संयंत्र के सभी गेट जाम कर दिये जाने की वजह से लगभग 5000 लोग प्लांट में 18 घंटे से अधिक समय से भूखे- प्यासे अंदर फंसे हैं। ऐसी स्थिति में प्लांट के सभी ब्लास्ट फर्नेस सहित अन्य प्रमुख उत्पादन इकाइयां कोक ओवन सिंटर प्लांट एस एम एस हॉट स्ट्रिप मिल भी कल रात से ही पूरी तरह से बंद हो गए हैं। गौरतलब है कि प्रमुख उत्पादन इकाइयों के बंद होने से संवेदनशील गैस पाइपलाइन के सेफ्टी प्रोटोकॉल को कायम रखने में भी कठिनाई आ रही है हालांकि भूखे- प्यासे और रात भर जगे होने के बावजूद हमारे कर्मी अभी तक यथासंभव सेफ्टी प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित कर रहे है पर यदि यही स्थिति आगे भी बनी रहती है तो सेफ्टी प्रोटोकॉल का पालन करना मुश्किल हो जाएगा जिससे प्लांट और शहर की सेफ्टी पर गंभीर खतरा उत्पन्न होने की संभावना है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए बोकारो संयंत्र प्रबंधन ने जन हित में आंदोलनकरियों से प्लांट गेट से अविलम्ब जाम हटाने का आग्रह किया है। उधर विस्थापित अप्रेंटिस संघ की सभी प्रमुख मांगों- ट्रेनिंग पूरा कर चुके सभी विस्थापित अप्रेंटिस प्रशिक्षुओं को बीएसएल प्रबंधन 21 दिनों में पद सृजित कर तीन माह के अंदर उन्हें नियुक्ति देने, प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए कोचिंग की सुविधा उपलब्ध कराने व घायलों को बीजीएच में मुफ्त उपचार एवं रु.

10,000/- मुआवजा देने पर सहमति जताई है।

वहीं अन्य मांगों के लिए बीएसएल विस्थापितों के साथ प्रति माह 15 तारीख को जिला नियोजन पदाधिकारी एवं अपर समाहर्ता की उपस्थिति में बैठक कर अनुश्रवण करेंगे। उपरोक्त सभी बातों को लेकर उपायुक्त ने अपर समाहर्ता एवं अनुमंडल पदाधिकारी चास को प्रत्येक माह अनुश्रवण कर अनुपालन सुनिश्चित कराने को कहा है। गौरतलब है कि प्लांट के अंदर फंसे 5000 कर्मी भी मनुष्य हैं, उनकी भी कार्य क्षमता की एक सीमा है। सच्चाई यह भी है कि यदि प्लांट के अंदर गैस के सुरक्षा प्रोटोकॉल की स्थिति बिगड़ी तो बोकारो शहर सहित निकटवर्ती क्षेत्रों में लगभग 40-50 किलोमीटर तक भयंकर तबाही मच सकती है।

## पांच महिलाओं की सोने की चैन की हुई चोरी, अफरा-तफरी का महौल

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** शहर के नगर थाना क्षेत्र के बड़ाबांध तालाब में पांच छठव्रती महिलाएं चेन स्नेचिंग की शिकार हो गई। एक साथ महिलाओं के गले से सोने की चेन व मंगलसूत्र को शातिरों ने उड़ा लिया है। यह घटना दूसरी अर्घ्य शुक्रवार की सुबह करीब 6 बजे हुई। सोने की चेन की चोरी होने के बाद छठ घाट में अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। पीड़ित महिलाओं के परिजन इधर-उधर चेन चोरी करने वालों की तलाश में जुट गए। परिजनों ने तालाब में तैनात पुलिस कर्मियों से भी शिकायत की। पुलिस भी चेन चोरी करने वालों की तलाश करने लगी।



एक महिला के गले से सोने की चेन चोरी होने से बच गई। महिला के सोने के चेन के लॉक को खोल लिया गया था, लेकिन संयोग से सोने की चेन सरकर ब्लॉउज के अंदर चला गया। जिस कारण उक्त महिला की सोने की चेन चोरी होने से बच गई। अफरा-तफरी होने के बाद सभी महिलाएं अपने-अपने गले में पहने सोने की चेन को देखने लगी। शांति मेडिकल दुकान के प्रोपराईटर की पत्नी भी सोने की चेन देखने लगी तो गले में सोने की चेन नहीं था। वह ध्यान से खोजी तो सोने की चेन ब्लॉउज के अंदर चला गया था। इस मामले में किसी ने थाने से शिकायत नहीं की है। कई महिलाओं के परिजनों ने केवल मौखिक रुप से पुलिस से शिकायत की है। चेन स्नेचिंग की शिकार हुई महिलाओं में अधिकांश 60 वर्ष से उपर की है। पीड़ित महिलाओं में कुलदीप सिंह रोड की वृद्ध महिला लैश देवी, शराब व्यवसायी राजेश राउत की मां, कपड़ा व्यवसायी अरुण केशरी की पत्नी, मिठाई व्यवसायी अभिषेक चौरसिया की मां एवं फल विक्रेता के रिश्तेदार की पत्नी शामिल है। इनमें से तीन लोगों ने ही थाने से शिकायत की है। थाना में एसडीपीओ विजय कुमार महतो ने पीड़ित परिवार वालों से मोबाइल के द्वारा लिए गए फोटों व वीडियो जल्द से जल्द उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। कहा कि इन फोटों व वीडियो से ही संदिग्धों की पहचान की जाएगी। पीड़ित लोगों ने एसडीपीओ को बताया कि सोने की चेन चोरी करने वालों में सभी महिलाएं ही शामिल थी। सभी महिलाएं प्रसाद व टिका लगाने के नाम पर छठव्रतियों के नजदीक आ गई और चोरी की घटना को अंजाम दिया। पुलिस तालाब के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने में जुटी हुई है। पता चला है कि चोरों ने एक साथ करीब 10 से 15 लाख रुपए के जेवरातों को उड़ा लिया। महिलाओं के गले से सोने की चेन चोरी होने के बाद एसपी ने भी जांच का निर्देश दिए है।

### प्रभु राम को वन से वापस लाने के लिए भरत का वन-गमन

## प्रेम-धर्म था जिसमें गौण हो जाते है नियम : राजन जी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** राम जी का वनवास माता पिता की आज्ञा से था, माता जानकी पत्निधर्म का निर्वाह कर रही थी और लक्ष्मण जी सेवक धर्म का लेकिन भरत जी का श्री राम प्रभु को माता जानकी एवम लक्ष्मण जी को वन से वापस लाने के लिए वन-गमन, प्रेम-धर्म है और यह धर्म सबसे पवित्र है। इसमें नियम गौण हो जाते है और रह जाता है तो बस प्रेम। भरत चरित्र पर बोलते हुए जब राजन जी महाराज ने उक्त बातें कही तो पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। बोकारो के सेक्टर 4 स्थित मजदूर मैदान में चल रहे श्री राम कथा आयोजन के आठवें सत्र में कथावाचक राजन जी महाराज राम भरत मिलाप पर बोलते हुए भरत चरित्र की चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भरत स्वयं को उत्पन्न सभी परिस्थितियों का दोषी मान रहे थे लेकिन प्रभु राम ने उन्हें गले लगाकर यह संदेश दिया कि यह सब लीला है और लीलाएं प्रभु-रचना होती है। हर



छोटे भाई को भरत जी की भाँति बड़े भाई से प्रेम होना चाहिए। आज जब परिवारों में भाई भाई एक दूसरे से प्रेम का भाव नही रख पाते तो विश्वास नही होता कि यह उसी भरत का भारत है जिन्होंने भाई भाई के प्रेम का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। जिन घरों में भाई भाई साथ बैठकर ठहाके लगाते है उन घरों को किसी डॉक्टर की जरूरत नही पड़ती। माता शबरी एवम प्रभु राम मिलन के प्रसंग का उदाहरण देते हुए राजन जी ने सभी को संदेश दिया कि विश्वास ही प्रेम है। प्रभु राम, माता जानकी एवम लक्ष्मण जी के अरण्य-विहान पर कहते हुए राजन जी महाराज ने कई प्रंसगो का उल्लेख किया जिससे पूरा पंडाल भावविभोर हो गया।

## संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** आज समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त श्री जिशान कमर की अध्यक्षता में सामाजिक सुरक्षा कोषांग की समीक्षात्मक बैठक आहुत की गई। उपायुक्त के द्वारा पेंशन योजनाओं, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, विधवा पेंशन तथा सामाजिक सुरक्षा कोषांग के अधीन संचालित सभी योजनाओं का प्रतिवेदन प्राप्त कर सभी की बिंदुवार समीक्षा की गई। उपायुक्त के द्वारा लाभुकों को नियमित रूप से पेंशन का लाभ प्रदान करने की दिशा में आवश्यक सतत कार्रवाई करने तथा लाभुकों का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिये गए।

इस दौरान अपर समाहर्ता प्रेमलता मुर्मू, सहायक निर्देशक जिला जिला सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी अभय कुमार एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के कर्मीगण मौजूद रहे।

## सौहार्दपूर्ण माहौल में रामनवमी पर्व मनाने की अपील

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** आगामी 06 अप्रैल को रामनवमी पर्व के विधि व्यवस्था संधारण को लेकर समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता संयुक्त रूप से उपायुक्त विजया जाधव एवं पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी ने किया। सौहार्दपूर्ण माहौल में रामनवमी का पर्व संपन्न कराने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में डीआरडीए निदेशक मेनका अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार एसडीओ चास प्रांजल ढ़ांडा एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ डीटीओ वंदना शेजवलकर डीसीएलआर चास प्रभाष दत्ता समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी पुलिस पदाधिकारी बीडीओ/सीओ सभी थाना प्रभारी आदि उपस्थित थे। उपायुक्त विजया जाधव ने क्रमवार सभी बीडीओ/सीओ/थाना प्रभारियों से थाना/अंचल स्तर पर आयोजित शांति समिति की बैठक की जानकारी ली। सभी ने शांति समिति की बैठक कर लेने की बात कहीं। बीडीओ/सीओ व थाना प्रभारियों ने





### सभी थाना प्रभारी व बीडीओ/सीओ रहेंगे अलर्ट पर, सोशल मीडिया पर प्रशासन की रहेगी पैनी नजर

क्षेत्र के संवेदनशील इलाकों व जरूरी ऐतिहात के संबंध में अपनी बात रखीं। उपायुक्त ने बीडीओ/सीओ/थाना प्रभारियों को अलर्ट रहने को कहा। किसी भी तरह की आपत्तिजनक/अश्लील गाने को बजाया नहीं जाएगा। माननीय न्यायालय एवं राज्य सरकार से जो दिशा झ्र निर्देश प्राप्त है उसका दोनों अनुमंडल पदाधिकारी अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराएंगें। अखाड़ा दल अपने वोलेंटियर्रस के नामों की सूची उन्हें अलग टी सर्ट/पहचान पत्र आदि जारी करेंगे। जुलूस का जो निर्धारित रूट है वहीं रहेगा इसमें किसी तरह का कोई बदलाव नहीं होगा। धार्मिक स्थलों पर भी सभी संबंधित सतर्क रहेंगे। अग्निशमन विभाग/स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट मोड में रहने को कहा। अग्निशमन वाहनों/एंबुलेंस को प्रतिनियुक्त करने का संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया मौके पर एसपी मनोज स्वर्गियारी ने कहा कि पर्याप्त संख्या में पुलिस बल जिला को उपलब्ध है। सभी कि प्रतिनियुक्ति कर दी जाएगी। सभी अलर्ट रहकर अपने दायित्वों का निर्वाहन करेंगे। सभी थाना प्रभारी अपने सूत्रों को सक्रिय रखेंगे एवं संवेदनशील क्षेत्रों के बड़ी ईमारतों पर भी पुलिस बल प्रतिनियुक्त करेंगे। डीसी- एसपी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर निगरानी रखने की बात कही। मौके पर मुख्यालय डीएसपी अनिमेश गुप्ता सिटी डीएसपी आलोक रंजन चास सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी/बीडीओ/सीओ एवं थाना प्रभारी आदि उपस्थित थे।

खबर एक नजर में

## डीसी ने शांति समिति की बैठक कर जारी किया गाईड लाईन

**दुमका।** रामनवमी पर्व को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक इंडोर स्टेडिम में शुक्रवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता डीसी आंजनेयुलु दोड्डे ने की। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि रामनवमी के दौरान निकाले जाने वाले जुलुस शांतिपूर्ण ढंग से निकाली जाय।प्रशासन के साथ आमजनों का सहयोग शांतिपूर्ण आयोजन के लिए आवश्यक है। बिना अनुमति के किसी प्रकार का जुलूस नहीं निकाला जाएगा। कहा कि डीजे का इस्तेमाल पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। निर्धारित रुट पर ही जुलूस निकाली जाय। लाइसेंसधारी एवं बिना लाइसेंसधारी समिति अनुमति प्राप्त कर ही जुलूस नकालेंगे।सभी जुलूस के साथ एक वीडियोग्राफर उपलब्ध रहेंगे, जो पूरे जुलूस की वीडियोग्राफी करेंगे। सभी समितियां अपने सदस्यों की सूची उपलब्ध कराएंगे तथा यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी सदस्य अपना पहचान पत्र निश्चित रूप से लगाये रखेंगे। समिति के सदस्य जुलूस के साथ चलने वाले ट्रैक्टर के सभी जरूरी दस्तावेज,ट्रैक्टर के ड्राइवर का ड्राइविंग लाइसेंस, ट्रैक्टर मालिक का पहचान पत्र निश्चित रूप से जमा करेंगे। उन्होंने कहा कि नो एंट्री पॉइंट को चिन्हित कर लें। जिससे जुलूस एवं वाहनों के आवगमन में परेशानी नहीं हो। उन्होंने समिति के सदस्यों से कहा कि रामनवमी त्यौहार को पूरे उत्साह से मनाएं एवं झंडे की ऊंचाई का विशेष ध्यान रखें ताकि हाई टेंसन तारों के संपर्क में नहीं आये।कहा कि प्रखंड स्तर पर आयोजित शांति समिति के बैठक कर प्रेसिडिंग निश्चित रूप से भेज दें।सेन्स्टीव स्थानों को चिन्हित कर के बताएं ताकि फोर्स एवं मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की जा सके। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल सहित सभी स्वास्थ्य केंद्र अलर्ट मोड में रहेंगे। विद्युत विभाग सभी विधुत तार दुरुस्त हैं इस आशय का प्रमाण पत्र निर्गत करेंगे। विधुत विभाग पावर स्टेशन का नंबर शेयर कर देंगे ताकि आमजन विषम परिस्थिति में संपर्क कर सकें। नगर परिषद को निदेश दिया कि अतिक्रमण मुक्त कराते हुए पेयजल सहित जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।कहा कि मजिस्ट्रेट एवं पुलिस फोर्स अगर अपने प्रतिनियुक्त स्थल से अनुपस्थित पाए जाते हैं तो उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।कहा कि किसी भी अफवाह पर ध्यान नहीं दें।

पेज 1 का शेष

### खामोश हो गया...

साल 1968 में उपकार ने बेस्ट फिल्म, बेस्ट डायरेक्टर, बेस्ट स्टोरी और बेस्ट डायलॉग के लिए चार फिल्मफेयर जीते। 1992 में उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया। 2016 में उन्हें दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड से नवाजा गया था। **एक से एक सुपर हिट फिल्में :** मनोज कुमार ने बॉलीवुड को उपकार, पूरब-पश्चिम, क्रांति, रोटी-कपड़ा और मकान सहित ढेर सारी कामयाब फिल्में दीं। इन फिल्मों की वजह से उन्हें दर्शक भारत कुमार के नाम से भी जानते थे। 1957 में उनकी फिल्म फैशन आयी। इसके बाद 1960 में उनकी फिल्म कांच की गुड़िया रिलीज हुई। इसके बाद तो पीछे मुड़कर नहीं देखा। मनोज कुमार ने इसके बाद हिन्दी सिनेमा को उपकार, पत्थर के सनम, रोटी कपड़ा और मकान, संन्यासी और क्रांति जैसी सुपरहिट फिल्में दीं। **शोक की लहर :** पहले इनका नाम हरिकृष्ण गोस्वामी था। दिलीप कुमार और अशोक कुमार की फिल्मों को देखकर इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने एक्टर बनने का निश्चय कर लिया। दोनों के फैन होने के नाते उन्होंने अपना नाम मनोज कुमार रख लिया। उनके निधन की खबर मिलते ही दिग्गज अभिनेता धमेंद्र उनके आवास पर पहुंचे और अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अभिनेता अक्षय कुमार, सलमान, प्रेम चोपड़ा, फिल्म निमार्ता करण जौहर और डायरेक्टर विवेक रंजन अग्निहोत्री सहित फिल्म मेकर मधुर भंडारकर ने भी दुख जताया है। **बेटा फिल्म में नाम नहीं कमा सका :** मनोज कुमार के बेटे का नाम कुणाल गोस्वामी है। उन्होंने फिल्में में कदम रखा लेकिन सफलता हासिल नहीं हुई। नीले-नीले अंबर पर चांद जब छाए में जो एक्टर नजर आया था, वो मनोज कुमार के ही सुपुत्र थे। गाना तो हिट हुआ लेकिन बेटे के करियर में कुछ खास उछाल नहीं लेकर आया था।

### इडी टीम के पहुंचते ही...

नीरज कंसल्टेंट कंपनी से जुड़े लोगों को भी छापेमारी के दायरे में शामिल किया है। इसके अलावा फर्जी दावों के भुगतान में थर्ड पार्टी असेसमेंट (टीपीए) का काम करने वाली कंपनी सेफवे टीपीए के कर्मचारियों दयाशंकर चौधरी के अलावा नेशनल इंश्योरेंस कंपनी कर्मचारी मनीष के ठिकानों को छापेमारी की दायरे में शामिल किया गया है। दयाशंकर चौधरी ने अपना एक अस्पताल भी खोल रखा है। सेफवे प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक इंद्रजोत सिंह को सरकारी बीमा योजना में गड़बड़ी करने के आरोप में अहमदाबाद सीबीआई कोर्ट पांच साल की सजा सुना चुकी है। **मुर्दों के इलाज का भी आरोप :** ईडी ने हजारीबाग के सनसाइन हॉस्पिटल पर भी छापा मारा है। इस अस्पताल पर भी मुर्दों का इलाज करने का आरोप लगा था और अस्पताल को निलंबित कर दिया गया था। हालांकि बाद में इसे फिर से अस्पताल चलाने की अनुमति दे दी गयी थी। हालांकि बाद में इसे बंद कर दिया गया था। **कैसे खुला घोटाले का राज :** उल्लेखनीय है कि भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक (सीएजी) की ओर से संसद में आयुष्मान योजना पर रिपोर्ट पेश करने के बाद ईडी ने स्वास्थ्य विभाग से योजना में हुई गड़बड़ी और की गयी कार्रवाई से संबंधित जानकारी मांगी थी। जवाब में राज्य सरकार ने ईडी को पत्र भेज कर आयुष्मान योजना में हुई गड़बड़ी और की गयी कार्रवाई से संबंधित रिपोर्ट भेजी थी। साथ ही गड़बड़ी के सिलसिले में दर्ज की गयी प्राथमिकी की जानकारी दी थी।इडी ने इन प्राथमिकियों के आधार पर इस प्राथमिकी को आर्थिक अपराध सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) के तौर पर दर्ज की थी।

### विकास के एजेंडे पर काम...

**झामुमो आंदोलन की उपज :** कार्यक्रम में सीएम ने ने झामुमो की नींव रखने वाले नेताओं को याद किया। उन्होंने कहा कि यह पार्टी झारखंड आंदोलन की उपज है और इसकी आत्मा राज्य के विकास में बसी है। कोरोना काल के दौरान दिवंगत हुए मंत्रियों को भी उन्होंने नमन किया और उनकी सेवा भावना को सलाम किया। झामुमो का यह स्थापना दिवस कार्यक्रम न केवल संगठन की एकता और शक्ति का प्रतीक बना, बल्कि पार्टी के भविष्य की दिशा भी स्पष्ट की। मौके पर सैकड़ो की संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सरकार को मिली...

दरअसल, झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एम.एस.रामचंद्र राव की खंडपीठ ने 1 अप्रैल को सरहुल के जुलूस के दिन अलग-अलग इलाकों में 5 से 10 घंटे तक बिजली आपूर्ति बंद रखे जाने पर आपत्ति जतायी थी। स्वतः संज्ञान से दर्ज जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने कहा था कि बिजली आपूर्ति रोकने से बुजुर्ग, मरीज, गर्भवती महिलाएं, परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र, छोटे बच्चों को काफी परेशानी होती है। जवाब में महाधिवक्ता की तरफ से कहा गया था कि साल 2000 में जुलूस का झंडा बिजली तार के संपर्क में आने की वजह से 29 लोगों की मौत हो गई थी। इसी वजह से सुरक्षा के मद्देनजर बिजली काटनी पड़ती है। महाधिवक्ता राजीव रंजन ने अपनी दलील में यह भी कहा था कि 6 अप्रैल को रामनवमी का जुलूस निकलना है। इसी तरह 6 जुलाई को मोहर्रम का जुलूस निकलेगा। इन दोनों दिन बिजली आपूर्ति रोकने की जरूरत पड़ेगी। इसपर खंडपीठ ने कहा कि घंटों आवश्यक सेवा को नहीं रोका जा सकता। इसलिए जुलूस के दौरान झंडे के खंभों की ऊंचाई छोटी की जा सकती है। कोर्ट ने कहा कि मौसम खराब होने या अन्य जरूरी आपात स्थिति में ही बिजली काटी जानी चाहिए। फिलहाल, सुप्रीम कोर्ट द्वारा हाईकोर्ट के आदेश पर स्टे लगाने से प्रशासन को बड़ी राहत मिली है क्योंकि झारखंड के अलग-अलग शहरों में रामनवमी का भव्य जुलूस निकलता है। इस दौरान लाखों की संख्या में लोग पारंपरिक हथियारों के साथ शोभा यात्रा में शामिल होते हैं। अलग-अलग महावीर मंडल भव्य महावीरी पताका निकालते हैं। इस वजह से बिजली काटना बेहद जरूरी हो जाता है।

# चीन ने अमेरिका पर लगाया 34 प्रतिशत टैरिफ

## स्पीड न्यूज



संसद जातीं हेमा मालिनी।

### भारत ने नेपाली वस्तुओं के आयात पर बैन हटाया

**काठमांडू।** भारत ने नेपाल में निर्मित सीमेंट, नालीदार चादरें और प्लाई लकड़ी सहित विभिन्न वस्तुओं पर भारतीय मानक प्रमाण पत्र ब्यूरो के नए सिरे से लगाए गए प्रतिबंध को हटा लिया है। बैंकाक में शुक्रवार की शाम को दोनों देशों के प्रधानमंत्री की साइडलाइन मुलाकात से पहले भारत की तरफ से प्रतिबंध को हटाना सकारात्मक संकेत माना जा रहा है।

### दरभंगा से अकासा एयर की उड़ान शुरू

**नयी दिल्ली।** एयरलाइन कंपनी अकासा एयर ने शुक्रवार को बिहार के दरभंगा से उड़ान शुरू की और यह कंपनी का 28वां गंतव्य है। इसके साथ ही विमानन कंपनी का बिहार में आगमन हो गया है। अकासा एयर दिल्ली के रास्ते हैदराबाद व दरभंगा के बीच रोजाना उड़ानें संचालित करेगी, जिसके लिए दिल्ली में विमान बदलने की जरूरत नहीं होगी।

### बांग्लादेश में निष्पक्ष चुनाव होगा : युनूस

**बैंकॉक/ढाका ।** बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद युनूस ने शुक्रवार को कहा कि देश में चुनाव कराना उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में उन्होंने कहा कि मैंने अपने लोगों को आश्वासन दिया है कि एक बार चुनाव कराने के मामले में हमारा जनादेश पूरा हो जाने के साथ-साथ आवश्यक सुधार हो जाने के बाद हम स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव करायेंगे।

### नौसेना के शीर्ष कमांडरों का सम्मेलन आज से

**नयी दिल्ली।** नौसेना के शीर्ष कमांडरों का सम्मेलन शनिवार से शुरू हो रहा है जिसमें भविष्य की चुनौतियों के साथ साथ नौसेना के महत्वपूर्ण रणनीतिक, संचालन और प्रशासनिक मुद्दों पर विस्तार चर्चा की जायेगी। नौसेना ने शुक्रवार को बताया कि पांच दिन का यह सम्मेलन दो चरणों में हो रहा है और पहला चरण शनिवार को एक दिन के लिए कारवाड़ नौसेना स्टेशन पर होगा जबकि दूसरा चरण 7 से 10 अप्रैल तक यहां राजधानी दिल्ली में होगा। सम्मेलन हिंद महासागर क्षेत्र में ह्यपसंदीदा सुरक्षा भागीदार के रूप में भारत की भूमिका पर जोर देने पर केन्द्रीत रहेगा।

### चार नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में 20 लाख के इनामी चार नक्सलियों ने शुक्रवार को आत्मसमर्पण किया। पीएलजीए बटालियन नंबर 01 और पश्चिम बस्तर डिवीजन में कंपनी नंबर दो में सक्रिय 02 हार्डकोर सहित 04 नक्सलियों ने आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बिना हथियार आत्मसमर्पण किया।

### नांडेड़ः कुएं में गिरा ट्रैक्टर सात महिलाओं की मौत

**मुंबई।** नांदेड़ जिले के आसेगांव में शुक्रवार की सुबह एक ट्रैक्टर के कुएं में गिर जाने से सात महिला मजदूरों की मौत हो गई और तीन घायल हो गईं। कलेक्टर राहुल कर्डिले ने शुक्रवार शाम बताया कि बचाव अभियान पूरा हो गया है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घायलों का सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

---

एजेंसी

**वाशिंगटन/नयी दिल्ली/ बीजिंग।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ताजा टैरिफ के जवाब में शुक्रवार को बीजिंग ने अपने टैरिफ की घोषणा की। चीन ने कहा कि वह 10 अप्रैल से अमेरिका से आयातित सभी वस्तुओं पर 34 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। ट्रंप के 48 घंटे पहले लागू किए टैरिफ से अमेरिकी और भारतीय शेयर बाजार में जबरदस्त गिरावट दर्ज की गई। भारत में बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। अमेरिकी मीडिया की खबरों के अनुसार टैरिफ लगाने की घोषणा के बाद गुरुवार को अमेरिकी शेयर बाजार में जबरदस्त गिरावट दर्ज की गई। डाउ जोंस इंडस्ट्रियल एवरेज 1,400.87 अंक (3.32 फीसद लुढ़ककर 40,824.45 पर बंद हुआ। टेक हैवी नैसडाक 903.44 अंक (5.13 फीसद) गिरकर 16,697.60 और एसएंडपी 500 इंडेक्स 232.04 अंक (4.09 प्रतिशथ) गिरकर 5,439.73 पर आ गया। यही नहीं, पिछले ट्रेडिंग सेशन में एप्पल के शेयर 9.5 प्रतिशत लुढ़क गए । इसकी वजह चीन से आयात पर कुल 54 प्रतिशत टैरिफ को बताया गया है। आशंका जताई गई है कि अमेरिका में एप्पल के आईफोन की कीमत में इजाफा हो सकता है। इसकी कीमत लगभग 1.97 लाख रुपये तक पहुंच सकती है। इस टैरिफ ने ग्लोबल ट्रेड वॉर और आर्थिक मंदी की आशंका बढ़ा दी है।

इस आशंका के बीच गुरुवार को एसएंडपी 500 इंडेक्स से निवेशकों की वेल्थ करीब 2.5 लाख करोड़ डॉलर घट गई। रिस्क वाले एसेट्स से पैसे निकालकर निवेशक सरकारी बॉन्ड में पैसा लगा रहे हैं। कुछ महीनों पहले ट्रंप प्रशासन की कारोबारी नीतियों की उम्मीद में शेयर बाजार रिकॉर्ड ऊंचाई पर था, लेकिन अब तस्वीर उलट गई।

ऑटो निर्माता स्टेलांटिस ने कहा कि वह अस्थायी रूप से अमेरिका में कर्मचारियों की छंटनी करेगा और कनाडा और मेक्सिको में अपने प्लांट्स को बंद करेगा। जनरल मोटर्स ने कहा कि वह अमेरिका में उत्पादन बढ़ाएगी। कैपिटल अल्फा के फाउंडर पार्टनर जेम्स लुसियर ने कहा उन्हें ऐसा लगता है कि टैरिफ की योजना सोच-समझकर नहीं बनाई गई। अमेरिका प्रमुख अर्थशास्त्रियों का कहना है कि टैरिफ से संयुक्त राज्य अमेरिका में मंदी का खतरा बढ़ गया है। एक औसत अमेरिकी परिवार का खर्च हजारों डॉलर तक बढ़ सकता है।

चीन ने शुक्रवार को कहा कि वह 10 अप्रैल से अमेरिका से आयातित सभी वस्तुओं पर 34 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। चीन ने सीधे कहा कि ऐसा करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बाध्य किया। इससे पहले बुधवार को ट्रंप ने अमेरिका में आयातित सभी चीनी वस्तुओं पर अतिरिक्त 34 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। चीन के स्टेट काउंसिल टैरिफ कमीशन ने जवाबी टैरिफ की घोषणा करते हुए कहा कि अमेरिका का यह व्यवहार अंतरराष्ट्रीय व्यापार नियमों के अनुरूप नहीं है। यह चीन के वैध अधिकारों और हितों को गंभीर रूप से कमजोर करता है और यह एकतरफा धमकाने वाला व्यवहार है। जनवरी में सत्ता में लौटने के बाद से ट्रंप ने पहले ही सभी चीनी आयातों पर 10 फीसद अतिरिक्त शुल्क की दो किश्तें लगाईं। व्हाइट हाउस ने कहा कि यह देश से अमेरिका में अवैध फेंटेनाइल के प्रवाह को रोकने के लिए आवश्यक था।

## अमेरिकी और भारतीय शेयर बाजार में भारी गिरावट

- डाउ जोंस एवरेज 1400 अंक लुढ़ककर 40,824 पर बंद
- एप्पल के शेयर 9.5 % लुढ़के
- निवेशकों की वेल्थ करीब 2.5 लाख करोड़ डॉलर घटी

### सेंसेक्स 931 और निफ्टी 346 अंक लुढ़का

एजेंसी



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार को भारी गिरावट दर्ज की गई। ट्रंप के नए टैरिफ प्रस्तावों और संभावित ट्रेड वॉर को लेकर चिंताओं के कारण बाजार टूट गया। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स गिरावट के साथ 76,160 अंक पर खुला। कारोबार के दौरान इंडेक्स 75,240.55 अंक तक फिसला। आखिर में सेंसेक्स 930.67 अंक (1.22 प्रतिशत) गिरकर 75,364.69 पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी लाल निशान में खुला। कारोबार के दौरान यह 22,857.45 तक चला गया । अंत में 345.65 अंक (1.49 प्रतिशत) की बड़ी गिरावट के साथ 22,904.45 पर बंद हुआ। बाजार में गिरावट की वजह से निवेशकों को भारी नुकसान हुआ। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप बाजार बंद होने के समय घटकर 4,03,83,671 करोड़ रुपये पर आ गया। यह गुरुवार को बाजार बंद होने के बाद 414,16,218 करोड़ रुपये था। यानी निवेशकों की वेल्थ 10,32,547 करोड़ रुपये घट गई।

## ट्रेड वॉर से विश्व के 500 अमीरों को लगा 17.73 लाख करोड़ का चूना

**नयी दिल्ली।** अमेरिका की नई टैरिफ पॉलिसी से दुनिया भर के स्टॉक मार्केट में हड़कंप मचा हुआ है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के अनुसार ग्लोबल लेवल पर बाजारों में आई जोरदार गिरावट के कारण विश्व के टॉप 500 अमीरों की दौलत में 20.80 हजार करोड़ डॉलर यानी करीब 17.73 लाख करोड़ रुपये की कमी आ गई। बताया जा रहा है कि कोरोना महामारी के बाद एक दिन में दौलत में आई ये सबसे बड़ी गिरावट है, जबकि पिछले 13 साल के इतिहास में एक दिन में ये चौथी सबसे बड़ी गिरावट है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के आंकड़ों के अनुसार बाजार में आई जोरदार गिरावट के कारण सबसे अधिक नुकसान मेटा (फेसबुक) के फाउंडर मार्क जुकरबर्ग को हुआ है। उनकी दौलत 1 दिन में ही करीब 17.9 अरब डॉलर यानी करीब 9 प्रतिशत घट कर 189 अरब डॉलर के स्तर पर आ गई। इस साल जनवरी से लेकर फरवरी के मध्य तक मेटा के मार्केट कैप में करीब 35 हजार डॉलर की बढ़ोतरी हुई थी, लेकिन फरवरी के दूसरे पखवाड़े से लेकर अभी तक यह कंपनी लगातार गिरावट का सामना कर रही है। इस अवधि में मेटा के शेयर करीब 28 प्रतिशत तक टूट चुके हैं।

दुनिया भर के बाजारों में आई गिरावट के कारण नुकसान झेलने वालों में दूसरा स्थान अमेजॉन के फाउंडर जैफ बेजॉस का है। अमेजॉन के शेयर गुरुवार के कारोबार में 9 प्रतिशत से अधिक की गिरावट का शिकार हो गए।

# बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करे सरकार : मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में बिम्सटेक शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार प्रो. मोहम्मद यूनुस से मुलाकात की। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने बांग्लादेश में हिंदुओं एवं अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा पर भारत की चिंताओं को भी रेखांकित किया। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि दोनों देशों के बीच महौल खराब करने वाली किसी भी बयानबाजी से बचा जाना चाहिए।

विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने पत्रकार वार्ता में बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने प्रो यूनुस से आग्रह किया कि वे बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करें और उनपर हुए अत्याचार के मामलों की जांच करें। विदेश सचिव के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी ने लोकतांत्रिक, स्थिर, शांतिपूर्ण, प्रगतिशील और समावेशी बांग्लादेश के प्रति भारत के समर्थन को दोहराया। उन्होंने मुख्य सलाहकार यूनुस को भारत की बांग्लादेश के साथ एक सकारात्मक और रचनात्मक संबंध बनाने की इच्छा को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि सीमा पर शांति और सुरक्षा के लिए जरूरी है कि कानून का सख्ती पालन हो और अवैध तौर पर सीमा पार करने पर रोक लगे।

### मुख्य सलाहकार यूनुस से मिले प्रधानमंत्री



### बिम्सटेक अब आर्थिक सहयोग बढ़ाने का भी काम करे : प्रधानमंत्री

बैंकॉक। भारत ने बिम्सटेक देशों में परस्पर आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए 21 सूत्रीय कार्ययोजना शुक्रवार को पेश की और इस मंच को कनेक्टिविटी के विस्तार के साथ ही सांस्कृतिक बुनियाद पर परस्पर व्यापार एवं डिजीटल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने का प्रस्ताव किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में बिम्सटेक देशों के बीच सहयोग के विभिन्न पहलुओं को शामिल करते हुए एक 21 सूत्री कार्य योजना का प्रस्ताव रखा। उन्होंने बिम्सटेक देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा देने और आईटी क्षेत्र की समृद्ध क्षमता का लाभ उठाने का आग्रह किया। उन्होंने म्यांमार और थाईलैंड में हाल ही में आए भूकंप के मद्देनजर आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में मिलकर काम करने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

### डीआरडीओ व सेना ने किया मध्यम दूरी की मिसाइल का परीक्षण

**नयी दिल्ली ।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और सेना ने ओडिशा के तट से डॉ एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल का सफल परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार शुक्रवार और शनिवार को तेज गति के हवाई लक्ष्यों के खिलाफ मिसाइल के चार ऑपरेशनल फ्लाइट-ट्रायल किए गए। मिसाइलों ने हवाई लक्ष्यों को इंटरसेप्ट कर उन्हें नष्ट कर दिया। परीक्षण लंबी दूरी, छोटी-दूरी, अत्यधिक ऊंचाई और कम ऊंचाई पर चार लक्ष्यों को निशाना बनाकर किये गये थे। इससे सेना की संचालन क्षमता प्रमाणित हुई है। हथियार प्रणाली के प्रदर्शन को एकीकृत टेस्ट रेंज, चांदीपुर द्वारा तैनात रैंडर और इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम जैसे रेंज इंस्ट्रूमेंट्स द्वारा कैप्चर किए गए फ्लाइट डेटा के माध्यम से प्रमाणित किया गया। ये परीक्षण डीआरडीओ और सेना के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किए गए। इन परीक्षणों ने सेना की परिचालन क्षमता को साबित कर दिया है और दो रेजिमेंटों में हथियार प्रणालियों के संचालन का मार्ग प्रशस्त किया है।

# रेलवे की चार मल्टीट्रैकिंग परियोजनायें हुयीं स्वीकृत

### कैबिनेट का फैसला

- 18658 करोड़ से 1247 किमी बनेगा रेल लाइन
- संबलपुर- जरापदा तीसरी व चौथी लाइन, झारसुगुड़ा-सासोन तीसरी और चौथी लाइन को भी मिली मंजूरी
- अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे गांवों के विकास के लिए वाइब्रेंट विलेज-2 को मंजूरी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने 18,658 करोड़ रुपये की लागत वाली रेल मंत्रालय की चार परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। तीन राज्यों महाराष्ट्र, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के 15 जिलों को कवर करने वाली ये परियोजनाएं भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क को लगभग 1247 किलोमीटर तक बढ़ा देंगी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को राष्ट्रीय मीडिया केंद्र (एनएमसी) में पत्रकारों को कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि आज जिन परियोजनाओं को मंजूरी मिली है उनमें संबलपुर- जरापदा तीसरी और चौथी लाइन, झारसुगुड़ा-सासोन तीसरी और चौथी लाइन, खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा 5वीं और 6वीं लाइन और गोंदिया-बल्हारशाह दोहरीकरण शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के लिए पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का परिणाम हैं। यह एकीकृत योजना के माध्यम से संभव हो पाया है और लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेंगी। उन्होंने कहा कि बढ़ी हुई लाइन क्षमता से गतिशीलता में सुधार होगा। ये मल्टी-ट्रैकिंग प्रस्ताव परिचालन को आसान बनाएंगे और भीड़भाड़ को कम करेंगे। वैष्णव ने कहा कि इन परियोजनाओं के साथ 19 नए स्टेशनों का निर्माण किया जाएगा, जिससे दो आकांक्षी जिलों (गढ़चिरौली और राजनांदगांव) की कनेक्टिविटी बढ़ेगी। मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना से लगभग 3350 गांवों और लगभग 47.25 लाख आबादी की कनेक्टिविटी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि खरसिया-परमलकासा रेलवे प्रोजेक्ट से छत्तीसगढ़ में वंदेभारत, मेल और एक्सप्रेस आदि नई ट्रेनों की मांग पूरी हो सकेगी। यह 8741 करोड़ रुपये की परियोजना है। इसमें 21 स्टेशन, 48 ब्रिज, 349 छोटे ब्रिज, 14 फ्लाईओवर, 184 अंडरपास, 5 रेल फ्लाईओवर हैं। पूरे रेल नेटवर्क पर भीड़ कम करने के मद्देनजर यह बहुत महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है। उन्होंने कहा कि खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा मार्ग से बलौदा बाजार जैसे नए क्षेत्रों को सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी, इससे क्षेत्र में सीमेंट संयंत्रों सहित नई औद्योगिक इकाइयों की स्थापना की संभावनाएं बनेंगी। सरकार ने सीमाओं पर बसे गांवों के विकास के लिए वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम -2 को मंजूरी दी है। इसमें 6,839 करोड़ रुपये का परिव्यय आयेगा। इसे अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, गुजरात, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम, त्रिपुरा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और बंगाल के चुनिंदा गांवों में होगा लागू।

# भूमि सुधार विभाग में एक हजार से अधिक पदों पर होगी नियुक्ति

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में एक हजार से अधिक पदों पर जल्द नियुक्ति होगी। विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, कानूनगो एवं अमीन के अलावा कुछ अन्य पदों पर भी नियुक्ति होने जा रही है। मालूम हो कि पिछले साल विशेष भूमि सर्वेक्षण के लिए 10 हजार लोगों की नियुक्ति हुई थी। यह संविदा पर थी। इनमें से करीब एक हजार लोगों

### बिहार में सबसे अधिक अमीन की जल्द होगी बहाली

को पक्की सरकारी नौकरी मिल गई तो इस विभाग से त्याग पत्र देकर चले गए। सूत्रों ने बताया कि इन नियुक्तियों के लिए अलग से प्रक्रिया शुरू नहीं होगी। सबसे अधिक रिक्ति अमीन की है। बड़ी संख्या जूनियर इंजीनियर अमीन के पद पर नियुक्ति हुए थे। ये स्थायी सेवा में चले गए।


# लेबनान में हमास कमांडर ढेर

एजेंसी

**बेरूत/गाजा पट्टी ।** इजराइली सेना ने दक्षिणी लेबनान के सिडोन क्षेत्र में ड्रोन हमला करके आतंकवादी समूह हमास कमांडर हसन फरहत को मार गिराने का दावा किया है। आज तड़के शहर के दलाआ इलाके में हुए इस हमले में फरहत के बेटे और बेटी की भी मौत हो गई। हसन फरहत लेबनान में हमास के पश्चिमी क्षेत्र का कमांडर था। वह

### इजरायल ने गाजा के शेजाया में शुरू किया जमीनी हमला

इजराइल के खिलाफ लंबे समय से साजिश रचता रहा है। इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' पर जानकारी दी कि कुछ घंटे पहले सैनिकों ने उत्तरी गाजा के शेजाया क्षेत्र में जमीनी हमला शुरू कर दिया है। इस दौरान सैनिकों ने हमास के कई आतंकवादियों को खत्म कर उसके बुनियादी ढांचे को नष्ट कर दिया। हमास के एक कमांड सेंटर और एक कंट्रोल सेंटर को मिट्टी में मिला दिया गया।



# संसद ने बनाया नया रिकॉर्ड, 17 घंटे से अधिक चली चर्चा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** संसद के बजट सत्र 2025 ने एक नया रिकॉर्ड बनाया, जहां राज्यसभा में 17 घंटे से अधिक समय तक चर्चा चली। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी जानकारी दी। इस सत्र को ऐतिहासिक और बेहद उत्पादक बताते हुए उन्होंने लोकसभा और राज्यसभा के सदस्यों, स्पीकर, अध्यक्ष और सभी राजनीतिक दलों का आभार व्यक्त किया। रिजिजू ने बताया कि राज्यसभा में 17 घंटे 2 मिनट तक चर्चा हुई, जो संसदीय इतिहास में सबसे लंबी बहस रही। यह बहस 3 अप्रैल को सुबह 11 बजे शुरू हुई और 4 अप्रैल को तड़के 4:02 बजे समाप्त हुई। इससे पहले, 1981 में 15 घंटे 51 मिनट की सबसे लंबी चर्चा हुई थी। इस बार खास बात यह रही कि पूरी बहस बिना किसी व्यवधान के चली। रिजिजू ने इसे लोकतंत्र के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। लोकसभा में भी इस सत्र के दौरान 13 घंटे से अधिक समय तक महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। इसमें रेलवे, ऊर्जा, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय से जुड़ी अनुदान मांगों पर विचार-विमर्श हुआ। वहीं, राज्यसभा में शिक्षा, रेलवे, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण और गृह मंत्रालय के कार्यों पर बहस हुई।रिजिजू ने कहा कि इस सत्र में सभी दलों के नेताओं ने नियमों और परंपराओं का पालन करते हुए चर्चा की। इस दौरान सरकार की आलोचना भी हुई, लेकिन सभी मुद्दों पर स्वस्थ बहस हुई और कोई व्यवधान नहीं आया। उन्होंने संसद को सुचारू रूप से संचालित करने में सहयोग देने वाले सभी अधिकारियों और मंत्रियों का धन्यवाद किया। रिजिजू ने कहा कि यह सत्र हमारे लोकतंत्र की मजबूती को दर्शाता है। सरकार सभी सुझावों और आलोचनाओं का स्वागत करती है और बेहतर कार्यप्रणाली के लिए तत्पर है। लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा सभापति ने भी इस सत्र की सराहना की है। बजट सत्र 2025 ने संसदीय इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ा है। इस सत्र की सफलता को लेकर रिजिजू ने कहा कि इसे तोड़ना आसान नहीं होगा। उ पहले सत्र के पहले भाग के दौरान लोकसभा और राज्यसभा की कुल 9 बैठकें हुईं और दूसरे भाग के दौरान दोनों सदनों की 17 बैठकें हुईं। इस तरह पूरे बजट सत्र के दौरान कुल 26 बैठकें हुईं। रिजिजू ने बताया कि 31 जनवरी को राष्ट्रपति ने दोनों सदनों की समवेत बैठक को संबोधित किया था। इस मद पर लोकसभा में 12 घंटे के आवंटित समय के मुकाबले 17 घंटे 23 मिनट चर्चा हुई, जिसमें 173 सदस्यों ने भाग लिया। राज्यसभा में 15 घंटे के आवंटित समय के मुकाबले 21 घंटे 46 मिनट तक चर्चा हुई, जिसमें 73 सदस्यों ने भाग लिया। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट 01 फरवरी को पेश किया गया।



### बजट सत्र 2025

**राज्यसभा में 17 घंटे 2 मिनट तक चर्चा हुई,संसदीय इतिहास में सबसे लंबी बहस रही : रिजिजू**